भोपाल
मंगलवार, 8 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष–11
वर्ष : 12, अंक : 07
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 49
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



12 अनुष्का: कोरियन डांसर के साथ किया...

विचार पेज
08 क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने का वक्त

## दमोह के मिशन अस्पताल में 'फर्जी डॉक्टर' केस में एक्शन

# 7 मरीजों को मारने वाले फर्जी डॉक्टर को प्रयागराज से दबोचा

**बाल कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने की थी शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/दमोह

दमोह के स्थित मिशन अस्पताल में फर्जी डॉक्टर केस में दमोह पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 7 मरीजों को मारने वाला यह डॉक्टर एन जॉन केम (वास्तविक नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव) सोमवार को प्रयागराज से दबोच लिया गया। दमोह एसपी श्रुति कीर्तिसोमवंशी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। उसने 8 लोगों की दिल की सर्जरी कर डाली थी। जबकि, उसके पास डॉक्टरी की कोई डिग्री नहीं है। इनमें से 7 की सर्जरी के ▶▶शेष पेज 6 पर



एन जॉन केम

### मानवाधिकार आयोग की टीम ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

### सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन पर शक की सुई, उन्होंने नहीं की थी कोई छानबीन

**तैयार करवाए थे फर्जी दस्तावेज**

फर्जी डॉक्टर ने ब्रिटेन के मशहूर डॉ. एन जॉन केन के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए थे और उन्हें मिशन अस्पताल दमोह में दिखाए, जबकि इसका वास्तविक नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है, फिर एक और रहस्य उजागर हुआ कि इस फर्जी डॉक्टर ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में अपोलो हॉस्पिटल में भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी ▶▶शेष पेज 6 पर



**कल दोपहर तक सारे दस्तावेज इकट्ठा करेगी टीम**

मानवाधिकार आयोग की तीन सदस्यीय टीम सोमवार को दमोह पहुंची। सर्किट हाउस में इस टीम के सदस्यों ने मृत लोगों के परिजनों से मुलाकात की और पूरी जानकारी ली, साथ ही कलेक्टर, एसपी सीएमएचओ ▶▶शेष पेज 6 पर

**जबलपुर में भी आया फर्जी डिग्री का मामला**

### भाजपा नेता शुभम अवस्थी पर एफआईआर दर्ज

*जबलपुर। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने रविवार रात भाजपा नेता शुभम अवस्थी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई जिला कोर्ट के आदेश पर की गई है। आरोप है कि शुभम अवस्थी ने कोरोना काल में आपदा के समय फर्जी डिग्री के आधार पर जिला अस्पताल में सरकारी डॉक्टर बनकर काम किया। वह कोरोना संक्रमण काल* ▶▶शेष पेज 6 पर





### दमोह मिशन अस्पताल के मामले में सीएम डॉ. मोहन यादव का बड़ा बयान

**आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा, ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई होगी**

भोपाल। दमोह मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त लहजे में कहा है कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घटना हमारी जानकारी में है। हमारी सरकार उस पर कठोर कार्रवाई कर रही है। हम ऐसे मामलों में त्वरित एक्शन लेते हैं। हमारी सरकार की अपनी साख है। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि हमने अधिकारियों को ऐसे अन्य मामलों में भी जांच के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग कठोर कार्रवाई करेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

**IPL आज का मुकाबला**
कोलकाता – लखनऊ
दोपहर 3.30 बजे से
पंजाब – चेन्नई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### शख्स ने चुराए जरूरत के पैसे, लेटर में मांगी माफी

**खरगोन।** जिले में चोरी की अजीबो-गरीब घटना हुई। यहां चोर ने एक दुकान से पैसे चुराए। चोरी के बाद वो वहां एक लेटर छोड़ गया। लेटर में दुकानदार से माफी मांगी। साथ ही अपनी मजबूरी बताते हुए ये वादा किया कि वो पैसे लौटा देगा। घटना शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की है। चोर ने जमींदार मोहल्ला स्थित बोहरा समाज के जूज़र भाई की दुकान से ढाई लाख चोरी किए। जबकि 50 हजार रुपए दुकान में ही छोड़ दिए।



### चप्पल पहनकर कार चलाने पर रोक

**देहरादून।** चारधाम यात्रा 2025 से पहले उत्तराखंड सरकार और परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर कमर कस ली है। यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग ने एक एक्शन प्लान तैयार किया है। इस बार यात्रा मार्ग पर वाहन चलाते समय चप्पल या सैंडल पहनकर गाड़ी चलाना प्रतिबंधित कर दिया गया है। केवल जूते या बूट पहनकर ही वाहन चला सकेंगे।



## 1 घरेलू गैस सिलेंडर 50 रु. महंगा, अब 858.50 रु. में मिलेगा

# झटकों का 'सोमवार'

### भोपाल जिले के साढ़े 8 लाख लोगों पर और उज्ज्वला योजना की 2 लाख गृहिणियों पर महंगाई की मार

> केंद्रीय पेट्रोलियम और गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया घरेलू सिलेंडर मूल्यवृद्धि का ऐलान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मध्यप्रदेश सहित देशभर में घरेलू एलपीजी के सक्रिय उपभोक्ताओं की संख्या 32.94 करोड़ और 10.33 करोड़ उपभोक्ता प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थी हैं। अब इन सभी उपभोक्ताओं पर लाभार्थियों पर 14.2 किलोग्राम का घरेलू सिलेंडर लेने पर 50 रुपए का अधिभार पड़ेगा। यह अधिभार 8 अप्रैल यानि मंगलवार से पड़ेगा। क्योंकि, केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपए का इजाफा किया है। यह मूल्यवृद्धि 1 साल के बाद हुई है। आखिरी बार गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव 9 मार्च 2024 को हुआ था। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा सोमवार को जारी बयान के बाद घरेलू सिलेंडर मूल्यवृद्धि चर्चा का विषय बना रहा है। भोपाल में अभी तक 808.50 रुपए में मिलने वाला 14.2 किलोग्राम का घरेलू सिलेंडर अब 8 अप्रैल से 858.50 रुपए के दाम पर मिलेगा। ▶▶पढ़ें पेज 14 भी

**देश में एलपीजी के उपभोक्ताओं की संख्या 32.94 करोड़**


### यह मूल्यवृद्धि एक साल के बाद हुई है। आखिरी बार गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव 9 मार्च 2024 को हुआ था

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों के हिसाब से इसमें बदलाव किया जाएगा



### इधर राहत: 2 रु. लीटर की बढ़ोतरी, जनता पर नहीं पड़ेगा 'अतिरिक्त बोझ'

सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। यह फैसला वैश्विक तेल कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के ऐलान के बीच लिया गया है। राहत की बात यह है कि उत्पाद शुल्क के बढ़ने से आम जनता पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगीं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई। आदेश में कहा गया है कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 13 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है।



### अब गैस की कीमतों की समीक्षा हर 15 दिन में की जाएगी

*मंत्री ने हरदीप सिंह पुरी के बयान के मुताबिक यह बढ़ोतरी आम लोगों के साथ-साथ उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों पर भी असर डालेगी। उज्ज्वला योजना के तहत जिन लोगों को सब्सिडी मिलती है, उनके लिए सिलेंडर की कीमत अब 553 रुपए होगी। वहीं, जिनके पास यह सब्सिडी नहीं है, उन्हें 858.50 रुपए चुकाने होंगे। उन्होंने कहा कि अब गैस की कीमतों की समीक्षा हर 15 दिन में की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों के हिसाब से इसमें बदलाव किया जाएगा। यानी, अगर दुनिया में तेल और गैस के दाम बढ़ेंगे या घटेंगे, तो उसका असर हमारे देश में भी दिखेगा। जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपए की भरपाई करना है। जो उन्हें गैस के कारण नुकसान के रूप में हुआ है*

## 2 टैरिफ वार से वैश्विक शेयर बाजारों को खरबों डॉलर का नुकसान, जापान, चीन और भारत पर भारी असर

**सेंसेक्स में 3000 और निफ्टी में 900 अंक की गिरावट**

# एक दिन में 19.4 लाख करोड़ स्वाह

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनियाभर में टैरिफ लगाने के बाद मार्केट में भूचाल आ गया है। भारत समेत लगभग हर देश की स्टॉक मार्केट धड़ाम हो गए। बात अगर भारत की करें तो यहां सेंसेक्स में 3000 से ज्यादा और निफ्टी में 900 अंक से ज्यादा की गिरावट आई। वहीं ट्रंप ने टैरिफ को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ एक खूबसूरत चीज है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकियों को यह बात किसी दिन समझ जरूर आएगी। वहीं, ट्रंप की इस खूबसूरत चीज यानी टैरिफ के कारण सोमवार को भारतीय शेयर मार्केट के निवेशकों को 19 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक देशों ने टैरिफ हटाने के लिए बातचीत शुरू करने में रुचि दिखाई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका को चीन, यूरोपीय संघ और कई अन्य देशों के साथ भारी वित्तीय घाटा है।

■ 50 से अधिक देशों ने टैरिफ हटाने के लिए बातचीत शुरु की



### टैरिफ को बताया समस्या का समाधान

ट्रंप ने कहा कि चीन, यूरोपीय संघ और कई अन्य देशों के साथ हमारा भारी वित्तीय घाटा है। इस समस्या को ठीक करने का एकमात्र तरीका टैरिफ है। इससे अमेरिका में अरबों डॉलर आ रहे हैं। यह पहले से ही लागू है और देखने में बहुत खूबसूरत है। ट्रंप ने यह भी कहा कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल के दौरान इन देशों के साथ सरप्लस बढ़ा है, हम इसे उलट देंगे और जल्दी से उलट देंगे। किसी दिन लोगों को एहसास होगा कि अमेरिका के लिए टैरिफ एक बहुत ही खूबसूरत चीज है।

**2 अप्रैल को की थी टैरिफ की घोषणा**

*ट्रंप ने 2 अप्रैल को अमेरिकी व्यापार संबंधों को सुधारने और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई टैरिफ लगाए। 2 अप्रैल को लिबरेशन डे कहा गया। इस दिन अमेरिका में आने वाले सभी सामानों पर टैरिफ लगा दिया था। 57 खास ट्रेडिंग पार्टनर्स के लिए यह दर काफी ज्यादा थी। इनमें चीन, कनाडा और मैक्सिको जैसे देश शामिल थे।*

**सबसे गर्म नर्मदापुरम : पारा 44.3 डिग्री**

## तेज गर्मी...6 जिलों में लू, भोपाल में आज 'चलेगी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेशभर में जारी गर्मी का सिलसिला सोमवार को और तेजी पकड़ गया। इससे 6 जिलों में लू चली और प्रदेशभर में तेज गर्मी का असर रहा। भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में मंगलवार को लू चलने की पूरी संभावना है। अप्रैल के पहले सप्ताह में गर्मी का ऐसा टॉर्चर भोपाल में दो साल के बाद रहा ▶▶शेष पेज 6 पर

■ भोपाल में दो साल का सबसे गर्म दिन 41.7 डिग्री पर



कमला पार्क शाम 6:30

### अब सुबह 7:30 से दोपहर 12 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर ने स्कूलों के समय में बदलाव के आदेश जारी किए हैं। जिले की सभी शासकीय, अशासकीय, नवोदय विद्यालय और सीबीएसई बोर्ड की शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 1 से 12 तक के लिए स्कूल का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया ▶▶शेष पेज 6 पर

**भोपाल में ट्यूबवेल खनन पर रोक, उल्लंघन पर 2 साल तक की सजा**

**भोपाल।** भोपाल में गर्मी और गिरते भूजल स्तर को देखते हुए ट्यूबवेल खनन पर रोक लगा दी गई है। अब कोई भी व्यक्ति 30 जून तक भोपाल जिले में ट्यूबवेल नहीं खुदवा सकेगा। इस संबंध में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को आदेश जारी किया। मध्यप्रदेश पेयजल ▶▶शेष पेज 6 पर

### 2 से काम नहीं चलेगा, कम से कम 3-4 बच्चे पैदा करो

**उज्जैन।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज उज्जैन में हैं। वह यहां सिंहस्थ 2028 की तैयारी का जायजा लेने आए हैं। पत्रकारों से कहा कि उनके अनुयायियों को सिर्फ दो बच्चों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि कम से कम 3 या 4 बच्चे पैदा करना चाहिए। इनमें से एक बच्चे को संन्यास के मार्ग पर लाना चाहिए।



■ रविंद्र पुरी महाराज की सलाह



**कोर्ट ने कहा ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं, दायर याचिका का निपटारा किया**

**मप्र में ओबीसी को बड़ी राहत**

## ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्य प्रदेश में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27% आरक्षण देने के रास्ते को सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दिखा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

यह फैसला 2018 में तब की कमलनाथ सरकार द्वारा 14% से बढ़ाकर 27% आरक्षण किए जाने के बाद दायर याचिकाओं पर आया है। इससे मध्य प्रदेश में ओबीसी समुदाय को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है।

ऐसे में प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। याचिका में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी। मप्र हाई कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सभी 75 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ▶▶शेष पेज 6 पर

**32वीं बटालियन के प्रधान आरक्षक की हत्या**

## लाश को ठिकाने लगाने जा रहे आरोपियों को पकड़कर पीटा

**पुलिस ने 3 आरोपियों को हिरासत में लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतलाम

रतलाम जिले के रिंगनोद थाना क्षेत्र के ग्राम मोरिया के समीप रूपनिया डेम में एक व्यक्ति का शव ठिकाने लगाने जा रहे तीन व्यक्तियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उनकी पिटाई की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी व जवान मौके पर पहुंचे तथा तीनों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। मृतक की पहचान 32 वीं बटालियन के प्रधान आरक्षक गुलाबसिंह पंवार निवासी ग्राम डाबड़िया राजपूत थाना तराना जिला उज्जैन के रूप में हुई है। सोमवार सुबह जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर ग्राम मोरिया के समीप रूपनिया डैम में कुछ व्यक्ति ▶▶शेष पेज 6 पर



### इंदौर में ड्यूटी से घर लौट रहे आरक्षक को डंपर ने कुचला

इधर, इंदौर की स्कीम-136 में एक तेज रफ्तार डंपर ने ड्यूटी कर अपने घर लौट रहे पुलिस आरक्षक की जान ले ली। टक्कर के बाद बाइक डंपर के अगले पहिए में फंस गई और आरक्षक सहित बाइक को 20 फीट तक डंपर घसीटते हुए ले गया। चालक डंपर छोड़कर भाग गया। घटना इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र की है। आरक्षक अजय शर्मा की ड्यूटी देवास नाका चौराहे पर लगी थी।

**केंद्रीय गृह मंत्री शाह के 12-13 अप्रैल के दौरे से पहले मुख्यमंत्री ने की नक्सल मूवमेंट व कानून व्यवस्था की समीक्षा**

# बीएनएस के क्रियान्वयन में मप्र देशभर में 'अव्वल'

### कहा- नए आपराधिक कानूनों, धाराओं और प्रक्रियाओं की जानकारी जन-जन को कराएं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मप्र दौरे से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय प्रणाली (बीएनएस) के क्रियान्वयन, कानून-व्यवस्था, नक्सल मूवमेंट की सघन समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संतोष की बात है कि बीएनएस के क्रियान्वयन में मप्र देश भर में पहले स्थान पर है। नक्सल मूवमेंट पर लगभग अंकुश लग चुका है। कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित ▶▶शेष पेज 6 पर

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए न्यायश्रुति सॉफ्टवेयर**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस, जेल, अभियोजन, न्यायिक एवं फॉरेंसिक कर्मियों के बीच अद्यतन तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। अचल संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ राजस्व का अमला सजग और सतर्क रहे। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों सहित जिन क्षेत्रों में भूमि की दरें तेजी से ▶▶शेष पेज 6 पर

### गृह मंत्री शाह मप्र के दो दिनी दौरे पर 12 को आएंगे

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मप्र के अपने दो दिनी दौरे पर 12 अप्रैल को भोपाल आ रहे हैं। वे बीएनएस के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। शाह रात्रि विश्राम भी भोपाल में ही करेंगे। यहां से वे दूसरे दिन इंदौर जाएंगे। इसके बाद वे नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे।*

## राजधानी के छोटे तालाब शीतलदास की बगिया व अन्य घाटों पर किए जवारे विसर्जित

# चैत्र नवरात्रि के समापन पर ढोल-बाजों के साथ जगह-जगह निकले जवारे और चल समारोह, माता की झांकियों का पूजा-अर्चना कर किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र नवरात्रि के समापन के बाद सोमवार को राजधानी में कई जगह चल समारोह निकाला गया। इस दौरान छोटे तालाब, शीतलदास की बगिया व घाटों पर मूर्ति व जवारों का विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण ढोल बाजों के साथ जय माता दी के नारे लगाते चल रहे थे। तो वहीं महिलाएं भजन गाती नजर आईं। उल्लेखनीय है कि राजधानी में चैत्र नवरात्रि पर एक दर्जन से अधिक जगहों पर माता रानी की झांकी सजाई गई थी।





### मां कालका महिषासुर मर्दनी के सौम्य स्वरूप में दिए दर्शन

बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में नवरात्रि उत्सव के समापन पर दशमी तिथि पर सुबह 10 बजे जवारे विसर्जन बरखेड़ी से जहांगीराबाद चौराहा होते हुए, काली घाट मंदिर पहुंची। सेवक प्रकाश मालवीय ने बताया कि विसर्जन में महिलाएं जवारे एवं कलश लेकर निकली एवं रात्रि में मां कालका सौम्य स्वरूप में श्रृंगार कर झूले में झुलाया गया। महिलाओं को सुहाग सामग्री वितरित कर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां कालका का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर दरबार के सुमित मालवीय, राहुल साहू, यश जैन, अजय रजक सहित सभी भक्त शामिल हुए।

### पहले सिंदूर खेला, फिर दी मां काली को विदाई

पहले माता रानी को गुलाल लगाया, पूजा-अर्चना की फिर महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस मौके पर मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की गई। मौका था कालीबाड़ी में आयोजित सिंदूर खेला कार्यक्रम का। परंपरानुसार नवरात्रि में दशमी पर कालीबाड़ी में बंगाली समाज की महिलाएं माता रानी को सिंदूर लगाती हैं और फिर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर आयुष्य, आरोग्य और सुख समृद्धि की कामना करती है। इसी परम्परा का निर्वाह करते हुए चैत्र नवरात्रि की दशमी पर भी बरखेड़ा स्थित कालीबाड़ी में सिंदूर खेला गया। यहां विराजमान मां की आकर्षक झांकी के सामने एकत्रित होकर महिलाओं ने माता रानी के जयकारों और देवी गीतों के साथ मां को सिंदूर अर्पित किया। कालीबाड़ी में चैत्र नवरात्रि पर बंगाली समाज का वसंत दुर्गा उत्सव मनाया गया।







## कामदा एकादशी आज, इस व्रत को करने से मिलता है मोक्ष

*भोपाल। चैत्र माह में रामनवमी के बाद शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को कामदा एकादशी के नाम से जाना जाता है। मंगलवार को यह व्रत रखा जाएगा। इस एकादशी को फलदा एकादशी भी कहा जाता है। मां चामुंडा दरबार के पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित इस व्रत को विधि विधान से करने से चैत्र माह में रामनवमी के बाद शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को कामदा एकादशी नाम से जाना जाता है। इस एकादशी को फलदा एकादशी भी कहा जाता है। भगवान श्री हरि विष्णु को समर्पित इस व्रत को विधि विधान से करने से समस्त पाप दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि एकादशी का व्रत सभी प्रकार की बुराइयों, अवगुणों से बचाता है। जो लोग इस व्रत का पालन करते हैं वे अपने अतीत और वर्तमान में हुए पापों से मुक्ति पा जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति करते हैं। कामदा एकादशी पर भगवान श्री हरि विष्णु को फल, फूल, दूध, पंचामृत, तिल आदि समर्पित करें। इस व्रत में हर पल भगवान विष्णु का स्मरण कर व्यतीत करें। इस व्रत में रात्रि में जागरण करें। द्वादशी के दिन ब्राह्मणों को भोजन कराएं और इसके बाद ही व्रत का पारण करें। भगवान श्री हरि की पूजा में पंचामृत एवं तुलसी के पत्ते का उपयोग अवश्य करें। द्वादशी को पूजा के बाद सामर्थ्य के अनुसार ब्राह्मण को भोजन कराएं और उन्हें दान दें। एकादशी व्रत में सभी प्रकार के अनाज का सेवन वर्जित है। जो लोग एकादशी व्रत नहीं रखते हैं, उन्हें एकादशी के दिन भोजन में चावल का प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा झूठ एवं पर निंदा से बचना चाहिए।*

## अमरनाथ यात्रा के लिए भोपाल के तीन बैंकों में 15 से होंगे बायोमेट्रिक के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

अमरनाथ यात्रा इस बार 3 जुलाई से शुरू होगी। यात्रा इस बार 38 दिन की ही होगी। 9 अगस्त को यह समाप्त हो जाएगी। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि भोपाल के तीन बैंकों एवं प्रदेश में 31 बैंकों की शाखाओं में 15 अप्रैल से बायोमेट्रिक के माध्यम से अमरनाथ यात्रा के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे। भोपाल में जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक, पंजाब नेशनल बैंक न्यू मार्केट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया न्यू मार्केट में होंगे। रजिस्ट्रेशन प्रदेश में 24 पंजाब नेशनल बैंक, 5 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, दो जम्मू कश्मीर बैंक की विभिन्न जिलों की ब्रांचों में होंगे। बैंकों के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का शुल्क 150/- प्रति व्यक्ति होगा। 13 वर्ष से 70 वर्ष के बीच के श्रद्धालु ही अमरनाथ यात्रा पर जा सकते हैं। रिंकू भटेजा ने बताया कि रजिस्ट्रेशन करने से पूर्व कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनवाना अनिवार्य होता है।

### शत-प्रतिशत नामांकन के लिए विभाग ने शुरू की तैयारी

# स्कूली शिक्षा: 2 माह के भीतर ड्रॉप-आउट की होगी पहचान, एजुकेशन पोर्टल-3.0 की मदद से प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग तथा परिणामों की समीक्षा के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने एजुकेशन पोर्टल-3.0 शुरू किया है। नवीन अकादमिक सत्र में सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर की जा रही है। इसके लिए स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। पोर्टल पर कक्षा-1 में संभावित पात्र विद्यार्थियों की सूची संबंधित शाला को उनके ग्राम और बसाहट के अनुसार प्रदर्शित की गई है। इस सुविधा से पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश कराने में सुलभता होगी।

शाला प्रभारी द्वारा सूची के अनुसार पालकों से सम्पर्क कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाया जाएगा। इस वर्ष नवीन पोर्टल पर सभी शालाओं एवं उनमें पदस्थ शिक्षकों को लॉग इन आईडी दी गई है। शाला प्रवेश के समय दस्तावेज के अभाव में किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाएगा। शैक्षणिक वर्ष के 2 माह के भीतर ड्रॉप-आउट की पहचान करना, जिनमें ऐसे छात्र, जिनकी पदोन्नति या प्रवेश की सूचना अगले शैक्षणिक वर्ष में नहीं दी गई है, उनकी पहचान कर उनका प्रवेश कराने की व्यवस्था की जाएगी। एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर सभी शासकीय और प्रायवेट स्कूलों के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसमें सभी बोर्ड जैसे एमपी बोर्ड, सीबीएसई, मदरसा बोर्ड और संस्कृत बोर्ड के अंतर्गत संचालित शालाएं, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल और नवोदय विद्यालय हैं।

**स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम तैयार**



### संबंधित शिक्षक या स्कूल की आईडी भी दर्ज

पूर्व से शालाओं में दर्ज विद्यार्थियों की अगली कक्षा में प्रवेश के लिए विगत वर्ष 2024-25 में कक्षा-1 से 8 तक की शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। शिक्षक द्वारा परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की जानकारी पोर्टल पर संबंधित शिक्षक या स्कूल की आईडी से चिन्हित की जाएगी। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के समक्ष पास अथवा फेल की प्रविष्टि करते हुए प्रतिशत अंकित करने पर विद्यार्थी अगली कक्षा में पोर्टल पर स्वतः ही प्रवेशित हो जाएंगे। प्रदेश की ऐसी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में जहां अगली कक्षा क्रमशः 6 और 9 उपलब्ध नहीं हैं, ऐसी स्थिति में कक्षा-5, 8 एवं कक्षा-10वीं के विद्यार्थियों को पूर्व की शाला के प्रधानाध्यापक, प्राचार्य विद्यार्थियों एवं पालकों से चर्चा कर समीप शाला में कक्षा-6, 9 एवं कक्षा 11 में ऑनलाइन प्रवेशित कराएंगे। संबंधित शाला जहां प्रवेश होना है, ऐसे विद्यार्थियों की सूची को समीपस्थ विद्यालय के शिक्षकों-शालाओं के लॉगइन में होगी।

### 5वीं-8वीं के रिजल्ट के बाद अंकसूची का इंतजार, अभी एक माह लगेगा

प्रदेश के 5वीं-8वीं के करीब 24 लाख विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद अब विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा की अंकसूची का इंतजार है। विभागीय जानकारों की माने तो फिलहाल अंकसूची आने में करीब एक माह का समय लगेगा। राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से विद्यार्थियों को डिजीटल अंकसूची पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची को डिजिटल प्रिंटिंग की व्यवस्था लागू की है। पांचवीं व आठवीं की अंकसूची पर दो जगहों पर हॉलमार्क रहेगा। एक जहां पर कक्षा का नाम लिखा होगा और दूसरा जहां पर पूरी बाउंड्री बनी होगी। इससे डुप्लीकेट अंकसूची की संभावना पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

**पहले प्रोफार्मा तैयार कर स्कूलों में भेजता था आरएसके**

दरअसल, अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र जिलों के स्कूलों में अंकसूची का प्रोफार्मा तैयार कर जिलों के स्कूलों में भेजता था, जिससे स्कूल में प्रोफार्मा पर अंक भरकर स्कूल प्राचार्य के हस्ताक्षर के बाद विद्यार्थियों को अंकसूची दी जाती थी। इससे कई जिलों में डुप्लीकेट अंकसूची का मामला भी सामने आया है। साथ ही अंकसूची एक-दो साल की देरी से मिलती थी, लेकिन अब 10वीं 12वीं की तर्ज पर व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। अभी तक मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं परीक्षा की अंकसूची डिजिटल प्रिंटिंग होती थी। साथ ही उसपर हॉलमार्क भी रहता था। अब 5वीं 8वीं में भी यह व्यवस्था रहेगी।

### मां शीतला माता मंदिर जनता नगर में भागवत कथा शुरू

## मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसे वैसे ही फल की प्राप्ति होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मां शीतला माता मन्दिर जनता नगर बैरसिया रोड भोपाल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिवस कथावाचक पं. सुशील महाराज ने तत्वार्थ पूर्ण बड़ी ही मार्मिक धुंधकारी एवं गोकर्ण की कथा श्रोताओं को सुनाई। महाराज ने धुंधकारी को भागवत कथा का मात्र पात्र बताया है।

उन्होंने श्रोताओं को अध्यामिकता की ओर ले जाते हुए तत्वार्थ ज्ञान गूढ़ रहस्य को उजागर करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य के शरीर में धुंधकारी 'मन' के रूप में मौजूद होता है और गोकर्ण 'विवेक' के रूप में मौजूद रहता है और भागवत कथा की पात्र 'धुंधली' धुन्धकारी की मां मनुष्य के शरीर में 'बुद्धि' के रूप में मौजूद रहती है और धुन्धकारी की मौसी जो कि मनुष्य के शरीर में 'कुबुद्धि' के रूप में मौजूद रहती है और श्रीमद्भागवत कथा का पात्र 'आत्मदेव देव ब्राह्मण' मनुष्य के शरीर में 'आत्मा' के रूप में मौजूद रहता है और पुत्र पैदा करने के लिए आत्मदेव ब्राह्मण को 'संन्यासी' द्वारा धुंधली को खिलाने के लिए फल दिया गया था, जिसे कुबुद्धिरूपी धुंधली की बहन ने गाय को खिलवा दिया था, जिससे विवेक रूपी 'गौकर्ण' की उत्पत्ति हुई थी।

भागवत कथा की पात्र 'गाय' मनुष्य के शरीर में कर्म के रूप में विद्यमान रहती है। मनुष्य जैसा कर्म करता है। उसे वैसे ही फल की प्राप्ति होती है। पहले दिवस की कथा विश्राम पर श्रृद्धालु मायाराम अटल, कृष्णा राठौर, संतोष जैन, रामेश्वर त्रिपाठी, देवी राम शर्मा व अन्य कई श्रृद्धालुओं ने भागवत ग्रंथ की आरती उतारी। कार्यक्रम के संरक्षक विजय सिंह, मार्गदर्शक श्याम सुंदर शर्मा व व्यवस्थापक भैरों सिंह रजक कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद थे।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र की ऐतिहासिक पहल: शुक्ल

### मप्र हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स यूनियन के कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वास्थ्य क्षेत्र के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। यह बात मध्य प्रदेश हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स यूनियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहीं। इस दौरान यूनियन के सदस्यों ने डिप्टी सीएम शुक्ला का स्वागत कर सम्मानित किया।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रदेशभर के अस्पताल संचालकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास, आयुष्मान भारत योजना के लंबित भुगतान, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार एवं निजी अस्पतालों की समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. विशाल बघेल, सलाहकार समिति अध्यक्ष डॉ. जीशान अहमद एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया।



### मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का अयोजन

## ज्ञान दान अभियान की शुरुआत पुरानी किताबें कर सकेंगे दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सोमवार से 'ज्ञान दान अभियान' का मुख्य कार्यपालन अधिकारी हर्षिका सिंह ने किया। अभियान को जरूरतमंद विद्यार्थियों तक प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक किताबों को पहुंचाना है, जो संसाधनों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं।

सीईओ सिंह ने आमजन से आग्रह किया गया है कि वे पुरानी व उपयोग में न आने वाली यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, स्कूल-कॉलेज स्तर की किताबें और सामान्य ज्ञान व संदर्भ ग्रंथ दान कर सकते हैं। ये पुस्तकें आजीविका मिशन के राज्य, जिला व ब्लॉक कार्यालयों, सीटीसी-सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र या गांवों में मौजूद स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठनों के कार्यालयों के माध्यम से एकत्र की जाएंगी। यह अभियान किताबों का आदान-प्रदान कर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने की एक सशक्त मुहिम है। आमजन से अपील है कि वे इस अभियान से जुड़कर किसी के सपनों को उड़ान देने में भागीदार बनें।

### मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित

## विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के बीच हुई हेल्थ व हाइजीन जागरुकता प्रतियोगिताएं

**भोपाल।** सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में मातृ एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुए। साथ ही विशेष हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप भी आयोजित हुए। इन शिविरों में 6 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित हुए।

स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निबंध, पोस्टर, रंगोली, प्रश्नोत्तरी एवं वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 150 से अधिक फूड बास्केट प्रदान की गईं। इस अवसर पर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाए जाने के लिए मातृ शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं आरसीएच पोर्टल के नवीन संस्करण 2.0 का राज्यव्यापी लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, माननीय उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा किया गया।

## रेलवे स्वच्छता की दिशा में स्टेशनों की साफ-सफाई में कर रहा सुधार

### राजधानी की इमेज में रेलवे स्टेशन भी जुड़ा

**भोपाल।** इन दिनों जहां राजधानी सहित देशभर में स्वच्छता सर्वे चल रहा है। वहीं स्वच्छता सर्वे करने वाली टीम लगातार शहर में जगह-जगह दौरा कर रही है। साफ-सफाई की जांच कर रही है। तो वहीं, राजधानी की इमेज रेलवे स्टेशन से भी जुड़ी है। इसको लेकर रेलवे ने भी स्वच्छता की दिशा में स्टेशन की साफ-सफाई में काफी सुधार किया है। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर स्टेशन पर साफ-सफाई को लेकर विशेष नजर रखी जा रही है, तो वहीं जब यात्रियों की संख्या अधिक होती है, तब विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है, जिससे साफ-सफाई में सुधार हुआ है। भोपाल स्टेशन परिसर को संक्रमण मुक्त, साफ सुथरा बनाए रखने के लिए नियमित साफ-सफाई का काम जारी है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस: एम्स की गांधी गैलरी में किया गया आयोजन

# स्वास्थ्य, बीमारी एवं मेडिकल संस्थान को दर्शाती डाक टिकट प्रदर्शनी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर भारतीय डाक विभाग एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन एम्स की गांधी गैलरी में किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में प्रदर्शनी का उद्घाटन डाक विभाग के निदेशक, डाक सेवाएं पवन कुमार डालमिया तथा एम्स भोपाल के उप निदेशक कर्नल डॉ. अजित कुमार ने किया। 11 अप्रैल तक चलने वाली इस डाक टिकट प्रदर्शनी में लगभग 40 फ्रेम एवं 640 शीट्स प्रदर्शित की गई हैं, जो स्वास्थ्य, बीमारी एवं मेडिकल संस्थान से संबंधित हैं। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' है और इस थीम को ध्यान में रखते हुए फिलाटेलिस्ट रजनीश जोशी, डीन एकेडमिक, एसएच खान, रंजीत झा, एससी जैन, आशीष जैन तथा डीआर मण्डल ने अपने बहुमूल्य डाक टिकटों का प्रदर्शन किया है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे 1100 विद्यार्थी



इस आयोजन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा प्रदर्शनी के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह में इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में शासकीय नवीन हायर सेकंडरी स्कूल, सेमरा कलां, शासकीय नवीन हायर सेकंडरी स्कूल, बाग मुगलिया तथा शासकीय राजा भोज हायर सेकंडरी स्कूल, 1100 क्वार्टर्स के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

### समापन पर होगी क्विज, डाक टिकट संग्रहकर्ता और प्रतियागिताओं के विजेता सम्मानित



प्रदर्शनी का समापन 11 अप्रैल को होगा। इस अवसर पर सागर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा तथा समापन समारोह में डाक टिकट संग्रहकर्ताओं और प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## मां की पूजा...



भोपाल। राजधानी में बंगाली समाज की नवरात्रि का समापन सोमवार को हो गया। इससे पहले समाज की महिलाओं ने मंदिर में नृत्य कर मां की आराधना की और सिंदूर खेला। इस दौरान इन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# सभी नगर निगमों में बनाई जाएंगी विकास समिति
# शहर के विकास के लिए सब मिलकर करें काम

### शहर के विकास के लिए रखी अपनी-अपनी बात



### मुख्यमंत्री से मिले प्रदेशभर के सभी 12 नगर पालिक निगमों के महापौर, विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में विकास समिति बनाई जाएंगी। अपने शहर के विकास के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, सिटी प्लानर, प्रोफेसर, लेक्चरर, टीचर सब मिलकर काम करेंगे। हमने इसी बजट में शहरों में विकास समिति बनाने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के महापौरों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महापौर शहर के प्रथम नागरिक हैं। नगर और नागरिकों के विकास के लिए पूरी क्षमता, समर्पण और सेवा भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर विकास के मामले में अव्वल रहें, इसके लिए नगर विकास के रोडमेप पर लगातार चर्चा की जाएगी। म.प्र. महापौर संघ के अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव (महापौर इंदौर) के नेतृत्व में प्रदेश के 12 शहरों के महापौर ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। महापौरों ने शहर के विकास के लिए अपनी-अपनी बात रखी।



### सीएम का अभिनंदन

भोपाल महापौर मालती राय, उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, सागर महापौर संगीता तिवारी, रीवा महापौर अजय मिश्रा, खंडवा महापौर अमृता यादव, रतलाम महापौर प्रह्लाद पटेल, देवास महापौर गीता अग्रवाल, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम आहाके, कटनी महापौर प्रीति सूरी, बुरहानपुर महापौर माधुरी पटेल और सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल ने प्रदेश के पवित्र शहरों में शराबबंदी लागू करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ देकर एवं अंगवस्त्रम ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले महापौर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय महापौर परिषद में शामिल मध्यप्रदेश के महापौरों ने मुलाकात की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

### जल गंगा जल संवर्धन अभियान के कामों को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल बचाना बेहद जरूरी है। इसलिए सभी महापौर अपने निगम क्षेत्रों में इस अभियान के तहत प्राथमिकता से जल संरक्षण के काम कराएं और जन सहभागिता से इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण के लिए प्रयास जारी हैं। नगर निगम अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रस्ताव दें। बच्चों, अकांक्षी युवाओं को कैरियर डेवलपमेंट कैंप या व्यक्तित्व सुधार शिविर आदि लगाएं। अपने जन बल (समर्थन) का उपयोग शहर के विकास में करें। निगम मित्तव्यता बरतें, अपने खर्च कम करें और विकास के कामों के लिए राजस्व जुटाएं। हर साल नए नए काम करें और आय अर्जन के स्रोत सृजित करके आत्मनिर्भर बनने की ओर आगे बढ़ें।

### महापौर संघ ने सीएम को सौंपा मांग पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को महापौर संघ के अध्यक्ष ने मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में महापौरों के लिए प्रोटोकॉल बनाए जाने, इनके वित्तीय अधिकार बढ़ाए जाने, नगर निगमों में अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी की पूर्ति किए जाने और महापौरों को एक-एक सुरक्षाकर्मी भी दिए जाने की मांग की गई है।

### हर जिले में फिट इंडिया क्लब, हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा आधुनिक खेल परिसर

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम में प्रदेश के सभी महापौरों की बैठक ली। मंत्री सारंग ने कहा कि भोपाल में प्रदेश का पहला फिट इंडिया क्लब स्थापित किया गया है। इसी मॉडल को अपनाते हुएसभी नगरीय निकायों में फिट इंडिया क्लब स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन क्लबों की स्थापना के लिए शीघ्र प्रस्ताव भेजें।



### खुद की आमदनी से खर्च करेगी नगर निगम

### बढ़ाना पड़ेंगे कर

*नगरीय प्रशासन मंत्री ने ली नगर निगमों के महापौर की बैठक*

*राज्य सरकार देगी नगर निगमों को अनुदान*

**भोपाल।** प्रदेश के सोलह नगर निगमों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार मदद करेगी। नगर निगम में ही आमदनी के साधनों को बढ़ाया जाना चाहिए। महापौर को सुरक्षा के लिए गनमैन दिलाने गृह विभाग को पत्र लिखा गया है। सोमवार को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रालय में प्रदेश के नगर निगम महापौर और आयुक्तों के साथ बैठक रखी।



#### विकास में रुकावट ना आए

बैठक में मंत्री ने कहा कि अवैध कॉलोनी को वैधता देते समय इस बात का ख्याल रखा जाए कि इससे नगर के विकास में रुकावट न आए। बैठक में तय हुआ कि नगरीय निकाय ट्रांसपोर्ट कम्पनियों को प्रोफेशनल तरीके से चलाएं। जिसमें यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। केंद्र सरकार ने नगर निगमों को आत्मनिर्भर बनने की बात कही है, जिसकी वजह से ही भोपाल ननि ने आम लोगों पर प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर और ठोस अपशिष्ट कर को बढ़ा रहा है।

### एसडीएम के यहां से लेनी होगी परमिशन
## तीस जून तक नहीं होगी ट्यूबवेल बोरिंग, मशीनों के प्रवेश पर रोक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

जिले में 30 जून तक ट्यूबवेल खनन पर रोक लगा दी गई है। अब लोग नए ट्यूबवेल खनन नहीं करा सकेंगे। गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने यह आदेश जारी किया है। जिसके तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र पर ट्यूबवेल खनन पर रोक रहेगी। नए बोर के लिए एसडीएम से परमिशन लेना पड़ेगी। जिसके बाद ही बोरिंग मशीन को जिले में आने की परमिशन दी जाएगी। सार्वजनिक सड़कों से गुजरने वाली मशीनों को छूट रहेगी। बिना परमिशन बोरिंग कराने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

कलेक्टर का कहना है कि संबंधित एसडीएम और पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीन जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेंगी या बोरिंग का प्रयास करेंगी, इन मशीनों को जब्त कर संबंधित पुलिस थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

#### अवैध बोरिंग पर एफआईआर, 2 साल तक की सजा

अगर कोई मशीन अवैध रूप से जिले में प्रवेश करती है या ट्यूबवेल खनन करती है, तो संबंधित एसडीएम और पुलिस अधिकारी मशीन को जब्त कर एफआईआर दर्ज करवा सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दो हजार रुपए जुर्माना, दो साल की सजा या दोनों हो सकते हैं।

#### सरकारी योजनाओं पर रोक नहीं

यह आदेश केवल निजी नलकूपों पर लागू होगा। शासकीय योजनाओं के तहत किए जा रहे नलकूप खनन कार्यों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। पीएचई द्वारा संचालित कार्यों को परमिशन की जरूरत नहीं होगी।

#### इसलिए पड़ी आदेश की जरूरत

जिले में खेती और व्यवसायिक उपयोग के लिए पानी का अधिक उपयोग होने की वजह से पेयजल स्त्रोत और नलकूपों का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। जिसको देखते हुए जिले में गर्मियों में पेयजल संकट की स्थिति बिगड़ सकती है। यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नहीं लगाया तो गर्मी में जिले में गंभीर पेयजल संकट हो सकता है।

### कर्मचारी संगठनों ने दी बेमुद्दत हड़ताल की चेतावनी
## महिला इंजीनियर पर सीवेज कर्मचारियों से बदसलूकी के आरोप, काम किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नगर निगम में सीवेज शाखा की एई प्रियंका पाटीदार ने सोमवार को सफाई कर्मचारियों के साथ बदसलूकी कर दी। उन्होंने कर्मचारियों को अपशब्द कह अपमानित किया।

नाराज सीवेज सेल कर्मचारियों ने एम्स स्थित निगम जोन-12 दफ्तर के सामने हंगामा किया। इसके साथ कर्मचारी यहां से निगम मुख्यालय पहुंचे और चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अफसर पर कार्रवाई नहीं होती तो बेमुद्दत हड़ताल पर चले जाएंगे। मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ अध्यक्ष इरफान अल्ताफ ने बताया कि सीवेज शाखा की एई प्रियंका पाटीदार ने कर्मचारी सोनू सहित अन्य तीन कर्मचारियों से न सिर्फ अभद्रता की बल्कि उन्हें अपशब्द बोलकर अपमानित भी किया। जब उन्होंने विरोध किया तो नौकरी से निकालने की धमकी दी गई। अल्ताफ ने बताया कि अधिकारियों का इस तरह का रवैया बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमारी मांग है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अगर ऐसा नहीं होता तो बेमुद्दत हड़ताल की जाएगी। मंगलवार को सुबह आठ बजे लिंक रोड नंबर तीन स्थित निगम डीजल टैंक के सामने प्रदर्शन किया जाएगा।



#### सीवेज चैंबर में उतरने पर हुआ विवाद

*एई ने कर्मचारियों को सीवेज चैंबर में उतरने के लिए कहा था। बिना जरूरी उपकरणों के कर्मचारियों ने चैंबर में उतरने से मना कर दिया। इससे नाराज एई कर्मचारियों से अभद्रता करने लगीं। उन्हें अनाप-शनाप बाते बोल अपमानित किया। जब यह बात अन्य कर्मचारियों को पता चली तो सीवेज की गाड़ियों सहित डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे वाहन चालकों ने काम बंद कर दिया था।*

#### मैंने नहीं की बदसलूकी

मैंने किसी भी कर्मचारी से न तो अभद्रता की और न ही उन्हें अपमानित किया। इनके लगाए गए सभी आरोप गलत और निराधार हैं। मैंने तो उन्हें सिर्फ अपने कर्तव्य पालन करने के लिए ही कहा था।

■ प्रियंका पाटीदार,
एई (सीवेज), नगर निगम

### जिन शहरों में एक्यूआई 100 और उससे अधिक वहां 39 नए वायु और ध्वनि मापन केन्द्र होंगे स्थापित
## पराली जलाने पर विभाग सख्त, गेहूं कटाई मशीनों पर रिपर-बेलर लगाना आवश्यक

पीसीबी के दफ्तर में हुई बैठक में दर्जनभर से ज्यादा विभाग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर विभाग सख्त कदम उठा रहा है। इस संबंध में राज्य और जिला स्तरीय कार्य योजना तैयार करने डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, प्रमुख सचिव पर्यावरण विभाग, म.प्र. शासन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ हुई इस बैठक में कृषि विभाग को निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में गेहूं फसल की कटाई में उपयोग होने वाली मशीनों में रिपर अथवा बेलर लगाना आवश्यक कर दिया जाए। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

बैठक के दौरान धान और गेहूं की कटाई के बाद जलने वाली पराली से होने वाले वायु प्रदूषण व उनसे पड़ने वाले स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्णय लिए गए हैं।

#### किसानों को दें पराली जलाने से नुकसान की जानकारी

बैठक के दौरान कृषि विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि उनके विभाग द्वारा राज्य और जिला स्तरीय कार्य योजना तैयार की जा रही है। डॉ. कोठारी ने निर्देश दिए कि इस कार्य योजना में अन्य संबंधित सभी विभागों की प्रस्तावित कार्य योजनाओं को भी शामिल किया जाए। प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रदेश के किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान, उपलब्ध विकल्प और शासन द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और स्थानीय केबल नेटवर्क (लघु चलचित्र) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराएं।

#### ताप विद्युत गृहों में कृषि अवशेषों का दहन

डॉ. कोठारी ने पराली के वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में स्थापित ताप विद्युत गृहों में कृषि अवशेषों के दहन के लिए उनके वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इसी महीने बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इसमें उनके द्वारा पिछले साल कितनी मात्रा में कृषि अवशेषों का पुर्नउपयोग किया गया है और इस साल की कार्य योजना क्या है, इस पर चर्चा कर निर्णय लेने को कहा है। बैठक में सदस्य सचिव, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि बोर्ड द्वारा नासा फर्म्स के पोर्टल पर सैटेलाईट के माध्यम से आग लगने की घटनाओं की जानकारी के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख जिलों में आग लगने की घटनाओं की संख्या और उनसे संबंधित अन्य भौतिक जानकारी तैयार की है। जिसको प्रतिदिन सभी जिला अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को व्हॉट्सएप के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। बोर्ड ने बताया गया कि वायु गुणवत्ता और अन्य प्रदूषकों की निगरानी के लिए 4 मोबाइल मॉनिटरिंग वैन तथा जिन शहरों में एक्यूआई 100 और उससे अधिक है, वहां 39 नए वायु और ध्वनि मापन केन्द्र स्थापित किए जाना प्रस्तावित है।

#### सेटेलाइट से लिए जाएंगे पराली जलाने वाले खेतों के फोटो

**भोपाल।** गेहूं के खेतों में कटाई के बाद छोटे डठ्ठलों को खत्म करने के लिए किसान खेत में आग लगाते हैं, जिसकी वजह से वायु प्रदूषण के साथ खेतों के जीव-जंतु भी जल जाते हैं। पराली जलाने पर रोक तो लगा दी गई है, बावजूद इसके किसान खेतों में लगी परासी को जला रहे हैं। जिसको देखते हुए प्रदेश भर में जिला स्तर पर सेटेलाइट से खेतों की मॉनीटरिंग की जाएगी। अगर किसी किसान ने परासी जलाई है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। सेटेलाइट से निगरानी करने का काम शुरु कर दिया गया है। नासा फर्म के पोर्टल से सेटेलाइट की मदद लेकर अग्नि दुर्घटनाओं की रियल टाइम जानकारी जुटाई जा रही है। इन घटनाओं के लोकेशन (लेटिट्यूड, लान्गिट्यूड) के साथ डेटा तैयार कर जिला अधिकारियों और संबंधित विभागों को व्हाट्सएप पर रोजाना भेजा जाएगा। जिसके आधार पर इन किसानों पर कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी डायरेक्टर सुमन प्रसाद का कहना है पराली जलाने के मामले में सेटेलाइट से खेतों की मॉनीटरिंग की जाएगी, जिससे प्रदूषण को रोका जा सके।



#### किसानों को दिखाएंगे शॉर्ट फिल्म

पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत मोहन कोठारी ने कृषि और उद्यानिकी विभाग के अफसरों को हिदायत दी है कि वे किसानों को जागरूक करने के लिए शार्ट फिल्मों और प्रचार माध्यमों के जरिए जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाएं। त्इसके अलावा उन्होंने गेहूं की कटाई के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली मशीनों में रिपर और बेलर लगाना अनिवार्य करने की बात कही। जिससे पराली का उचित उपयोग हो सके।

### एक मई से ई-ऑफिस सिस्टम होगा लागू, 300 कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग
## कलेक्ट्रेट के अफसर अब नहीं रोक सकेंगे फाइल, टेबिलों पर नहीं आएंगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

वल्लभ भवन में ई ऑफिस सिस्टम लागू होने के साथ ही एक मई से कलेक्टोरेट और उससे जुड़े विभागों की फाइलें भी ऑनलाइन ही चलेंगी। नोटशीट और अन्य प्रोग्रेस भी ऑनलाइन पोर्टल पर ही दर्ज की जाएगी, जिससे पता चल जाएगा कि यह फाइल किसके पास कितने दिन तक अटकी रही। इस व्यवस्था से कोई भी अफसर फाइल नहीं रोक सकेगा, इसके साथ फाइल गुमने की झंझट से भी निजात मिल जाएगी। अफसरों की टेबलों पर लगा फाइलों का ढेर भी खत्म हो जाएगा। सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टाइम लिमिट बैठक में इसे एक मई से लागू करने की हिदायत दी।

### नोटशीट और अन्य प्रोग्रेस भी ऑनलाइन पोर्टल पर ही दर्ज की जाएगी

#### सभी अफसर-कर्मचारी अपनी आईडी जनरेट कर लें

कलेक्टर ने बैठक में ई-गवर्नेंस के अफसरों से कहा कि वह सभी विभागों के अफसर और कर्मचारियों की आईडी जनरेट कर लें, इसके साथ ई-ऑफिस सेटअप तैयार कर उसका ट्रॉयल भी शुरु कर दिया जाए, जिसे एक मई से लागू कर दिया जाएगा, जिसके बाद कोई भी विभाग के अफसर मेरे पास फाइल की हार्ड कॉपी नहीं लाएगा। सभी एसडीएम को अवैध माईनिंग और अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एडीएम को एसडीएम कोर्ट एवं एसडीएम को तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करने आदेशित किया गया।




#### *फाइल रोकी तो आएगा अलर्ट*

*ई ऑफिस सिस्टम के शुरु होने के साथ ही ऑनलाइन यह भी पता चल जाएगा कि किस अफसर और बाबू ने फाइल कितने दिन रोकी थी, वर्तमान में यह पता नहीं चल पाता है कि किस अफसर के यहां फाइल रुकी थी।इस सिस्टम का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि कोई भी अफसर फाइल को रोक नहीं सकेगा।*

#### कोचिंग, अस्पताल होटलों का होगा फायर ऑडिट

बैठक में सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल, पटाखों की दुकान और अन्य संस्थानों का फायर ऑडिट करने की बात कही। साथ ही जिले में समग्र आईडी को आधार से लिंक कराने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ फार्मर रजिस्ट्री आरओआर लिंकिंग के काम को पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

## *देर रात तक खुले फीचर्स बार के मैनेजर पर मामला दर्ज*

**भोपाल।** एमपी नगर स्थित एक मॉल में संचालित होने वाले फीचर्स बार के मैनेजर पर पुलिस ने शासकीय आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। दरअसल, समय सीमा होने के बाद भी फीचर्स बार देर रात तक खुला था। पुलिस ने गश्त के दौरान बार को खुला देखा और मौके पर पहुंची थी। इसके बाद बार को बंद कराया गया। पुलिस बार के मैनेजर गोविंद बिल्लोरे को थाने लेकर पहुंची। थाने लाकर उसे बार समय पर बंद करने की हिदायत दी गई। साथ ही उसके खिलाफ शासकीय आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि राजधानी में अधिकतर बार तय समय सीमा पर बंद नहीं हो रहे हैं। समय पर बार बंद नहीं होने के कारण विवाद की स्थिति बन जाती है।


## खबर संक्षेप



### गोदर नदी तट पर पर किए जवारे विसर्जन

**तामोट।** नगर में चैत्र नवरात्रि के दसवे दिन सोमवार को श्रद्धा भक्ति से जवारे विसर्जन किया गया। महिलाओं का समूह जवारे विसर्जन के लिए माता के गीत गाते हुए निकलीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, सुनीता चौहान, प्रीति विश्वकर्मा, गुलाब चौहान, संतोष नागर, रामकिशोर चौहान, बालमुकुंद, अरुण जैन, गणेश चौधरी, सुरेश तिवारी, रामपाल बेनी आदि लोग शामिल हुए। सभी लोग गोदर नदी तट पर पहुंच कर जवारे विसर्जन किए।

### श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का सुनाया प्रसंग



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के वार्ड 13 स्थित रामकुंड पर पिछले 6 दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का हुआ। भागवत कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक महाराज रजत तिवारी ने पंच अध्याय का वर्णन किया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत में श्रोताओं ने खूब नृत्य किए। उन्होंने कहा कि जो भक्त श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

### परशुराम जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के समीपस्थ सोमेश्वर महादेव मंदिर चिनार ड्रीम सिटी में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की तैयारीयों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के जयपाल शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बैठक में युवा पीढ़ी को कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने की अपील की साथ ही कार्यक्रम में परिवार सहित शामिल होने का अनुरोध किया।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पटेल का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र पटेल (गुड्डू भैया) का जन्मदिन उत्साह से मनाया। कांग्रेस सदस्यों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कांग्रेस नेता संजय मदान सेंकी उनके अनुज युवा कांग्रेस जिला महासचिव विशाल मदान ने बताया कि गुड्डू पटेल का मार्गदर्शन हमेशा से ही मिलता रहा है। वे उदयपुरा, नरसिंहपुर के साथ पूरे प्रदेश की राजनीति पर नजर रखते हैं।

### महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित द्वारिका नगर में एक महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गीता वशिष्ठ पति हरि सिंह (45) उत्तराखंड की थी। गीता यहां परिवार के साथ रहती थी। परिवार में पति के अलावा एक बेटा और बेटी है। पति कपड़ों की दुकान पर काम करते है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 180 | 91 | 588 |
| रात: | 145 | 04 | 167 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 123 | 64 | 149 |
| रात: | 469 | 93 | 445 |

## गिरोह का सरगना निकला मास्टर माइंड, योजना बनाकर करता था वारदात

# तीन नाबालिगों ने बालिग युवक के साथ मिलकर बनाई गैंग, कर रहे थे नकबजनी, गिरफ्तार; पुलिस ने किया 5 लाख का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ पुलिस ने तीन बालअपचारी और एक युवक को गिरफ्तार कर उनके पास से पांच लाख रुपए का माल बरामद किया है। गैंग का सरगना नाबालिग था और वही योजना बनाकर गिरोह के साथ नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। गिरोह का सरगना बालअचारी पूर्व में भी अन्य थाना क्षेत्रों में नकबजनी की वारदात में गिरफ्तार हो चुका है।

पुलिस के अनुसार 5 अप्रैल को रातीबड़ क्षेत्र में रहने वाले केसकली मिश्रा के घर दिनदहाड़े नकबजनी की वारदात हुई थी। उन्होंने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात बदमाश उनके घर से सोने-चांदी और हीरे के गहने चुराकर ले गए है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और घटनास्थल समेत इलाके में लगे करीब साढ़े चार सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे। फुटेज में पुलिस को कुछ संदिग्ध नजर आए। संदिग्धों की पहचान के लिए मुखबिर सक्रिय किया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंग को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में 3 बालअपचारी है, जबकि बालिग आरोपी की पहचान विक्रम साहू (25) शबरी नगर के रूप में की गई।



### रैकी के बाद दिन में ही करते थे चोरी

गिरोह से पूछताछ में पता चला कि वह दिन में ही रैकी करते थे। जिन घरों में ताले लगे होते थे उन घरों के ताले दिन में ही तोड़कर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी और हीरे के गहने समेत एक बाइक और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए हैं।

### भारत टॉकीज के पास से मोबाइल झपटने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भोपाल।** मंगलवार थाना क्षेत्र स्थित भारत टॉकीज के पास रविवार सुबह युवक से मोबाइल झपटने वाले बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी से झपटा गया मोबाइल जब्त किया गया है। उस पर पूर्व में दो अपराध दर्ज है। आरोपी से इलाके में हुई अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि विशेष अहिरवार पिता करन सिंह अहिरवार (18) विदिशा जिले का रहने वाला है। हाल ही में वह गोपाल नगर, आंनद नगर, पिपलानी में रह रहा है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार 6 अप्रैल को वह नानी के घर सांची जा रहा था। ई रिक्शा से भारत टॉकीज के पास उतरा और पैदल रेलवे स्टेशन जा रहा था, तभी सुबह करीब 11 बजे एक बाइक पर आए तीन लड़कों ने उसका मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए थी। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे। मुखबिर की मदद से पुलिस ने पुष्पा अपार्टमेंट भारत टॉकीज ब्रिज के नीचे से मुख्य आरोपी सद्दाम शेख व उसके दो नाबालिक साथियों को पकड़ लिया। आरोपी सद्दाम से झपटा गया मोबाइल और झपटमारी में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है।

#### मिर्गी के दौरे से पुलिस परेशान

आरोपी सद्दाम शेख पर पूर्व में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी। इस दौरान उसे तीन बार मिर्गी के दौरे आ गए। मिर्गी का दौरा आने से पुलिस के हाथ पैर फूल गए।

## छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित प्रीत नगर कॉलोनी में वारदात

# बाइक का मास्क तोड़ रहे बदमाशों को रोका तो कर दी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित प्रीत नगर कॉलोनी में रविवार रात दो बदमाशों ने युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। उसे बचाने के प्रयास में पिता और भाई भी चाकू लगने से घायल हुए हैं। दरअसल, बिना किसी वजह के हत्यारे मृतक की बाइक का मास्क चाकू से तोड़ रहे थे। बाइक तोड़ने से मना किया तो वह भड़क गए और युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने एक हत्यारे को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार विक्की कुशवाह पिता नन्हूलाल कुशवाह (25) बस स्टैंड के पीछे सीहोर में रहता है और ड्राइवरी करता है। रविवार को वह परिवार के साथ रामनवमी मनाने प्रीत नगर छोला आया था। वह घर पर था, तभी रात करीब साढ़े 9 उसका बेटे विधान ने बताया कि पापा बाहर अपनी बाइक को दो लोग बड़े से चाकू से तोड़ रहे है। विक्की नीचे बाइक के पास आया तो दो युवक बाइक का मास्क बड़े से चाकू से तोड़ रहे थे। विक्की ने कहा कि बाइक उसकी है और क्यों तोड़ रहे हो। इस पर आरोपी भड़क गए।

विक्की का कहना था कि तुम्हारी बाइक से क्या दुश्मनी है और क्यों तोड़ रहे हो। इस पर आरोपी उसके पीछे चाकू लेकर दौड़े। वह चाकू के हमले से बचने के लिए भागा। आरोपियों ने पीछा कर उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उसके हाथ पर लगा और अंगूठा कट गया। उसे बचाने पिता नन्हूलाल पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी चाकू से हमला किया। चाकू से बचने हाथ आगे बढ़ाने पर बांए हाथ की अंगुली कट गई।

**खास बातें**

- पिता और भाई पर भी चाकू से किया हमला, घायल
- हिरासत में एक आरोपी, दूसरे की तलाश जारी

### बीच बचाव में आए बड़े भाई की कर दी हत्या



कमल कुशवाह, मृतक

छोटे भाई और पिता पर हमला होता देख विक्की का बड़ा भाई 32 साल का कमल कुशवाह पहुंचा था। आरोपियों ने कमल को देखा और कहने लगे कि आज तो इसको जान से खत्म कर देते हैं। यह कहते ही आरोपी चाकू से कमल के सीने पर हमला कर दिया। सीने पर चाकू लगने से कमल गिर गया। आरोपी उस पर दौबारा हमला करते इससे पूर्व मोहल्ले में रहने वाले लोग आ गए। सीने में चाकू लगने से कमल के सीने से अत्यधिक खून बहने लगा था। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। कमल पेंटर का काम करता था। कमल की चार साल पहले ही शादी हुई थी और एक उसकी मासूम बेटी है।

#### मोहल्ले में ही रहते हैं हत्यारे

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि कमल की हत्या करने वाले आरोपी युवराज और करण लोधी मोहल्ले में ही रहते हैं। वह आपराधिक प्रवृति के हैं। पुलिस ने आरोपियों में युवराज को हिरासत में ले लिया है। करण लोधी की तलाश की जा रही है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, सड़क किनारे मिली लाश, सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएम के लिए भेजा

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित हबीबगंज नाका पुलिया के पास सड़क किनारे से एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक के माथे पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने हत्या की बात से इंकार किया है। उनका कहना है कि यह निशान गिरने के है। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि हबीबगंज नाका के पास पुलिया पर सड़क किनारे किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान 45 साल का सुरेश फरकले पिता सेवकराम फरकले (बलाई) 12-नंबर मल्टी हबीबगंज के रूप में की गई। पुलिस ने परिजन से संपर्क किया और कुछ देर बाद उसे पिता सेवकराम मौके पर पहुंच गए थे। पिता ने बताया कि बेटा प्राइवेट काम करता था। मामले की जांच कर रहे एएसआई सिरोमणि सिंह ने बताया कि मृतक को पूर्व में एक बार हार्ट अटैक आ चुका है। पिता से पूछताछ में पता चला कि रविवार को भी वह घर के बाहर गिर गया था। सुरेश के सिर पर माथे के पास चोट के निशान मिले है।

## सौरभ शर्मा को मिली जमानत के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

# कांग्रेसियों ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन का प्रयास, पुलिस ने बलपूर्वक छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर बैरागढ़ में सोमवार को कांग्रेस द्वारा पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसे ही कांग्रेसी मुख्यमंत्री का पुतला लाए पुलिस ने छीन लिया। पुतला छीनने में पुलिस को क़रीब आधा घंटा मशक़्क़त करना पड़ा। आखिरकार पुलिस ने कांग्रेसियों को पुतला दहन करने नहीं दिया। वहीं कुछ भाजपा कार्यकर्ता भी आ गए और उन्होंने भी पुतला छीनने का प्रयास किया।

भ्रष्टाचार में लिप्त सौरभ शर्मा मामले में पुलिस के लचीलेपन के कारण मिली जमानत के विरोध में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बलॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला जलाने का प्रयास किया था। प्रदर्शन के दौरान यहां पर मौजूद तीन थानों की पुलिस ने करीब बीस मिनट तक झुमाझटकी कर कांग्रेसियों से पुतला छीन लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद एवं ब्लाक अध्यक्ष अशोक मारण, वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, माधु चांदवानी, घनश्याम लालवानी, दिनेश मेघानी, रामभरोसे राठोड़, युवा नेता सोनु तोमर, विशणु मारण, राज मनवानी, लीलाधर पंवार, जगदीश सांवले, महेश गुरबानी, जीतु बलवा, सुरेश सिंगरोली, प्रकाश विधानी, अनिल टेकचंदानी, आत्माराम सूर्यवंशी, धीरज गोस्वामी आदि कांग्रेसी मौजूद थे।



### जिला न्यायालय में ईद और होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल।** जिला न्यायालय परिसर में सोमवार को जिला अभिभाषक संघ भोपाल के सभागार में ईद मिलन एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुखख्य अतिथि मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक संघ भोपाल के अध्यक्ष दीपक खरे ने की। कार्यक्रम में स्टेट बार कॉउन्सिल के पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी, को चेयरमैन राजेश व्यास, पूर्व को चेयरमैन मेहबूब अंसारी, जिला अभिभाषक संघ के पूर्वअध्यक्ष पीसी कोठारी, अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### गुरु की वाणी से जुड़ो सब दुख दूर हो जाएगा: चमनजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सोमवार सुबह गुरुद्वारा मिनी मार्केट संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ में ब्रह्मलीन साध्वी द्रोपदी धनवानी के गुरुद्वारे में चिमनजीत सिंह लाल ने संगत के साथ जपजी साहिब का पाठ करते हुए कहा कि गुरु कि वाणी से जुड़ो और अमृवेला संभालो। गुरु आपके सब दुख दूर करेंगे।

इस संसार में कोई काम आए न आए पर गुरु आपके हर समय साथ रहेंगे। गुरु की जिसने सेवा की वो इंसान इस संसार में तर जाता है। इस अवसर पर साध्वी द्रोपदी दीदी की शिष्य सोनी लालवानी, भाविका सिरवानी, लता गंगवानी, राजकुमारी चोटरानी, मुरली नेनवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मांधू चांदवानी, राकेश शेवानी, जयराम अरतानी, भगवानदास जनयानी, दिलीप रख्यानी, राकेश नारयनी, कमल दामानी, मौजूद थे।



## कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### रहवासियों ने श्मशान घाट बनाने को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अर्जुन नगर वासियों ने श्मशान घाट बनाए जाने के लिए भूमि आवंटित की मांग को सोमवार को 51 फीट लंबे बैनर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने बड़ी संख्या में लोगों ने हस्तारक्षर किए। हस्ताक्षर युक्त बैनर लेकर कर संबंधित अधिकारी को सौंप कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा।

लोगों ने बताया कि अंतिम संस्कार के लिए करीब तीन से चार किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इसी संबंध में सोमवार को कलेक्टर के नाम तहसीलदार निलेश सरवटे को का ज्ञापन भी सौंपा है। अर्जुन नगर में वार्ड नंबर 11 के नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे है एवं दो पार्षद भी भाजपा से हैं, इन सबको भी अर्जुन नगर वासियों की यह समस्या मालूम है इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं देता। इस अवसर पर वचन लोधी, पूर्व पार्षद पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, विनोद नामदेव, रवि शंकर राय, सुक्खा सरदार आदि रहवासी मौजूद थे।





### पशु चारा-भूसा के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से पशु चारे-भूसा के निर्यात पर रोक लगा दिया है। आदेश के तहत पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, भूसा, कड़वी ज्वार के डंठल, पैरा, धान के डंठल आदि का अन्य राज्यों में निर्यात, उद्योगों एवं ईंट के भट्टे में जलाने को मप्र चारा निर्यात नियंत्रण आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से 30 जून 2025 तक प्रतिबंधित किया गया है। इसके बाद भी कोई कृषक, व्यापारी, निर्यातक व्यक्ति किसी भी प्रकार से पशु चारा एवं भूसा का परिवहन राज्य से बाहर प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा पत्र के निर्यात नहीं करेगा।



### मंदिर में विशाल भंडारे में पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

**मंडीदीप।** नवरात्रि पर्व के समापन पर सोमवार को वार्ड 1 दीप नगर स्थित मां शारदा मंदिर पर मां शारदा कल्याण समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के राममणी द्विवेदी ने बताया कि मां शारदा मंदिर पर नवरात्रि के बाद हर वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता। इस वर्ष भी भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अवसर पर नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रेमषंकर साहू, जयपाल राजपूत, प्रकाष राय, संजय राजपूत, वीरेन्द्र मीना, डाक्टर रामपाल मिश्रा, हरगोविंद मिश्रा, सूर्यकांत तिवारी, मुकेष मिश्रा , एमपी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जगह-जगह श्रद्धालुओं ने किया स्वागत और आरती

### रामनवमी पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा, मनाया राम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में देर रविवार रात श्री रामनवमी पर भगवान राम जन्मोत्सव की शोभा यात्रा अर्जुन नगर शिव मंदिर से प्रारंभ की गई, जिसमें अनिल प्रजापति, वचन लोधी, पूर्व पार्षद पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, विनोद नामदेव, इंग्लैश यादव, आरती यादव, माखन सेन, डॉ सुनील गुप्ता, रवि शंकर राय, राजेंद्र गुड्डू साहू, रुपेश लोधी, राकेश कहार आदि लोग शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल नरेश मालवीय, विक्रम धाड़ी, संतोष गुप्ता, सुधीर कमल, बंटी जोशी, संजय खटीक, कमलेश लोधी, राहुल महेश्वरी आदि लोगों ने भगवान श्रीराम की आरती की।





## लिव इन रिलेशन में रहने के बाद युवती ने शादी का दबाव बनाया तो मुकरा

# एमबीए की छात्रा से बी फार्मा के छात्र ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र में एमबीए की छात्रा से बी फार्मा के छात्र द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। करीब तीन साल तक रिलेशन में रहने के बाद आरोपी छात्र शादी से मुकर गया है। वह कहने लगा कि तुम छोटी जाति की हो, परिवार शादी के लिए तैयार नहीं है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी छात्र के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण समेत एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 24 साल की छात्रा मूलतः विदिशा जिला की रहने वाली है। वह शेड्यूल कास्ट की है। वर्ष 2020 में वह एमबीए की पढ़ाई करने भोपाल आई थी। पढ़ाई के साथ साथ वह हेल्थ केयर सेंटर में नौकरी करती थी। पीड़िता ने बताया कि सोशल मीडिया पर उसकी दोस्ती दीपांशु चौरसिया से हुई थी। दीपांशु ग्वालियर का रहने वाला है और कोलार में किराए से रहकर बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा है। सोशल मीडिया पर बातचीत होने से दोनों में दोस्ती हो गई। जून 2022 में पहली बार आरोपी दीपांशु छात्रा से मिलने उसके रूम पर पहुंचा और शादी का प्रलोभन देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान छात्रा ने बताया था कि वह शेड्यूल कास्ट की है।

### लिव इन रिलेशन में रहे एक साल



छात्रा ने पुलिस को बताया कि फरवरी 2022 से अगस्त 2023 तक दीपांशु उसके साथ लिव इन रिलेशन में भी रहा। उसने दीपांशु पर शादी करने का दबाव बनाया तो बहन की शादी तक रुकने की बात करने लगा। फरवरी 2025 में दीपांशु ने कह दिया कि परिवार वाले शादी के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। छात्रा ने कारण पूछा तो वह कहने लगा कि तुम छोटी जाति की हो।

### एकांत पार्क में मॉर्निंग वॉक पर गई महिला से छेड़छाड़, मामला दर्ज

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित चार इमली के पास एकांत पार्क में मॉर्निंग वॉक पर गई महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना गत शनिवार सुबह छह बजे के आसपास की है। मंत्री के निज स्टाफ में पदस्थ पति को महिला ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद हबीबगंज थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी मनचले की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 48 साल की महिला थाना क्षेत्र में रहती हैं। उनके पति मंत्री के निज स्टाफ में पदस्थ हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह वह एकांत पार्क गई थी। मॉर्निंग वॉक करने के बाद वह थक गई और पार्क में बैठकर वार्म ऑफ कर रही थी, तभी एक मनचला अचानक उनके पास पहुंचा और छेड़छाड़ करने लगा। उन्होंने शोर मचाया तो मॉर्निंग वॉक पर पहुंचा एक अन्य व्यक्ति उनके पास पहुंचा। इस दौरान आरोपी मौके से भाग निकला। घटना की शिकायत पीड़िता ने फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में भी की थी। थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि आरोपी के बारे में सुराग मिला है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पोषण पखवाड़ा आज से होगा शुरू

### सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत मंगलवार से प्रारंभ हो रहे पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, आयुष विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वित रूप से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक चलाया जाएगा। पखवाड़ा के दौरान साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी आदि कार्यक्रम होंगे।



## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के लिए हुआ औचक निरीक्षण, 35 कार्यों का किया गया मूल्यांकन

# सड़कों के औचक निरीक्षण में गड़बड़ी पर दो निर्माण एजेंसी ब्लैक लिस्ट, तीन इंजीनियरों को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मप्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नई पहल शुरू की गई है। इस पहल में हर माह दो बार सॉफ्टवेयर से रैंडमली चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में 5 अप्रैल 2025 को प्रदेश के 7 जिलों हरदा, बालाघाट, अशोकनगर, अलीराजपुर, सीधी, उज्जैन एवं टीकमगढ़ में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अभियान के तहत कुल 35 निर्माण कार्यों का चयन रैंडम आधार पर किया गया, जिनमें 14 कार्य पीडब्ल्यूडी (सड़क, पुल), 13 कार्य पीआईयू, 6 कार्य मप्र सड़क विकास निगम, एक कार्य मप्र भवन विकास निगम एवं एक कार्य पीडब्ल्यूडी (एनएच) से संबंधित थे। निरीक्षण के बाद प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में की गई, प्रबंध संचालक सड़क विकास निगम भरत यादव, प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता एसआर बघेल, सभी मुख्य अभियंता एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीकमगढ़ जिले के दिगोड़ा-मोहनगढ़ मार्ग की गुणवत्ता की सराहना-

समीक्षा में टीकमगढ़ जिले के दिगोड़ा-मोहनगढ़ मार्ग की गुणवत्ता को लेकर निरीक्षणकर्ताओं ने सराहना की। परफॉर्मेंस गारंटी की अवधि समाप्त होने के दो वर्ष बाद भी मार्ग की स्थिति उत्कृष्ट पाई गई। इसके लिए निर्माण कार्य के दौरान पदस्थ अनिल श्रीवास्तव एवं पीके जोशी की विशेष प्रशंसा की गई। समीक्षा बैठक में एमडी एमपीआरडीसी भरत यादव ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं विधानसभा के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने एवं ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संपादन करने के लिये भी निर्देश जारी किए गए हैं।

### अवनी कंस्ट्रक्शन व श्री मोहनी कंस्ट्रक्शन ब्लैक लिस्टेड, ईई व एई को थमाया नोटिस

बालाघाट के पीनडकेपर-खुशीपार-फोगलटोला मार्ग पर गुणवत्ता में कमी पाई गई, जिसमें कस्ट की मोटाई कम तथा सीसी कार्य में जॉइंट कटिंग समय पर नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए निर्माण एजेंसी 'श्री मोहनी कंस्ट्रक्शन' को ब्लैक लिस्ट में डालने एवं संबंधित कार्यपालन यंत्री, एसडीओ व उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसीप्रकार अशोकनगर जिले के बररी-नलखेड़ा मार्ग के निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता को देखते हुए निर्माण एजेंसी 'अवनी कंस्ट्रक्शन' को भी ब्लैक लिस्ट में दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राजधानी के एक निजी होटल में पहुंचे मुख्यमंत्री

# मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 का सीएम ने किया शुभारंभ

- मुख्यमंत्री ने जताई प्रदेश में मेडिकल पर्यटन की संभावना
- कहा- बेहतर स्वास्थ्य के लिए संचालित होंगे अनेक प्रकल्प

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाया जाएगा। इस दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। सरकार के साथ समाज को भी स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय करना है। शासकीय, अशासकीय और अर्द्धशासकीय स्तर पर नागरिकों के स्वास्थ्य रक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रदेश में अनेक प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। डॉ. यादव सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक होटल में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया।

### बेहतर सुविधाओं के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस अभिनव कार्यक्रम की रचना के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अनमोल 2.0 पोर्टल प्रारंभ करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा दो मंत्रालय विभाग होते थे, जिन्हें एकीकृत कर आम जनता के हित को सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या निरंतर बढ़ रही है। साल दर साल नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। डॉ यादव ने कहा कि पीपीपी मॉडल अपनाकर अस्पतालों के संचालन में सुधार करने की पहल की गई है। इस दिशा में अनुकूल वातावरण भी तैयार हुआ है।

### आईएमआर-एमएमआर में सुधार चुनौती

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार हर नागरिक तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित यह कार्यक्रम सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आईएमआर और एमएमआर में सुधार प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण चुनौती है। पूर्व में भी प्रयास हुए हैं। विगत 20 वर्षों में एमएमआर 400 से 173 हो गई है। आईएमआर 80 से 43 हो गई है। एनएमआर 60 से घटकर 31 हुई है। इन सभी प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, परंतु लक्ष्य अभी दूर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुरूप सतत विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मध्यप्रदेश पुरजोर प्रयास कर रहा है। वर्ष 2030 तक एमएमआर को 100 से कम करने और आईएमआर को 20 से कम करने के योजनाबद्ध प्रयास करेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में स्वास्थ्य महत्वपूर्ण आयाम है।

### प्रदेश में मेडिकल पर्यटन की काफी संभावना




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रदेश में मेडिकल पर्यटन की काफी संभावना है। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए प्रयास बढ़ाए जाएंगे । प्रदेश में जो रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई हैं, उसमें सेवा क्षेत्र को भी जोड़ा गया है। प्रारंभ में प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े नगरों में निजी क्षेत्र में अस्पतालों को भी प्रमोट करेंगे। तीन श्रेणियों में अस्पतालों को सब्सिडी प्रदान कर लाभान्वित किया जाएगा। इससे अस्पतालों के संचालन में सहयोग मिलेगा। डॉ यादव ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को विमान और हेलीकॉप्टर सेवा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। एलोपैथी चिकित्सा के साथ ही आयुष, प्राकृतिक चिकित्सा और अन्य चिकित्सा पद्धतियों को भी समग्र दृष्टि से देखते हुए इन सभी पद्धतियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री आज ग्वालियर में करेंगे आरओबी का वर्चुअल लोकार्पण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ग्वालियर के विकास में नए अध्याय के रूप में जुड़ने जा रहे नवनिर्मित आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) को मंगलवार 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे। डॉ यादव इस आरओबी का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। यह आरओबी चंद्रबदनी नाका से न्यू कलेक्ट्रेट मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक-418 पर विवेकानंद नीडम के समीप लगभग 42 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी शामिल होंगे।

**स्पीकर तोमर, केंद्रीय मंत्री सिंधिया भी होंगे शामिल**

**छात्रावासों का भी करेंगे वर्चुअल लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ यादव आरओबी के साथ-साथ लगभग 7 करोड 87 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन ठाटीपुर व अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन सिरोल का भी वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। ये दोनों छात्रावास 50 – 50 सीटर हैं और प्रत्येक छात्रावास का निर्माण 3 करोड 93 लाख 38 हजार रूपए की लागत से किया गया है।




## मप्र में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से बढ़ेगी किसानों की आय

- 13 अप्रैल को रवीन्द्र भवन में होगा राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन
- केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा अनुबंध
- सहकार से समृद्धि के लिए नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सहकार से समृद्धि के विजन के तहत मप्र एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। मप्र सरकार ने दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में मप्र ने विशेष स्थान बनाएगा।

### श्वेत क्रांति की दिशा में बढ़ता मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को दुग्ध उतपादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्वेत क्रांति मिशन के तहत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। मध्यप्रदेश में अधिकतर ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना कर दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी डेयरी कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य होगा।


## मप्र टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में किया जाएगा। यह ऐतिहासिक सम्मेलन राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में की गई निवेश प्रतिबद्धताओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में इस आयोजन में राज्य की प्रौद्योगिकी नेतृत्व की दिशा में रोडमेप प्रस्तुत किया जायेगा। आईटी एवं संबंधित क्षेत्रों में राज्य सरकार के निवेश कार्यान्वयन नीति को एक प्रमुख प्रौद्योगिकी गंतव्य के रूप में उभारने के लिये यह आयोजन महत्वपूर्ण होगा।

### ताशकंद में गूंजी भारत की आवाज़

## 150वीं आईपीयू असेंबली में डॉ. लता ने रखा भारत का मजबूती से पक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ताशकंद उजबेकिस्तान में चल रही 150वीं इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन (आईपीयू) असेंबली के अंतर्गत आयोजित 39वें सत्र फोरम ऑफ वूमन पॉर्लियामेंटेरियंस में भारत की ओर से सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने एक प्रभावशाली भाषण दिया। उन्होंने संघर्षों के सतत विकास पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभाव को समानता के दृष्टिकोण से प्रस्तुत करते हुए वैश्विक मंच पर भारत का सशक्त पक्ष रखा। डॉ. वानखेड़े ने कहा, संघर्ष केवल सीमाओं तक सीमित नहीं होते, उनकी गूंज घरों, परिवारों और महिलाओं के भविष्य तक जाती है।

उन्होंने संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति, हिंसा, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्गमता, और निर्णय-निर्माण में उनकी भागीदारी की कमी जैसे मुद्दों को गंभीरता से उठाया। उनका भाषण विश्लेषणात्मक के साथ-साथ समाधानात्मक भी था, जिसमें उन्होंने तीन ठोस सुझाव दिए जिन्हें फोरम ऑफ वूमन पॉर्लियामेंटेरियंस की ओर से आईपीयू की स्थायी समितियों को सिफारिश के रूप में भेजा गया है।

# पारम्परिक चिकित्सा के संरक्षण की दिशा में झाबुआ में ऐतिहासिक पहल

- मंत्री भूरिया ने किया डुंगर बाबा नी जड़ी बूटियों नु जोवनार कार्यशाला का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि वर्तमान में पारम्परिक चिकित्सा पद्धति और औषधीय वनस्पतियों से जुड़े सदियों पुराने ज्ञान को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। झाबुआ जिले में पारम्परिक औषधीय ज्ञान को संरक्षित करने की ऐतिहासिक पहल की गई है। डुंगर बाबा नी जड़ी बूटियों नु जोवनार कार्यशाला का आयोजन सराहनीय है। इस कार्यशाला में 75 से अधिक पारम्परिक जड़ी-बूटी विशेषज्ञों को एकत्रित किया गया है। मंत्री भूरिया ने कहा कि जिले के सभी विकासखंडों से एकत्रित हुए इन विशेषज्ञों ने इस अंचल में पाए जाने वाले जड़ी बूटियों का परम्परागत ज्ञान साझा किया है।

### परम्परागत ज्ञान को लिपीबद्ध करने से इसको संरक्षित किया

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और इसी से परम्परागत ज्ञान को लिपीबद्ध करने से इसको संरक्षित किया जा सकेगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि भविष्य में सभी जानकारियों का सुव्यवस्थित संकलन कर हिन्दी और अंग्रेजी में दस्तावेज तैयार किए जाएंगे। इसमें जड़ी बूटियों के नाम, स्त्रोत, प्रयोग विधि, मात्रा, उपलब्धता और उपचार की प्रक्रिया को विस्तार से दर्ज किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री नेहा मीणा ने जानकारी देते हुए बताया है कि पिछले 6 माह में जिले के सभी विकासखंडों में जड़ी बुटी विशेषज्ञों का सर्वेक्षण कर 157 विशेषज्ञों की सूची तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि यह प्रयास केवल जानकारी का संग्रह नहीं बल्कि परम्परिक चिकित्सा पद्धति के दस्तावेजीकरण की एक सशक्त शुरूआत है।

# पटवारी बोले-दमोह में फर्जी डॉक्टर बनकर इलाज करने की इजाजत किसने दी?

- भाजपा पर फर्जी डॉक्टर को प्रमोट करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने देवास जिले के खातेगांव और हरदा पहुंचकर गुजरात की एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से हुए हादसे में मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान र्उन्होंने कहा कि सरकारी असहयोग से पीड़ित परिवारों का दुख ज्यादा बढ़ गया है और भाजपा अब अन्याय और अत्याचार का प्रतीक बन चुकी है। साथ ही आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी डॉक्टर बनकर एक आदमी ने दमोह में लोगों की हार्ट सर्जरी कर डाली, जिसमें 7 लोगों की अकाल मौत हो गई। इतना ही नहीं इस हत्यारे फर्जी डॉक्टर को भाजपा के नेताओं ने भी खूब प्रमोट किया, क्योंकि वह कांग्रेस के प्रति जहर उगलता और केवल झूठा प्रचार करता था। वहीं भाजपा और उनके नेताओं की तारीफ करता था। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव का नाम लेते हुए सवाल किया कि आखिर इस आदमी को डाक्टर बनकर इलाज करने की इजाजत किसने दी? टूटी सांसों के बाद बारूद का बयान बवाल तो मचा सकता है, लेकिन जिंदगी को जोड़ नहीं सकता। यदि भाजपा संवेदनशीलता के साथ इस सच को समझ लेती तो बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर बीमारियों को बढ़ने से रोक देती।

### फर्जी डॉक्टर की एक घटना नहीं, यह पूरे प्रदेश में झोलाछाप डॉक्टर के नेटवर्क का नमूना : सक्सेना

दमोह जिले में सामने आए एक फर्जी डॉक्टर मामले पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा है। कांग्रेस प्रवक्ता रवि सक्सेना ने सोमवार को पीसीसी में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से कहा कि इस मामले ने पूरे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। एक फर्जी डॉक्टर, जो खुद को लंदन का प्रशिक्षित कार्डियोलॉजिस्ट बताकर मिशनरी अस्पताल में हार्ट सर्जरी कर रहा था, ने कम से कम 8 मरीजों की जान ले ली। इस त्रासदी ने न केवल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को उजागर किया है, बल्कि भाजपा सरकार की जनता की सेहत के प्रति उदासीनता को भी सामने लाया है। उन्होने कहा कि दमोह के मिशनरी अस्पताल में नरेंद्र विक्रमादित्य यादव नामक शख्स ने डॉ. एनजॉन केम के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की। जांच में पता चला कि उसकी डिग्री और अनुभव पूरी तरह फर्जी थे। अस्पताल प्रबंधन ने बिना किसी पृष्ठभूमि जांच के उसे मरीजों की जिंदगी सौंप दी. जो अपने आप में गंभीर लापरवाही का सबूत है।

### चयनित अधिकारी सेवा भाव और सकारात्मक मानसिकता के साथ करें अपने अधिकारों का उपयोग

# आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें

- मुख्यमंत्री ने राज्य सिविल सेवा अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ
- उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार के कुल 83 प्रशिक्षु लेंगे सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सेवा के लिए चयनित अधिकारी पवित्र सेवा भाव और परिष्कृत मन मस्तिष्क के साथ, उन्हें मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अपने दायित्व निर्वहन की ओर अग्रसर हों। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकारी कुशलता और दक्षता से सभी की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरे उतरें यही कामना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों के 118 वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री का प्रशासन अकादमी के डीजी सचिन सिन्हा ने स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ प्रशिक्षु अधिकारियों का ग्रुप फोटो भी हुआ।



### अपनों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी चुनौती



मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े पद की जिम्मेदारी के साथ-साथ परिवारजन और मित्रों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी एक चुनौती है। इस मौके पर मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में चयनित वर्ष 2020 और 2021 बैच के उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार पद के लिए चयनित कुल 83 प्रशिक्षुओं के सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अप्रैल से 23 मई 2025 तक प्रशासन अकादमी में संचालित होगा।

### अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षुओं से कहा कि नर्सरी कक्षा से लेकर अब तक के शिक्षण-प्रशिक्षण से मिले ज्ञान के आत्म अवलोकन से अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण से व्यक्ति और प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। हमारी पाठ्य पुस्तकें अपार ज्ञान का भंडार हैं, लेकिन दायित्वों को पूरा करने के लिए इसी ज्ञान की मदद से अपना मार्ग स्वयं खोजना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने दायित्वों के निर्वहन में पारिवारिक मूल्यों का ध्यान रखने, जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार और संवाद क्षमता विकसित करने तथा आउट ऑफ बॉक्स सोचते हुए समाज हित में नवाचार करें।

### राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मिशन कर्मयोगी से विकास और जनकल्याण की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। चयनित अधिकारियों को स्वयं के परिश्रम और ईश्वर की कृपा से जनसेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने सबसे अपेक्षा की कि प्रशिक्षण उपरांत अधिकारी, मैदानी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आत्मविश्वास और सकारात्मक मानसिकता के साथ सुशासन और गुणवत्तापूर्ण लोक सेवाओं के लिए उत्तरदायी-जवाबदेह-पारदर्शी-स्वच्छ और संवेदनशील भूमिका का निर्वहन करें। शुभारंभ सत्र को अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, महानिदेशक प्रशासन अकादमी सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजा बाबू सिंह ने भी संबोधित किया।

# क्रूड के दाम घटने से 8 रुपए पहुंच गया था कंपनियों मार्जिन जिसे कम किया

# पेट्रोल पंप संचालक बोले-एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर सरकार ने अपनी आमदनी बढ़ाई

## राहत की बात तब होती, जब पेट्रोल -डीजल के दाम घटते

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मौजूदा समय में क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) का दाम 64 डालर प्रति बैरल है। इस मान से पेट्रोलियम कंपनियों का मार्जिन करीब 8 रुपए बढ़ गया है जिसे केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 2 रुपए की बढ़ोत्तरी का भार बतौर कंपनियों के मार्जिन पर डाला है। जिससे कंपनियों का मार्जिन 2 रुपए घटकर अब 6 रुपए हो गया है। अगर सरकार को ग्राहकों की इतना ही चिंता थी तो सरकार को चाहिए था कि बतौर एक्साइज ड्यूटी के रुप में 2 रुपए अपने पास जमा कर रही है उसका लाभ उपभोक्ताओं को देना था और डीजल -पेट्रोल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर कम करना था। यह बात मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कही।



### ग्राहक हितैषी नहीं है यह निर्णय : अजय सिंह



राजधानी के पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से अपने व्यक्तव्य में एसोसिएशन के अध्यक्ष **अजय सिंह** ने कहा कि सरकार कंपनियों के मार्जिन को कम करके ग्राहकों पर बोझ नहीं पड़ने की बात कह रही है वह ग्राहक हितैषी नहीं हैं। सरकार ने बतौर एक्साईज ड्यूटी में वृद्धि कर अपनी आमदनी बढ़ाई है तो दूसरी तरफ कंपनियों के मार्जिन को कम किया है। उन्होंने कहा कि क्रूड ऑयल के घटे दाम का लाभ देने के लिए सरकार को डीजल -पेट्रोल के दाम में 2 रुपए प्रति लीटर की कमी करनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में राजधानी भोपाल जिले में करीब 180 पेट्रोल पंप संचालित है और 12 लाख लीटर डीजल एवं साढ़े 9 लाख लीटर पेट्रोल की रोजाना खपत है। भोपाल में सोमवार को पेट्रोल 106.62 प्रति लीटर और डीजल 91.98 रुपए प्रति लीटर के दाम रहे।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

सरकारी पीएसयू कंपनियों का कहना है कि एक्साइज ड्यूटी में बढ़ोतरी से पेट्रोल और डीजल की रिटेल कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। यानी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा। वित्त मंत्रालय ने इस बारे में एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके अनुसार पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी अब 13 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं, डीजल पर यह ड्यूटी 10 रुपए प्रति लीटर हो गई है। आदेश में यह नहीं बताया गया है कि इसका खुदरा कीमतों पर क्या असर होगा, लेकिन इंडस्ट्री के सूत्रों का कहना है कि खुदरा कीमतों में बदलाव होने की संभावना नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें गिर गई हैं। इसलिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती होनी चाहिए थी। बढ़ी हुई एक्साइज ड्यूटी को उसी कटौती के बदले एडजस्ट किया जाएगा।

# स्वामी रामदेव का 31वां संन्यास दिवस नवरात्रि यज्ञ, अनुष्ठान और कन्या पूजन के साथ मना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरिद्वार

पतंजलि वैलनेस, फेस-।। स्थित योग भवन सभागार में स्वामी रामदेव महाराज का 31वां संन्यास दिवस पावन नवरात्रि यज्ञ, वैदिक अनुष्ठान व कन्या पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य बालकृष्ण ने स्वामी को माला पहनाकर 31वें संन्यास दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि आज मैं 30 वर्ष का संन्यासी हो चुका हूं और 31वें वर्ष के संन्यस्त जीवन में प्रवेश कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि संन्यासी का एक ही धर्म है- योगधर्म से राष्ट्रधर्म, सेवाधर्म और युगधर्म का निर्वहन करते हुए इस राष्ट्र को स्वास्थ्य के साथ-साथ समृद्धि और संस्कार देना, इसलिए पतंजलि योगपीठ निरंतर संस्कृति मूलक समृद्धि के सोपान चढ़ रहा है।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पूज्य स्वामी महाराज ने संन्यास ग्रहण करके भारतीय संस्कृति, परम्परा व मूल्यों को पूरी दुनिया में गौरव देने का कार्य किया और भारत की गौरवशाली परम्परा की पहचान पूरे विश्व में कराई।

इस अवसर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पूज्य संन्यासीगणों के साथ स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, दिव्य योग मंदिर राममुलख दरबार के योगाचार्य स्वामी लाल आदि सम्मिलित हुए।

### शोभायात्रा

शोभायात्रा मां गंगा के पावन तट पर पहुँची जहां 6 विद्वान भाइयों तथा 1 विदुषी बहन को नैष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा दी गई।

### आहुतियां दीं

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि कहा कि माँ भगवती सबका कल्याण करें, सबके जीवन में मंगल हो, स्वास्थ्य हो, समृद्धि हो, आनन्द हो, खुशियाँ हों, इसी कामना के साथ हमने 9 दिन का यह अनुष्ठान कर महायज्ञ में आहुतियां दीं हैं।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा एक किता प्लॉट नं.05, जो भूमि खसरा क्रमांक-367, 374, 386/4/2/1, 367, 374, 386/4/4, 372/2, 370/1, 367, 374, 386/4/3/1/1, ब्लॉक हर्षा (ज्योति), चिनार फॉर्च्यून सिटी, होशंगाबाद रोड, जो कि ग्राम बावडिया कलां, वॉर्ड नं. 52, तहसील-कोलार (पुरानी हुजूर), जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 3285 वर्गफिट अर्थात 305.18 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्थ सीमाये पूर्व में - प्लॉट नं.06, पश्चिम में- प्लॉट नं.04, उत्तर में- रोड 18 फिट चौडा उसके बाद गार्डन, दक्षिण- रोड को उसकी संपत्ति स्वामी श्रीमती मेघा चौकसे पत्नी श्री महेश चौकसे से विक्रय अनुबंध कर बयाना राशि दे दी गई है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तिय संस्था, या वारिसों को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि है तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय करने के उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य

भवदीय **अनुज जैन** (अधिवक्ता)
चेम्बर नं 138. उत्तमचन्द्र ईशरानी
लायर्स चेम्बर जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स, जिला भोपाल (एम.पी)
मो. 09691386301, 9958491114

## अडाणी ग्रुप के कोलंबो टर्मिनल का परिचालन शुरू

# भारत-श्रीलंका समुद्री साझेदारी में एक ऐतिहासिक उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अहमदाबाद

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने कोलंबो बंदरगाह पर स्थित कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल में परिचालन शुरू करने की घोषणा की है। एक ऐतिहासिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित, सीडब्ल्यूआईटी का संचालन भारत के सबसे बड़े बंदरगाह ऑपरेटर अदानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड, प्रमुख श्रीलंकाई समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण के एक संघ द्वारा 35 साल के बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर समझौते के तहत किया जाता है।



### इसमें 1,400 मी.की लंबाई और 20 मी.की गहराई

*सीडब्ल्यूआईटी परियोजना 800 मिलियन अमरीकी डालर के महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है और इसमें 1,400 मीटर की लंबाई और 20 मीटर की गहराई है, यह कोलंबो का पहला पूर्णतः स्वचालित गहरे पानी का टर्मिनल है, जिसे कार्गो हैंडलिंग क्षमताओं को बढ़ाने, जहाजों के टर्नअराउंड समय में सुधार करने तथा दक्षिण एशिया में बंदरगाह के प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस निर्माण कार्य 2022 की शुरुआत में शुरू हुआ और तब से इसमें तेजी से प्रगति हुई है। अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की स्थापना अब लगभग पूरी होने वाली है, सीडब्ल्यूआईटी क्षेत्रीय समुद्री रसद में परिचालन दक्षता और विश्वसनीयता में नए मानक स्थापित करने के लिए तैयार है।*

### समझौते से श्रीलंका वैश्विक समुद्री मानचित्र पर स्थापित होगा

*अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने इसे "भारत-श्रीलंका सहयोग का ऐतिहासिक क्षण" बताया। उन्होंने कहा कि यह टर्मिनल न सिर्फ हिंद महासागर में व्यापार के भविष्य को दर्शाता है, बल्कि श्रीलंका को वैश्विक समुद्री मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करता है। इससे हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होंगे और श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को नया जीवन मिलेगा। वहीं, जॉन कील्स ग्रुप के चेयरमैन कृष्णन बालेंद्रा ने कहा कि यह हमारी कंपनी की अब तक की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है और श्रीलंका के निजी क्षेत्र के इतिहास में भी एक अहम निवेश है। यह कोलंबो को एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में स्थापित करेगा और क्षेत्रीय व्यापार व संपर्क को नई दिशा देगा।*

# एलन चाइल्ड जीनियस परीक्षा 13 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट इंदौर की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए चाइल्ड जीनियस एप्टीट्यूड का आयोजन किया जा रहा है। एलन पीएनसीएफ हेड विशाल केजरीवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश के कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। परीक्षा ऑफलाइन मोड में 2 घंटे की होगी। परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 6.5 लाख रुपए के कैश प्राइज तथा एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। रैंक-1 पर रहने वाले विद्यार्थियों को 50 हजार का कैश प्राइज दिया जाएगा। इसके साथ ही हर प्रतिभागी के लिए भी कोर्सेज होंगे। इसमें कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए 30 दिन का बोर्ड मास्टर स्ट्रोक कोर्स, कक्षा 5 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए 15 दिन की मेंटल एबिलिटी वर्कशॉप, शो अन्य को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। परीक्षा में 100 मल्टीपल च्वाइस के सवाल पूछे जाएंगे। इसमें फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बॉयलोजी, मैथ्स, मैट और करंट अफेयर के सवाल उन्होंने परीक्षा में प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ 204 स्टूडेंट्स को 6.5 लाख रुपए के कैश प्राइज दिए जाएंगे।

**न्यायालय पुलिस उपायुक्त / विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट जोन 03 नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)**

क्रमांक पु.उपा/भो/जोन 03 / D / 87/2025 दिनांक 03/04/ 2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

इस न्यायालय मे थाना कोतवाली मे जप्तशुदा वाहन 58 नग धारा 25 पुलिस एक्ट मे जप्त कर राजसात की प्रक्रिया प्रचलन मे है। पुलिस रेगुलेशन की धारा 26,27 मे 25 पुलिस एक्ट के अधिकारों का उपयोग करते हुए थाना कोतवाली जिला भोपाल जोन-03 का प्रतिवेदन अपराध क्र..1/24-2/24 प्रकरण प्राप्त हुआ है जिसमे कुल दोपहिया 56 चार 02 पहिया या अन्य वाहन कुल 58 नग 25 पुलिस एक्ट मे दिनांक 20/11/24 को विधिवत नियमानुसार जप्त किये गये हैं। जिसे इस न्यायालय द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वाहनो को राजसात करने की प्रक्रिया प्रचलन मे है। उक्त संपत्ति के राजसात करने व जप्त करने के संबंध मे यदि किसी संस्था/व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि के भीतर कार्यालय विशेष न्यायालय जोन-03 / पुलिस उपायुक्त भोपाल मे प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होंगी। वाहनो/संपत्ति को राजसात कर आम नीलामी से शासन हित मे विक्रय किया जाएगा।

(रियाज इकबाल भा.पु.से.)
पुलिस उपायुक्त / न्या. विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट
जोन-03 नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)

जी - 11289/25 स्वच्छता ही सेवा है।

**कार्यालय छावनी परिषद पचमढ़ी**

क्र. 112/TC/Thermplast Paint/38 दिनांक :- 07 अप्रैल 2025

// टेंडर प्रथम आमंत्रण //

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा शासकीय विभाग / स्थानीय निकाय / छावनी परिषद में पंजीयन ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु टेण्डर गवर्मेन्ट defproc.gov.in पोर्टल पर आमंत्रित किये जाते है। ठेकेदार का छावनी परिषद पचमढ़ी में पंजीयन होना आवश्यक है। कार्य संबंधी विवरण एवं समस्त सूचनायें defproc.gov.in साईट पर दिनांक 08/04/2025 के 18.00 बजे तक प्रकाशित की जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | अमानत राशि | टेण्डर फार्म कीमत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छावनी क्षेत्र में सड़कों पर थर्मोप्लास्ट पेन्टीग कार्य। | रू. 7,00,000/- | रू. 14000/- | रू. 2,000/- |

राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद पचमढ़ी

## टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट

# मुथूट फाइनेंस को लगातार 9वें साल मिली नंबर वन भरोसेमंद वित्तीय सेवा ब्रांड की मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



गोल्ड लोन एनबीएफसी मुथूट फाइनेंस को एक बार फिर टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट द्वारा 2025 के लिए भारत के नंबर 1 सबसे भरोसेमंद वित्तीय सेवा ब्रांड के रूप में मान्यता दी गई है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि 2016 के बाद से लगातार 9वें वर्ष है जब मुथूट फाइनेंस को यह प्रतिष्ठित मान्यता मिली है 2025 का संस्करण 16 शहरों में किए गए व्यापक प्राथमिक शोध और 6,000 घंटों से अधिक फील्डवर्क पर आधारित है। अध्ययन भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों की पहचान करने के लिए उपभोक्ता धारणा और विश्वास-आधारित ब्रांड व्यवहार का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करता है।

### समाधान

#### जिम्मेदार ऋण प्रथाओं के माध्यम से उद्योग के मानक स्थापित किए

*मुथूट फाइनेंस ने अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, अत्याधुनिक डिजिटल परिवर्तन पहल और जिम्मेदार ऋण प्रथाओं के माध्यम से लगातार उद्योग के मानक स्थापित किए हैं। वित्तीय समावेशन पर मजबूत ध्यान देने के साथ, कंपनी शहरी और ग्रामीण भारत में व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों के लिए ऋण तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करती है। यह कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों का पालन करता है, नियामक दिशानिर्देशों और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ पूरी तरह से संरेखित, और किफायती वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।*

### प्रमाण

#### देशभर में 40 हजार समर्पित मुथूटियन के अथक प्रयासों का प्रमाण

*मुथूट फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहाकि लगातार 9वें वर्ष भारत के नंबर 1 सबसे भरोसेमंद वित्तीय सेवा ब्रांड के रूप में पहचाना जाना सम्मान की बात है। यह उपलब्धि ग्राहकों को ईमानदारी, पारदर्शिता और नवाचार के साथ सेवा देने के लिए हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुथूट फाइनेंस ने हमेशा वित्तीय समाधान प्रदान करके प्राथमिकता दी है। भारत के सबसे भरोसेमंद वित्तीय ब्रांड के रूप में फिर से पहचाना जाना ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और देश भर में 40,000 से अधिक समर्पित मुथूटियन के अथक प्रयासों का प्रमाण है।*

## बिजनेस न्यूज

### इस्कॉन अध्यक्ष राधेश्याम ने कहा- मानसरोवर में है हंस, जो करते हैं दूध और पानी अलग



**भोपाल।** मानसरोवर में हंस पक्षी रहते हैं जो जानते हैं कि दूध और पानी को कैसे अलग अलग करना है। इस संस्थान का नाम भी मानसरोवर है और यहां भी अच्छाइयों को स्वीकारकर बुराइयों को दूर रखा गया है। ठीक ऐसा ही हम सबको अपनी जीवन यात्रा में करना चाहिए। ये वाक्य आईआईटियन गोल्ड मेडलिस्ट इस्कॉन पुणे के अध्यक्ष राधेश्याम प्रभु ने मानसरोवर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में हनुमान जी की लंका यात्रा से सफलता के टिप्स देते हुए कहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुणे इस्कॉन टेम्पल के अध्यक्ष राधेश्याम प्रभु और भोपाल इस्कॉन टेम्पल के अध्यक्ष रशानंदा दास सहित मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, आयुर्वेद संचालक डॉ. बाबुल ताम्रकार, मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत और मानसरोवर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरूदत्त नायक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय ने कहा कि श्री राम और हनुमान जी के जीवन के कई सारे ऐसे पहलु हैं जिन्हें गहराई से समझने की आवश्यकता है, आज स्वामीजी इन पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे।

### एलएन मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम

**भोपाल।** प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और एक स्वस्थ भविष्य की दिशा में संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष की थीम स्वस्थ रहें, भविष्य सुरक्षित करें हमें यह याद दिलाती है कि एक स्वस्थ समाज ही प्रगति की नींव है। भारत सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। आज देश की लगभग 65 फीसदी जनसंख्या माताओं और बच्चों से संबंधित है, जिनके लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख कदमों में शामिल हैं- संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना, जिससे सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित हो। नवजात गहन चिकित्सा इकाइयों की स्थापना एवं विस्तार, जिससे नवजात शिशुओं की देखभाल बेहतर हो सके। टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत लागू करने हेतु प्रोत्साहन राशि एवं मुफ्त चिकित्सा सुविधा।

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने शुरू की बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना

**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक नई रिटेल सावधि जमा योजना 'बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना' आरंभ किए जाने की घोषणा की। 444-दिवसीय यह सावधि जमा योजना आम जनता के लिए 7.15 फीसदी प्रति वर्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.65 फीसदी प्रति वर्ष, अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.75 फीसदी प्रति वर्ष तथा समय-पूर्व अदेय जमाराशियों पर 7.80 फीसदी प्रति वर्षतक ब्याज दरप्रदान करती है। यह योजना 7 अप्रैल, 2025 से शुरू होगी तथा 3 करोड़ रुपए से कम की रिटेल सावधि जमाराशियों पर लागू होगी। बीना वाहिद, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि ब्याज दरों में गिरावट के दौर में, 'बॉब स्क्वायर ड्राइव जमा योजना' जमाकर्ताओं को उच्च ब्याज दरों को लॉक करने तथा अपनी बचत पर स्थिर और सुनिश्चित रिटर्न अर्जित करने का एक आकर्षक विकल्प प्रदान करती है।

### आईआईएफएल फाइनेंस बॉन्ड्स से 500 करोड़ करेगी एकत्रित

**नई दिल्ली।** नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी, आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड द्वारा 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के कूपन के साथ बॉन्ड्स के पब्लिक इश्यू द्वारा 500 करोड़ रुपए एकत्रित किए जाएंगे। एकत्रित किए गए फंड का उपयोग आगे ऋण देने, फाईनेंसिंग एवं सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इन एनसीडीज़ को क्राईसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्राईसिल एए/स्टेबल रेटिंग और आईसीआरए लिमिटेड द्वारा आईसीआरए एए स्टेबल रेटिंग दी गई है। ये इश्यू सोमवार 7 अप्रैल, 2025 से मिलना शुरू होंगे और बुधवार 23 अप्रैल, 2025 तक मिलेंगे।

### फैबटेक टेक्नोलॉजीज की केल्विन में हिस्सेदार 51 फीसदी हुई

**मुंबई।** फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम लिमिटेड ने घोषणा की कि उसने केल्विन एयर कंडीशनिंग एंड वेंटिलेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (केल्विन) में अपनी हिस्सेदारी एक-तिहाई से बढ़ाकर 51 फीसदी कर दी है। इस एक्वीजीशन के साथ, केल्विन अब फ़ैक्टेक की सब्सिडियरी कंपनी बन गई है, जिससे दोनों कंपनियों के ऑपरेशंस और रिसोर्स में और मजबूती आएगी। फ़ैबटेक ने 2024 में केल्विन में एक-तिहाई हिस्सेदारी एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के रूप में हासिल की थी, ताकि वह अपने पोर्टफोलियो में एचवीएसी विशेषज्ञता को शामिल कर सके।

### महिंद्रा यूनिवर्सिटी में संगोष्ठी का आयोजन

**हैदराबाद।** महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने भारत की ऐतिहासिक धरोहर की आधारशिला कहलाने वाली सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें उन प्रख्यात विद्वानों और विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे जिन्होंने इस सभ्यता के ऐतिहासिक, पुरातात्विक और भाषाई महत्व को खंगाला है। इस संगोष्ठी का आयोजन महिंद्रा युनिवर्सिटी की रिसर्च टीम की अंतरक्षेत्रीय परियोजना के तहत किया गया। यह टीम सिंधु घाटी लिपि के गूढ़ अक्षरों को समझने पर काम कर रही है।

### कैप्टन राजेश उन्नी को मिला भारत का सर्वोच्च मैरीटाइम सम्मान

**मुंबई।** सिनर्जी मरीन ग्रुप के संस्थापक कैप्टन राजेश उन्नी को आयोजित 62वें नेशनल मैरीटाइम-डे समारोह के दौरान भारत सरकार द्वारा नेशनल मैरीटाइम वरुना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह समुद्री क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान है। यह पुरस्कार मुंबई में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शिपिंग महानिदेशक और नैशनल मैरीटाइम-डे समारोह (सेंट्रल) समिति के चेयरमैन श्याम जगन्नाथन (आईएएस अधिकारी) द्वारा भारत की समृद्ध और स्थायी समुद्री विरासत के सम्मान में आयोजित आधिकारिक समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

**ई-नीलामी सूचना**

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग (बैंकिंग प्रभाग) **797-** द्वितीय तल शांति कुंज, जबलपुर- (म.प्र.) 482 001

**Case No. RC / 98 / 2024 / ओ.ए. नं. 395/2022**

**ई-नीलामी क्रमांक** 96/2025

**INDIAN BANK वि. PARAMJEET SINGH KHANUJA एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC/98/2024 / O.A. No. 395/2022** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs.52,39,138.00 (Rupees Fifty Two Lakh Thirty Nine Thousand One Hundred Thirty Eight Only)** तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से **23-03-2022** से ब्याज एवं की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑन लाईन ई-नीलामी प्रक्रिया तहत वेबसाईट **https:// www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 21-05-2025 दोपहर** 12.00 **बजे से** 1.00

**संपत्ति की अनुसूची**

**Residential House on Plot No.-9, situated at Khanuja Enclave, E-9, Arera Colony, Tehsil- Huzur, Distirct- Bhopal (M.P.); area admeasuring 3306 sq. ft.; property in the name of Shri Paramjeet Singh Khanuja s/o Shri Surjeet Singh Khanuja.**

प्रारक्षित मूल्य : रुपए **1,36,00,000.00 (Rupees One Crore Thirty Six Lakh only);**

**विक्रय की शर्ते**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिये । अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@clindia.com or E-mail ID: support@bankeauc-tions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तो का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑन-लाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में पहचान पत्र की प्रति साथ में संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10% राशि जो **रुपए Rs. 13,60,00,00 (Rupees Thirteen Lakhs Sixty Thousand only)** है, RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा **वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर के नाम से धारित Account No. 5692799461** in the name of **"Recovery Officer, E-Auction Account, DRT Jabalpur with Central Bank of India, Dhobighat Branch, Jabalpur (IFSC Code CBIN0281618)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑन लाईन माध्यम से दिनांक **19-05-2025** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (**BSNL** बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा षीघ्र अति षीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑन लाईन नीलामी बोली, प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड की वृद्धि राशि न्यूनतम **रुपए Rs. 1,40,000 (Rupees One Lakhs Forty housand only)** रुपये होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता जायेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापिस नहीं ले सकते, अन्यथा राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिन के अंदर या यदि 15 वा. दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वे दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्र. 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. **संपत्ति ''जहाँ है, जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार** पर विक्रय की जावेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **05-05-2025** को **प्रातः 12 बजे से** 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जावेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने/स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Ankur Singh, Chief Manager, Mob. No.7415887874** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@clindia.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Ankur Singh, Chief Manager, Mob. No.7415887874** से प्राप्त किया जा सकता है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। डी.आर.टी./बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विच्छेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**स्थान : जबलपुर,**
**दिनांक 02.04.2025**

**(प्रीती देसाई)**
**वसूली अधिकारी-2**

चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए दौर के लिए तैयार रहे भारत

भारत जंग, संघर्ष और टैरिफ सनक के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर भारत को अधिक सचेत व विवेकशील रहने की जरूरत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से ग्लोबल ट्रेड के स्थापित तंत्र के टूटने की संभावना प्रबल हो गई है और नए वैश्विक ट्रेड ऑर्डर के विकसित होने को दौर शुरू हो गया है। अमेरिका की ओर से जवाबी शुल्क और आयात पर उच्च दर से टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिस तरह अनिश्चतता की स्थिति बनी है, उससे पूरी दुनिया की सभी मजबूत अर्थव्यवस्था पर असर पड़ती दिख रही है। इसी सप्ताह 9 अप्रैल से अमेरिका नया टैरिफ दर व जवाबी शुल्क लागू करने जा रहा है, दस फीसदी बेसलाइन शुल्क 5 अप्रैल से ही लागू हो गया है, इससे अमेरिका को निर्यात करने वाले भारत, चीन समेत करीब 60 देश प्रभावित होंगे। ट्रंप टैरिफ वार के चलते सोमवार को विश्व के सभी प्रमुख शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। यूरोप, जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकॉन्ग के स्टॉक मार्केट औंधे मुंह गिरे। भारतीय शेयर बाजार में तो ब्लडबाथ की स्थिति दिखाई दी, सेंसेक्स 2200 अंक से अधिक गिरा, निवेशकों के 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक स्वाहा हो गए। खुद अमेरिका के शेयर बाजार के सभी प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज में पिछले दो अप्रैल के बाद से गिरावट का आलम है। ट्रंप के नए टैरिफ से जहां अमेरिकी अर्थव्यवस्था की चिंता महंगाई व उत्पादन लागत बढ़ने के साथ मंदी छाने की है, वहीं अमेरिका को निर्यात करने वाले देशों की चिंता बढ़े हुए शुल्क के चलते एक्सपोर्ट लागत बढ़ने व मात्रा के घटने को लेकर है। नए अमेरिकी टैरिफ के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर होने में वक्त लगेगा, कितना वक्त लगेगा, इसका आकलन करना कठिन है, तब तक विश्व में आर्थिक अनिश्चता बनी रहेगी। पहले से ही सुस्त ग्रोथ का सामना कर रहे चीन के जीडीपी पर दो से ढाई फीसदी का असर पड़ेगा। नए ग्लोबल ट्रेड ऑर्डर के विकसित होने में भी वक्त लगेगा, कारण इसका स्वरूप क्या होगा, इसे दिशा कौन देगा, डॉलर का क्या होगा और उसकी जगह कौन कौन सी मुद्रा लेगा? आदि ढेर प्रश्न हैं। क्या यूरोप, चीन, जापान, रूस या भारत जैसी अर्थव्यवस्था में विश्व के नए ट्रेड ऑर्डर को दिशा देने का सामर्थ्य है? विश्व बैंक, अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाओं का क्या होगा? विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच कड़ी कौन होगा? अभी सबकुछ भविष्य के गर्त में है, तब तक भारत को ट्रंप टैरिफ का प्रभाव कम करने के लिए तीन स्तर पर काम करना चाहिए। पहला घरेलू खपत के लिए अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करना चाहिए व आयात पर निर्भरता कम करनी चाहिए। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आर्थिक राष्ट्रवाद जैसे अभियान मददगार हो सकते हैं। दूसरा, अपने उत्पाद के निर्यात के लिए नए बाजार का विस्तार करना चाहिए। भारत सरकार चीन, ब्राजील, फ्रांस आदि 20 देशों के साथ आपसी ट्रेड समझौते पर विचार कर रही है। भारत को नए मुक्त व्यापार समझौते, नए ट्रेड कोरिडोर, आपसी विनिमय आदि की दिशा में बढ़ना चाहिए। तीसरा, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए और टैरिफ समस्या का हल निकालने का प्रयास करना चाहिए। इस वर्ष अमेरिका को भारत के माल निर्यात में 5.76 अरब डॉलर की गिरावट आने के आसार हैं।



बिम्सटेक

प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने का वक्त

भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतू बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक की क्षमता को और मजबूत करने का आह्वान किया है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट ऐसे अन्य उपायों के रूप में क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

कुछ दिन पूर्व भारत के प्रधानमंत्री ने सात एशियाई देशों के संगठन 'बिम्सटेक' के बैंकॉक में आयोजित छठे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और इन देशों के बीच बेहतर जुड़ाव, आर्थिक और डिजिटल संबंधों को प्रगाढ़ करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 'बिम्सटेक' में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमानों के अनुसार ये देश कुल 5.23 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी का उत्पादन करते हैं, जिसमें स्वाभाविक तौर पर भारत का योगदान सर्वाधिक है। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। खास बात यह है कि पाकिस्तान इस संगठन का सदस्य देश नहीं है।

हालांकि यह संगठन 27 साल से भी अधिक समय से चल रहा है, शुरूआत में जून 1997 में इसका गठन बिस्टेक के नाम से हुआ, यानि बांग्लादेश, इंडिया, श्रीलंका और थाईलैंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन। थोड़े ही समय बाद दिसंबर 1997 इसमें म्यांमार को शामिल करते हुए इसका नाम बिम्सटेक हो गया। फरवरी 2004 में नेपाल और भूटान इसके सदस्य बन गए और इसका नाम तो बिम्सटेक ही रहा, लेकिन उसे अब 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन' के नाम से जाना जाने लगा। अभी तक इसके शिखर सम्मेलन क्रमशः थाईलैंड, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका में होने के बाद 2 से 4 अप्रैल 2025 में इसका छठा शिखर सम्मेलन थाईलैंड बैंकॉक में आयोजित हुआ।

गौरतलब है कि भारत के पड़ोसी देशों का एक संगठन सार्क है। सार्क यानि साऊथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिजनल कोऑपरेशन, दक्षिण एशिया के देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालद्वीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका, कुल सात देशों का संगठन के रूप में 1985 में बना। 2007 में इसमें अफगानिस्तान शामिल हुआ। सार्क के 9 पर्यवेक्षक देश भी हैं, जिसमें यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान और चीन भी शामिल हैं। सार्क देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए साऊथ एशियन प्रफ्रेंशिएल ट्रेड एग्रीमेंट, यानी साप्टा; और साऊथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया, यानी साफ्टा नाम के दो समझौते क्रमशः 1995 और 2004 में हुए। इन समझौतों का उद्देश्य इस क्षेत्र में लोगों की भलाई के लिए व्यापार और विकास को बढ़ावा देना था। शुरूआती दौर से ही सार्क में कुछ विवाद रहा, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध छोटे देशों को भड़का कर उसे बदनाम करने का काम करना शुरू कर दिया था। पाकिस्तान के इस रुख को देखते हुए 1992 से शुरू 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत बिम्सटेक को बढ़ावा देने का काम शुरू किया। 1997 में इंडियन ओसिएन रिम एसोसिएशन, वर्ष 2000 में मैकाँग गंगा कोऑपरेशन और 2015 में बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट करते हुए बिम्सटेक को मजबूत करने का काम किया। गौरतलब है कि भारत के सार्क से विमुख होने के बाद सार्क का महत्व ही समाप्त हो गया और पिछले 10 सालों




से भी ज्यादा समय से इसका एक भी शिखर सम्मेलन नहीं हुआ। गौरतलब है कि बिम्सटेक में शामिल भारत के पड़ोसी या समीपवर्ती सातों देश विकासशील देश हैं। इन देशों में आर्थिक और जनसंख्या के नाते सबसे बड़ा देश भारत है। आज जब दुनियाभर के देशों के बीच विभिन्न प्रकार के अवरोध और असमंजस बढ़ रहे हैं, भारत की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत इस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग संगठन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत ने पिछले एक दशक में जो तकनीकी और आर्थिक प्रगति की है, इस क्षेत्र के लोग उससे प्रभावित हैं। कनेक्टिविटी का मामला हो या डिजिटाइजेशन की बात हो, अथवा अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग का मामला, भारत आज इस स्थिति में है कि इस क्षेत्र के देशों को मदद कर सके।

भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिम्सटेक के छठे शिखर सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतू बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक के एजेंडा और क्षमता को और मजबूत करने हेतु आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक में संस्थान और क्षमता निर्माण की दिशा में भारत के नेतृत्व में कई पहलों की घोषणा भी की। इनमें आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना शामिल है। उन्होंने युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक नए कार्यक्रम की भी घोषणा की, जिसके तहत पेशेवरों, छात्रों, शोधकर्ताओं, राजनयिकों और अन्य लोगों को प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में क्षेत्रीय आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए भारत द्वारा एक पायलट अध्ययन और क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की भी पेशकश की। अधिक क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना और भारत में हर साल बिम्सटेक बिजनेस समिट आयोजित करने की भी पेशकश की। क्षेत्र को एक साथ लाने वाले ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई पहलों की घोषणा की। भारत इस वर्ष बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट की मेजबानी करेगा और 2027 में जब समूह अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी भी भारत करेगा। यह पारंपरिक संगीत महोत्सव की मेजबानी भी करेगा।

अब, जबकि पाकिस्तान के नकारात्मक रवैये के कारण सार्क मृतप्राय हो चुका है, और बिम्सटेक नए क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरा है, जिसमें भारत एक प्रमुख शक्ति है, जहां विभिन्न देश अंतरिक्ष क्षेत्र और अन्य में सहयोग के लिए भारत की ओर देख रहे हैं, यह भारत को अपना प्रभाव बढ़ाने का एक नया अवसर देता है, जहां चीन हावी होने की कोशिश कर रहा है। श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों की प्रधानमंत्री की यात्रा संकेत है कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सहयोग विकसित करने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इसका भू-राजनीतिक महत्व भी है। चीन भी अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट, बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना, खेल आयोजन और ऐसे अन्य उपायों के रूप में बिम्सटेक देशों के साथ नियमित बातचीत, क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह




# विकास की रफ्तार बढ़ाने वाली होगी मौद्रिक समीक्षा

भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। महंगाई की वजह से यह कटौती 5 सालों के बाद की गई थी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस कटौती से क्रेडिट ग्रोथ में आंशिक तेजी देखी गई और आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है, जिससे 7 से 9 अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का दबाव बना हुआ है। हालांकि, अभी भी वैश्विक नीतियों में बदलाव, जैसे अमेरिका द्वारा भारत और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने, संरक्षणवाद, नीतिगत ब्याज दरों के संदर्भ में अमेरिका के फेडरल रिजर्व बैंक के रुख आदि के कारण बाजार में अस्थिरता बनी हुई है, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था की स्थिति वैश्विक अर्थव्यवस्था से इतर है, इसलिए जरूरी है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) घरेलू स्थितियों के अनुरूप मौद्रिक समीक्षा में निर्णय ले। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षों से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर फरवरी 2025 में घटकर 3.61 प्रतिशत के स्तर पर आ गई,जो जनवरी महीने में 4.31 प्रतिशत के स्तर पर थी। अभी महंगाई पिछले 6 महीनों में सबसे कम है। महंगाई के स्तर में गिरावट का मूल कारण खाद्य पदार्थों की कीमत में कमी आना है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग भी घट जाती है। फिर, विविध उत्पादों की बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, इससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना सही होगा कि महंगाई में कमी आने से ही विकास की गाड़ी तेज गति से आगे बढ़ सकती है। विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार के लिए विकास को बढ़ावा देना जरूरी है, इसलिए बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाई जा सकती है और विकास को रफ्तार दी जा सकती है। दूसरी तरफ, विगत 6 महीनों से महंगाई दर में गिरावट दर्ज की जा रही है, इसलिए, केंद्रीय बैंक के लिए 9 अप्रैल को नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती करने का फैसला लेने में मुश्किल नहीं आएंगी। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही थी। दिसंबर 2024 में क्रेडिट ग्रोथ घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जिसका सबसे बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना था। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी उपलब्ध नहीं है। पहले निवेशक अपनी जमा पूंजी बैंक में रखते थे, लेकिन आज अधिक प्रतिफल मिलने की आशा में वे शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड,सोना, बांड्स आदि में निवेश कर रहे हैं, जिससे बैंकों के समक्ष पूंजी की कमी हो गई है। मौजूदा समय में ग्राहक अपने पैसे जमा करने से परहेज कर रहे हैं। ऐसी विपरीत स्थिति में बैंकों के समक्ष सस्ती पूंजी का स्रोत केंद्रीय बैंक है। जब नीतिगत दरों में कटौती की जाएगी तो बैंकों को रिजर्व बैंक सस्ती दर ऋण देगा, जिसे वे पुनः जरूरतमंदों को सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे। फिलहाल, बैंक महंगी दर पर ऋण देने के लिए मजबूर हैं और महंगी दर पर ऋण उपलब्ध होने के कारण आमजन और कारोबारी ऋण लेने से बच रहे हैं। इस वजह से,कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, परिणाम स्वरूप आर्थिक गतिविधियां बाधित हुई हैं और विकास को रफ्तार नहीं मिल पा रही है। विश्लेषण से साफ़ है, एमपीसी 9 अप्रैल को मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की सिफारिश कर सकती है, ताकि बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिले, और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकें. इससे आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आएगी साथ ही साथ खपत में इजाफा होगा एवं आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

((लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मनुष्य इंद्रिय विषयों में आनंद अनुभव करता है



संकलित

दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

# ईर्ष्यालु व्यक्ति, किसी को सुखी नहीं देख सकता



संकलित

प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

## सटाका




## आज की पाती

### एआई से नई नौकरियां भी पैदा होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने पेरिस के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मैं एआई के सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां गया था। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी। – ***संदीप देशमुख, भाटापारा***

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता की पुष्टि करें



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, आइए हम स्वस्थ दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी और विभिन्न पहलुओं में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सभी वैज्ञानिकों को धन्यवाद



वर्ष 2000 से, वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में 40% की कमी आई है। यह स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के कारण है। इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, हम सभी वैज्ञानिकों सरकारों को धन्यवाद देते हैं जो माताओ शिशुओं को उम्मीद भरा भविष्य प्रदान कर रहे हैं।

**-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### जले पर नमक छिड़का



मई 2014 के मुकाबले अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की क़ीमत में 41% की गिरावट आई है, पर केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है। इससे निवेशकों का एक झटके में 19 लाख करोड़ स्वाहा होने से चैन नहीं मिला होगा, इसलिए सरकार जले पर नमक छिड़कने आ गई। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### देश को उलझा रखा



भक्तों बताओ शेयर मार्केट में कितने मुसलमानों का पैसा डूबा? 5 महीने में देश के लोगों का 94 लाख करोड़ डूब गया। अब 5 मिनट में 19 लाख करोड़ डूब गया। देश आर्थिक बर्बादी झेल रहा है, लेकिन मोदी ने देश को वक़्फ़, कब्र में उलझा रखा है।

**-संजय सिंह, आप नेता**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अमेरिका में तीन दशक बाद खसरे की बड़ी लहर


पिछले करीब तीन दशक में खसरे की सबसे बड़ी लहर से जूझ रहे अमेरिका के टेक्सास में इस बीमारी की चपेट में आने से एक अन्य बच्चे की मौत हो गई। इस बच्चे को भी खसरे से बचाव का टीका नहीं लगा था। ल्यूबॉक स्थित प्रमुख क्षेत्रीय अस्पताल और शिक्षण संस्थान 'यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (यूएमसी) हेल्थ सिस्टम' ने बताया कि अस्पताल में भर्ती एक स्कूली छात्र की खसरे के कारण मौत हो गई। बच्चे को इससे पहले कोई अन्य बीमारी नहीं थी। इससे पहले, फरवरी में टेक्सास में एक बच्चे तथा मार्च के प्रारम्भ में न्यू मैक्सिको में एक वयस्क की इस बीमारी के कारण मौत हो गई थी। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस वर्ष 21 राज्यों में खसरे के 607 मामले सामने आने की पुष्टि की है। यह संख्या 2023 की कुल संख्या के दोगुने से भी अधिक है। टेक्सास में 481 मामले सामने आए हैं, जो पिछले कुछ दशकों में राज्य स्तर पर सबसे अधिक मामले है। 'बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन' के प्रमुख टीकाकरण विशेषज्ञ डॉ. पीटर होटेज ने कहा, 'यदि मामले इसी तरह बढ़ते रहे तो हम 2019 के प्रकोप को भी पीछे छोड़ देंगे और यह लगभग पिछले 30 साल में सबसे खराब स्थिति है। दुखद बात यह है कि इन लोगों की मौत को पूरी तरह से रोका जा सकता था।'



## ऑफ बीट

# सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी

व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।





आईईएस रातीबड़ में नाटक रामायण का मंचन

# बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, सुन्दरकाण्ड के अंशों से सुसज्जित नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क़रीब डेढ़ सौ छात्र छात्राओं के साथ रामायण के कुछ अंश मिलाकर एक भव्य नाटक रामायण का मंचन आईईएस रातीबड़ के रंगभूमि मंच पर किया गया। जिसमें निर्देशन आशीर्वाद झा का रहा। राम नाम रति राम गति, राम नाम बिस्वास। सुमिरत सुभ मंगल कुसल, दुहुँ दिसि तुलसीदास चौपाई के साथ नाटक की शुरुआत हुई। जिसमें बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, लंकाकाण्ड के कुछ अंशों को दिखाया गया। नाटक के निर्देशक ने बताया कि तैयारी में क़रीब एक महीना लगा और पारसी शैली में तैयार किए गए इस नाटक में कई सारे बॉडी मूवमेंट के साथ ये प्रस्तुति तैयारी हुईं।




**कई सारे बॉडी मूवमेंट के साथ हुई प्रस्तुति**



खगोलीय गणनाओं का सूत्र बताया

## ग्रहों का ज्ञान कराने सारिका ने कराया आकाश दर्शन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पृथ्वी से 3 लाख 88 हजार 673 किमी की दूरी से अपनी 66 प्रतिशत चमक के साथ चमकते चंद्रमा और 82 करोड़ 76 लाख 50 हजार किमी दूर स्थित जुपिटर का दो विशाल टेलिस्कोप की मदद से अवलोकन कराने नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। आरबीआई कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासी अधिकारियों एवं उनके परिवारों ने खगोलीय पिंडों का अवलोकन कर उनकी वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त की। सारिका ने अलग-अलग तारामंडल में स्थित ग्रहों की जानकारी देते हुए इनके अवलोकन के लिए उपयुक्त माह तथा समय को बताया। बीते साल तथा वर्तमान रामनवमी का उदाहरण देते हुए आने वाले साल में संभावित दिनांक का खगोलीय गणना सूत्र बताया।

रंगदर्शनी में होगी प्रदर्शनी

## भारत भवन में संसृति की सर्जना एकल चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

**भोपाल।** विविध कलाओं के केन्द्र भारत भवन में 8 अप्रैल से संसृति की सर्जना एकल चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि रूपंकर कला केन्द्र के विशिष्ट कला प्रदर्शनियों की श्रृंखला के अंतर्गत यह प्रदर्शनी रंगदर्शनी दीर्घा में लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में वरिष्ठ चित्रकार आलोक श्रीवास्तव के चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में आलोक द्वारा वॉटर कलर का उपयोग कर कैनवास पर उकेरी गई कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। 20 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन करेंगे। प्रदर्शनी शाम 5 बजे शुरू होगी।

- प्रदर्शनी में वरिष्ठ चित्रकार आलोक श्रीवास्तव के चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा

शहीद भवन में नाटक 'खामोश अदालत जारी है' का मंचन

# पूर्वाभ्यास करते-करते कलाकारों ने निभाया जज, वकील, गवाह और अभियुक्त का रोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विजय तेंदुलकर द्वारा लिखिक नाटक खामोश अदालत जारी है का मंचन सोमवार शाम शहीद भवन सभागार में हुआ। नाटक में कलाकार पूर्वाभ्यास करते-करते स्वयं ही जज, वकील, गवाह और अभियुक्त बन जाते हैं और अभियुक्त पर भ्रूण हत्या का आरोप लगाते हैं। सब कुछ नकली होते हुए भी असली होता चला जाता है। शादी बिना ही मां बन जाना एक गंभीर अपराध है और उसके भ्रूण को कोख में ही मारने की सजा अदालत उसे सुनाती है।





### इन्होंने डाली कहानी में जान

नाटक के निर्देशक सभी पात्रों को चुनने में सही साबित होते है। जज के रूप में हिमांशु प्रजापति खेल जाते है। वकील रोहित पटेल नाटक को गति देते है, गवाह सार्थक त्रिपाठी आधुनिकता को साध कर चलते हैं, विशाल बकोरिया रोकड़े के किरदार में पहली बार बड़े रोल में आए है, पर अनुभव लिए दिखते है, निर्देशक की पत्नी के रूप में एक गृहणी ओशीन श्रीवास्तव एकदम वास्तविक लगती है, नाटक के मुख्य किरदार में अन्नु अहिरवार अपने रोल में जान डाल देती हैं, मासूमियत से एक अनुभवी किरदार निभाती है और सामंत के रूप में उदय घेंघट इस नाटक से अपने अभिनय की शुरुआत कर रहे है।

# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, व्यक्तित्व का समग्र विकास भी होना चाहिएः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## रवींद्रनाथ टैगोर विवि के तीसरे दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण की फैक्ट्री होते हैं और शिक्षकगण इन संस्थाओं के कुशल कारीगर होते हैं। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने राजधानी स्थित रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अपने ज्ञान का प्रयोग समाज के उत्थान में करें। केवल व्यक्तिगत सफलता ही नहीं, समाज और देश के विकास में भी भागीदारी आवश्यक है। कहा कि बड़े पद पर पहुंचने के बाद ही असली कार्य प्रारंभ होता है। अपने योगदान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें।




### दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रवींद्रनाथ टैगोर विवि की दीक्षांत समारोह स्मारिका तथा कंप्यूटर एक परिचय पुस्तक के 41वें संस्करण का विमोचन भी किया। समारोह में आरएनटीयू के कुलाधिपति संतोष चौबे, कुलगुरु डॉ. आरपी दुबे, इसरो के वरिष्ठ एयरोस्पेस वैज्ञानिक राधाकांत पाढ़ी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश निजी विवि विनियामक आयोग के पदाधिकारी, विवि की गवर्निंग बॉडी और बोर्ड आफ मैनेजमेंट के पदाधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, शिक्षाविद्, विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



### राष्ट्र के तीव्र विकास का उल्लेख किया

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे राष्ट्र के तीव्र विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अधोसंरचना, आर्थिक समृद्धि और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को दोहराया और कहा कि स्किल, स्केल और स्पीड के तीन स्तंभों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि धरती से दौलत निकालनी होगी- इस विचारधारा को मूर्त रूप देते हुए नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नव युग की शुरुआत हो रही है।

### युवाओं के पास विकास के बहुत अवसर

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज युवाओं के पास विकास के बहुत अवसर हैं। इन अवसरों का लाभ उठाएं। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का सदुपयोग स्वयं, समाज, देश और विश्व के कल्याण के लिए करें। उन्होंने कहा कि समाज युवाओं की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है और युवाओं को इस भरोसे पर खरा उतरना होगा।

## गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों से बातचीत

### टॉप कर गोल्ड मेडल जीता

23 वर्षीय आर्चिन कुमार ने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद आरएनटीय से बीए (ऑनर्स) समाजशास्त्र में 82.1 प्रतिशत से टॉप किया और यूजीसी डुअल डिग्री प्रोविजन के तहत इग्नू से बीए (जनरल) किया। इसके बाद आर्चिन कुमार ने आरएनटी से एमए समाजशास्त्र में 91.4 प्रतिशत से यूनिवर्सिटी टॉप कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। आर्चिन कुमार ने अपनी शिक्षा के साथ-साथ 60 से ज्यादा ऑनलाईन सर्टिफिकेट कोर्स भी किए हैं। जून 2024 में, आर्चिन ने यूजीसी नेट जेआरएफ समाजशास्त्र में 97.5 पर्सेंटाइल से बिना कोचिंग के पहले प्रयास में किया। आर्चिन कुमार ने काशी हिन्दू विवि में पीएचडी एडमिशन में 4 रैंक हासिल कर पीएचडी में एडमिशन लिया है, जहां से वे जेल में बंधी प्रेग्नेंट और मदर कैदियों और उनके बच्चों के ऊपर शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं।

**आर्चिन कुमार,** गोल्ड मेडलिस्ट, एमए- समाजशास्त्र

### पुरुष वर्ग भी पीड़ित होता है

आरएनटी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाली प्रतिज्ञा व्यास जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गया में पदस्थ हैं। वे अपने शोधकार्य पर बात करते हुए कहती हैं कि मेरा विषय लैंगिक परिप्रेक्ष्य में क्रूरता के बदलते आयामों का आलोचनात्मक अध्ययन रहा। मैं चूंकि न्यायिक क्षेत्र में हूं और हमारी सामाजिक व्यवस्था का पूरा तानाबाना न्यायिक क्षेत्र पर बहुत निर्भर करता है। आज पारिवारिक मामलों में न्यायिक सक्रियता बढ़ गई है। महिलाओं के लिए नए-नए कानून बन रहे हैं। पुरूष वर्ग भी कई बार पीड़ित होता है। थर्ड जेंडर को भी मान्यता मिल गई है। इस तरह से पूरे समाज पर कानूनों का क्या प्रभाव है, कुछ कानूनों का दुरुपयोग क्यों है, हम अच्छा करने के लिए क्या कर सकते हैं। इसलिए हमने इस विषय को शोध के लिए चुना और सफलतापूर्वक शोध को पूरा किया।

**डॉ. प्रतिज्ञा व्यास,** गोल्ड मेडलिस्ट, पीएचडी स्कॉलर

### चिंतन को समझने का मौका मिला

आरएनटीयू के एलएलएम के छात्र आदित्य शर्मा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं पेशे से सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड हूं। परंतु वर्ष 2020-21 में मैंने ब्रेक लेकर एक बार फिर से लॉ एजूकेशन को रिफ्रेश किया। इस दौरान मुझे आज के फैकल्टीज एवं स्टूडेंट्स द्वारा किए जा रहे चिंतन को समझने का मौका मिला जो रेगुलर प्रेक्टिस और क्लाइंट डिलिंग में सहायक होगा।

**आदित्य शर्मा,** गोल्ड मेडलिस्ट, एलएलएम

### यह शिक्षा सहयोगी साबित हुई

आरएनटीयू में एमटेक के छात्र हरीश शर्मा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कि विवि के फेकल्टीज के सहयोग से मैंने कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट अपने शोध का कार्य किया है। इन दो वर्षों के दौरान मेरे दो रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पब्लिश हुए हैं। इसमें वेस्ट प्रोडक्ट का कॉक्रीट में इस्तेमाल करके कैसे उसे मजबूती प्रदान कर सकते हैं, पर कार्य किया गया है। चूंकि, मैं मप्र शासन में नगरीय प्रशासन विभाग में सहायक अभियंता हूं, तो अपने कार्य के दौरान यह शिक्षा मेरे लिए सहयोगी साबित होगी। **हरीश शर्मा,** गोल्ड मेडलिस्ट, एमटेक

निटर के 61वें स्थापना दिवस पर

नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी रहे मुख्य अतिथि



# करुणा का भूमंडलीकरण केवल दुनिया में सिर्फ भारत ही कर सकता हैः सत्यार्थी

*सत्यार्थी ने कहा- मनुष्य को मन, वचन व कर्म से ईमानदार होना चाहिए, जिससे समाज का समग्र विकास हो सके*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर ने सोमवार को अपने 61वें स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सत्यार्थी ने निटर भोपाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरी दुनिया का विकास परस्पर सहयोग से ही संभव है। व्यक्ति में दया एवं करुणा से ही संवेदनशीलता का विकास होता है। करुणा का भूमंडलीकरण केवल भारत ही कर सकता है। मनुष्य को मन, वचन व कर्म से ईमानदार होना चाहिए, जिससे समाज का समग्र विकास हो सके। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का स्थान कोई कंप्यूटर नहीं ले सकता। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ कंपैशनेट इंटेलिजेंस भी आवश्यक है।





### शिक्षण पद्धतियों पर चर्चा

निटर के डायरेक्टर प्रो. सीसी त्रिपाठी ने संस्थान की 61 वर्षों की यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान का स्थापना दिवस उसके गौरवशाली अतीत पर गर्व करते हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए अपने आप को तैयार करने का होता है। प्रो. त्रिपाठी ने गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, इंटर्नशिप, कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से मेक इन इंडिया को मजबूती, डिजिटल शिक्षा, अनुसंधान नेतृत्व भविष्य की दिशाएं एआई-संचालित शिक्षण पद्धतियां आदि पर चर्चा की।

### लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया

डीन कार्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पीके पुरोहित ने कैलाश सत्यार्थी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में कहा कि उनका बचपन बचाओ आन्दोलन 144 देशों में विस्तारित हो चुका है। जिस कारण आज वे विश्व मंच पर करुणा, साहस और सत्यनिष्ठा का पर्याय बन चुके हैं।

इस अवसर पर निटर भोपाल एवं कैलाश सत्यार्थी पर बनी लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर निटर भोपाल में प्रस्तावित एआई एमएल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की लैब का नामकरण कैलाश सत्यार्थी के नाम पर किया गया। इस अवसर पर संस्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें सुमेधा सत्यार्थी, वंदना त्रिपाठी, प्रो. आरके दीक्षित, प्रो. संजय अग्रवाल एवं अन्य संस्थानों से विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन मेजर निशांत ओझा ने दिया माना। संचालन अनीता लाला ने किया।

## आईएमडी की चेतावनी झुलसाएगी भीषण गर्मी


# राजस्थान, गुजरात और पंजाब समेत 5 राज्यों में रेड अलर्ट

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सड़कें सूनी हैं। लोग घरों में दुबके हुए हैं। कई राज्यों में गर्मी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्से इन दिनों भीषण गर्मी ने हलाकान कर दिया है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सड़कें सूनी हैं। लोग घरों में दुबके हुए हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के ने बताया कि आने वाले कुछ दिन गर्मी का प्रकोप और तेज होगा। मौसम वैज्ञानिकों ने दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में लू की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ राज्यों में थोड़ी राहत मिलने की संभावना भी जताई गई है।

### दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्से जलने लगे



### गुजरात-राजस्थान में भीषण लू

आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने सोमवार को बताया कि गुजरात और पश्चिमी राजस्थान में इस समय भीषण लू का प्रकोप है, जिसके चलते इन इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के कुछ हिस्सों में तो पारा 45 डिग्री को भी पार कर गया है, जो पिछले एक दशक में सबसे ज्यादा है। वहीं, पंजाब और हरियाणा में अगले 3 दिनों तक लू का असर रहेगा, जबकि दिल्ली-एनसीआर में भी अगले 72 घंटे तक भयंकर गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

विदर्भ में कड़े तेवर

### यहां गर्मी की मार, तापमान 42 डिग्री के पार



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर सहित पूरे विदर्भ में गर्मी ने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही विदर्भ के अधिकांश जिलों का तापमान 42 डिग्री के पार जा चुका है। विदर्भ के लोगों को इस भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2-3 दिन में तापमान और बढ़ सकता है और तापमान बढ़कर 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। अप्रैल की शुरुआत से ही यह गर्मी का दौर लगातार जारी है। इस मौसम में पहली बार पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। नागपुर का तापमान 2 डिग्री बढ़ने के साथ 42.02 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। वहीं, 43.9 डिग्री के साथ अकोला सबसे ज्यादा गर्म रहा। इसके अलावा, चंद्रपुर, अकोला, बुलढाणा, वर्धा, यवतमाल, नागपुर जैसे जिले भी इस भीषण गर्मी से प्रभावित हैं।

हिमालय में राहत की संभावना मगर मैदानी इलाके जलते रहेंगे

### चार दिन तक यहां राहत की उम्मीद नहीं

वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी राज्यों में सक्रिय होगा, जिसके चलते जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि, इसका असर मैदानी इलाकों पर नहीं पड़ेगा। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में अभी कम से कम 3-4 दिन और भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी।



मौसम विभाग ने कहा कि अगले सप्ताह के आखिर तक उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में तापमान थोड़ा नीचे आ सकता है। लेकिन तब तक लोगों को इस भीषण गर्मी से जूझना होगा। सरकार ने भी हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

---

## खबर संक्षेप

### कामरा की हाईकोर्ट से जमानत अवधि बढ़ी

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने सोमवार को मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम सुरक्षा 17 अप्रैल तक बढ़ा दी। यह सुरक्षा मुंबई में खार पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले के संबंध में थी, जिसमें कथित तौर पर 'नया भारत' नाम के अपने हालिया कॉमेडी शो के दौरान महाराष्ट्र के राजनेता पर गलत टिप्पणी की थी।



### आसाराम को 30 जून तक अंतरिम जमानत

**जयपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को हाईकोर्ट के जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच ने आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी।



### देहरादून-शिमला बाइपास पर हादसा, 3 की मौत

**शिमला।** उत्तराखंड में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां पर एक तेज रफ्तार बस लोडर गाड़ी से टकरा गई, जिसमें तीन बच्चों की मौत हो गई है। वहीं एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हैं। यह हादसा देहरादून-शिमला बायपास रोड पर हुआ है। जैसे ही लोडर ने बस को टक्कर मारी, तुरंत बस पलट गई। यह बस आईएसबीटी से विकासनगर जा रही थी।



### 9 घंटे बाद बुझी आग मालिक समेत 2 जले

**हरिद्वार।** यहां के पथरी थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर में रविवार रात गणपति केमिकल फैक्टरी में लगी आग 9 घंटे में बुझी। आग में मालिक और एक कर्मचारी के जिंदा जलने से मौत हो गई। सोमवार सुबह दोनों के शव पुलिस ने बरामद कर लिए। रात में ही आग से झुलसे एक कर्मचारी को अस्पताल भेज दिया था। 2 ट्रक, 3 बाइकों सहित पूरी फैक्टरी राख हो गई।



### सीरियल डायरेक्टर ने 6 को कुचला,1 की मौत

**कोलकाता।** बंगाली सीरियल के डायरेक्टर सिद्धांत दास और उनकी दोस्त श्रेया बसु की गुस्साई भीड़ ने पीट दिया। उनकी कार अनियंत्रित होकर भीड़ को टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत और 6 लोग घायल हो गए हैं। ये हादसा कोलकाता के ठाकुरपुकुर बाजार में हुई। ये शहर का सबसे ज्यादा भीड़ वाला इलाका है। इसके बाद भीड़ ने दोनों को पकड़ा और पीट दिया।



---

## वक्फ कानून को लेकर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भारी हंगामा

# नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 'वेल' में आकर लगाए नारे, काली पट्टियां लहराईं व कॉपियां फाड़ी

*जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ संशोधन अधिनियम पर हंगामे के बाद सदन को कुछ देर के लिए स्थगित कर दिया गया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने अधिनियम पर स्थगन प्रस्ताव को अनुमति न देने पर स्पीकर के खिलाफ प्रदर्शन किया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा को सोमवार को स्पीकर अब्दुल रहीम राथर ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर चर्चा के लिए प्रश्नकाल स्थगित करने से इनकार करने पर हुए हंगामे के बाद 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया।*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को नए वक्फ कानून को लेकर भारी हंगामा हुआ। हाल ही में संसद में पारित हुए इस कानून को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने चर्चा की मांग करते हुए विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन स्पीकर की तरफ इसकी अनुमति न दिए जाने के बाद सदन में बवाल मच गया। जैसे ही स्पीकर ने कहा कि 'मामला न्यायालय के अधीन है, इसलिए इस पर चर्चा नहीं की जा सकती' नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक बिफर गए और वेल की ओर बढ़े।

उन्होंने सदन में काली पट्टियां लहराईं और वक्फ अधिनियम के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ विधायकों ने विरोध स्वरूप अपनी कॉपियां तक फाड़ दीं। इस दौरान भाजपा और एनसी के विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक और जोरदार नारेबाजी भी हुई। सदन के अंदर हाथापाई तक की नौबत आ गई। वहीं, भाजपा विधायकों ने जवाब में कहा कि जब कानून बन चुका है, तो अब चर्चा क्यों? स्पीकर के हस्तक्षेप के बावजूद हंगामा शांत नहीं हुआ और स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई। आखिरकार सदन को स्थगित करना पड़ा।

### एनसी के स्थगन प्रस्ताव को स्पीकर ने नहीं दी अनुमति तो बिफरे

#### एनसी और उसके सहयोगी दलों ने काले झंडे लहराए

एनसी और उसके सहयोगी दलों के विधायकों ने सदन में काले झंडे भी लहराए और चेताया कि जब तक उनकी स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा, वे चुप नहीं बैठेंगे।



भाजपा और एनसी विधायकों में नोकझोंक

#### भाजपा ने नोटिस का विरोध किया

जैसे ही सदन शुरू हुई नजीर गुरेजी और तनवीर सादिक के नेतृत्व में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सदस्यों ने वक्फ कानून पर चर्चा करने के लिए प्रश्नकाल को स्थगित करने का प्रस्ताव रखा, जिसके लिए एनसी, कांग्रेस और कुछ निर्दलीय सदस्यों के 9 सदस्यों ने स्पीकर को नोटिस दिया था। सदन के नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ने

#### पीडीपी के पारा ने कहा- वक्फ संपत्ति हमारी विरासत

पीडीपी नेता वाहीद पारा ने कहा कि 'इस्लामिक धार्मिक संपत्तियां हमारी विरासत हैं जो कि हमारे पूर्वज छोड़कर गए हैं और यह मुस्लिमों का धार्मिक मामला है। मुस्लिम को शामिल किए बगैर उनसे जुड़ा कोई कानून पारित करना सही नहीं है। मुस्लिम समदाय ने इस बिल का खुलकर विरोध किया है। वक्फ की संपत्तियों को केवल संपत्ति के रूप में देखना गलत है।

#### महबूबा ने तो 'एंटी-मुस्लिम एजेंडा' कहा

इस पूरे घटनाक्रम पर पीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने एनसी सरकार पर भाजपा के 'एंटी-मुस्लिम एजेंडे' के आगे झुकने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस पार्टी को बहुमत मिला है, वो जनता से जुड़ी इतनी अहम बात पर चर्चा से भी भाग रहा है। तमिलनाडु सरकार से सबक लेना चाहिए।

#### स्पीकर बोले- मामला कोर्ट में विचाराधीन

विधानसभा अध्यक्ष राथर ने नियम 58 का हवाला देते हुए कहा कि यह मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए प्रश्नकाल स्थगित कर इस पर चर्चा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मैं सदन में स्थगन की अनुमति नहीं दे सकता क्योंकि मामला न्यायालय में लंबित है ।



वक्फ कानून के खिलाफ

#### सुप्रीम कोर्ट में अब तक 10 याचिकाएं दायर



वक्फ बोर्ड संशोधन कानून 2025 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अब तक 10 याचिकाएं दायर की गई हैं। सभी याचिकाओं में एक ही बात कही गई है कि यह मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक साजिश है। याचिकाओं में इस कानून को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने दायर याचिकाओं सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की है। इस बीच इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की ओर से मामले को सीजेआई संजीव खन्ना की बेंच के सामने मेंशन किया गया है। सीजेआई ने कहा कि हम दोपहर में आपकी मेंशनिंग पर विचार करेंगे। मामले की सुनवाई की जा सकती है।

---

## पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ा तो लगी 'सियासी आग' मंत्री का 'अग्निशमन' काम आया बेलाग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की केंद्र सरकार की घोषणा के साथ जैसे ही सियासी सरगर्मी बढ़ी, कांग्रेस पार्टी समेत अन्य विपक्षी दलों ने सवाल उठाने शुरू किये कि अंतराष्ट्रीय बाजार में जब कच्चे तेल का मूल्य औंधे मुंह गिरा है तो उसका फायदा आम जनता को क्यों नहीं दिया जा रहा? उत्पाद शुल्क बढ़ाकर क्यों आम जनता पर बोझ लादा जा रहा है? पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने तुरंत मौके को भांप कर स्थिति साफ की। उन्होंने बताया कि उत्पाद शुल्क बढ़ाने का असर आम ग्राहकों पर नहीं पड़ेगा।



**मंत्री ने संभाला मोर्चा**-पुरी ने कहा कि यह बढ़ोतरी आमजन पर बोझ नहीं डालेगी, क्योंकि खुदरा कीमतें स्थिर रहेंगी। इस राजस्व का उपयोग सड़क निर्माण, विकास कार्यों में होगा। सस्ते कच्चे तेल का फायदा सरकार को राजस्व के रूप में लेना चाहिए ताकि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

#### विपक्षी दलों ने घेरा

*विपक्षी दलों ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे 'जनता की जेब पर डाका' करार देते हुए कहा कि जब कच्चा तेल सस्ता है, तो जनता को राहत क्यों नहीं? सरकार टैक्स बढ़ाकर मुनाफाखोरी कर रही है।' कांग्रेस ने मांग की कि एक्साइज ड्यूटी को 2014 के स्तर (पेट्रोल पर 9.48 रुपए और डीजल पर 3.56 रुपए प्रति लीटर) पर वापस लाया जाए। तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ'ब्रायन ने इसे 'चुनावी स्टंट' बताया और आरोप लगाया कि सरकार जनता को राहत देने के बजाय केवल दिखावा कर रही है।*

*आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी इसे लेकर नाराजगी जताई। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया कि केंद्र सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है, लेकिन दिल्ली जैसे राज्यों को उसका हिस्सा नहीं दे रही। यह दोहरा खेल है। वहीं, कुछ क्षेत्रीय दलों जैसे समाजवादी पार्टी ने इसे 'महंगाई को बढ़ावा देने वाला कदम' बताया और प्रदर्शन की धमकी दी।*

#### जनता और विशेषज्ञों की राय

जनता के बीच भी इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया है। कुछ लोग इसे सरकार की मजबूरी मानते हैं, जबकि कई का कहना है कि सस्ते तेल का फायदा उन्हें सीधे तौर पर मिलना चाहिए था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम महंगाई को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, क्योंकि खुदरा कीमतें नहीं बढ़ेंगी, लेकिन लंबे समय में तेल की कीमतों में उछाल होने पर जनता पर बोझ बढ़ सकता है। यह फैसला सरकार द्वारा राजस्व बढ़ाने और बजटीय घाटे को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि, इस बढ़ोतरी के बावजूद, तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों (रिटेल प्राइस) में कोई बदलाव नहीं होगा। इसका मतलब है कि आम उपभोक्ताओं को अभी ईंधन के लिए अधिक कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। कंपनियों ने यह भी साफ किया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हालिया गिरावट को देखते हुए वे इस अतिरिक्त शुल्क को अपने मार्जिन में समायोजित कर लेंगी, जिससे खुदरा मूल्य स्थिर रहेंगे। उदाहरण के लिए, यह बताया गया कि ब्रेंट क्रूड की कीमत 65 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे चली गई है, जो तेल कंपनियों को यह लचीलापन देता है।

---

## सुप्रीम फैसले के बाद टीचर्स से मिलीं ममता

# जब तक मैं 'जिंदा' हूं, आपकी नौकरी कोई नहीं छीन सकता

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त किए गए टीचर्स से मुलाकात की है। आप यह न समझें कि हमने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं ,ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है पर मुझे परवाह नहीं है। आपकी नौरी कोई नहीं छीन सकता।



■ मुझे जेल भी हो तो परवाह नहीं

#### बंगाल को निशाना बनाया जा रहा

एजुकेशन सिस्टम को बर्बाद करने का किसी को अधिकार नहीं है। भाजपा शासित मध्य प्रदेश में व्यापम मामले में इतने लोग मारे गए। उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। नीट में कई आरोप सामने आए। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द नहीं की। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हम जानना चाहते हैं। आप बंगाल की प्रतिभा से डरे हुए हैं।

## भाजपा सांसद का सीजेआई को पत्र

# ममता सरकार हमला कर रही न्यायपालिका की गरिमा बचाएं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से भाजपा के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना को चिट्ठी लिखकर उनसे न्यायपालिका की पवित्रता और गरिमा बचाने की अपील की है। भाजपा सांसद ने लिखा है कि न्याय तो जीत गया है, लेकिन न्यायपालिका की गरिमा को संरक्षित किया जाना चाहिए, क्योंकि बंगाल की सरकार जूडिशरी पर हमले बोल रही है।



■ न्याय तो जीत गया दिक्कतें बढ़ीं

#### इसलिए न्याय की गुहार की

उनकी यह चिट्ठी ममता के उस दावे के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भले ही उन्हें जेल जाना पड़े लेकिन शिक्षकों की नौकरी नहीं जाएगी। महतो ने लिखा कि एसएससी स्कैम में फैसले के बाद अब ममता ने सार्वजनिक मंच से न्यायपालिका के फैसलों की आलोचना की है। आप बचाइए।

## एम्स की स्टडी आई सामने, मौतों पर लगेगी लगाम

### जेखिम का खतरा होगा भी कम

# अब ब्लड टेस्ट से भी जान सकेंगे सर्वाइकल कैंसर रोग के लक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में महिलाओं में होने वाले कैंसर के सबसे ज्यादा मामले स्तन और सर्वाइकल कैंसर के होते हैं। भारत में भी सर्वाइकल कैंसर स्वास्थ्य चिंता का विषय है।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार 2023 में भारत में सर्वाइकल कैंसर के 3.4 लाख से अधिक मामले सामने आए। करीब 36 हजार मौतें हुईं। समय पर कैंसर का पता न चल पाना बढ़ने का प्रमुख कारण माना जाता है। अब एम्स के शोधकर्ताओं की एक टीम ने ब्लड सैंपल से इसका पता लगाने की तकनीक विकसित कर ली है।

#### ड्रॉपलेट डिजिटल पीसीआर जांच से पता चलेगा



एम्स के विशेषज्ञों ने बताया कि अध्ययन में पाया गया है कि हमारे खून में ऐसे सेल्स फ्री डीएनए मौजूद होते हैं, जिसका बढ़ना सर्वाइकल कैंसर का कारक हो सकता है। आईआरसीएच के मेडिकल लैब ऑन्कोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. मयंक सिंह का कहना है कि मरीज के खून का सैंपल लेकर लैब में ड्रापलेट डिजिटल पीसीआर जांच करके उन सेल्स फ्री डीएनए की पहचान और इस कैंसर का पता लगाने में मदद मिल सकती है।

#### पीड़ित-स्वस्थ महिलाओं की जांच की

इस अध्ययन के लिए कैंसर से पीड़ित 35 और 10 स्वस्थ महिलाओं को शामिल किया गया। टेस्ट के लिए इनके ब्लड सैंपल एकत्रित किए गए। कैंसर से पीड़ित महिलाओं में सीएफ डीएनए का स्तर देखा।

---

## बिहार में चुनाव की तैयारी... राहुल बढ़ा रहे 'जातियों से यारी'

# आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा को ध्वस्त कर देंगे

एजेंसी ▶▶ बेगुसराय

बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव का आयोजन किया जाना है। इस कारण भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने बिहार में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी पटना पहुंचे। राहुल ने बेगुसराय में एनएसयूआई की 'पलायन रोको और नौकरी दो' यात्रा में भाग लिया और पटना में कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने जाति आधारित जनगणना और आरक्षण समेत कई मुद्दों पर बात की और कुछ गिनी चुनी जातियों को अपने पक्ष में लाने को बात की।



### बेगुसराय में सभा को किया संबोधित और ऐलान

#### आरक्षण की फर्जी बाधा को दूर करेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने आरोप लगाते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जा रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में की गई कवायद की तरह जाति जनगणना देश के विकास मॉडल को बदल देगी। केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा की 'फर्जी बाधा' को ध्वस्त कर देगी। राहुल गांधी ने कहा कि विश्वास है कि बिहार के लोग हमेशा की तरह इस बार भी भारत को नयी दिशा दिखाएंगे।

#### 1 किमी तक 24 मिनट में पदयात्रा बिना बोले खत्म

राहुल गांधी ने सोमवार को बिहार के बेगूसराय जिले में पार्टी की चल रही 'पलायन रोको, नौकरी दो' पदयात्रा में हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के नेतृत्व में चल रही इस यात्रा में राहुल शामिल तो हुए, लेकिन महज वे 24 मिनट के भीतर ही यात्रा को छोड़ कर निकल गए, जिसके बाद भाजपा समेत विपक्षी दल इसको लेकर सवाल उठा रही है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बड़ा हमला बोला है।

#### 'एक्स-रे' कराएंगे दलितों पिछड़ों, महिलाओं के उत्थान के काम करेंगे

राहुल ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि महागठबंधन बिहार के दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के उत्थान के लिए काम करेगा। राहुल ने आगे कहा कि कांग्रेस सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए जाति आधारित जनगणना के माध्यम से भारत का 'एक्स-रे' कराएगी। आरएसएस एवं भाजपा इसके खिलाफ हैं।

# एनएमडीसी स्टील प्लांट के कोक ओवन में गैस लीकेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट के कोक ओवन प्लांट में सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे आगजनी से समूचे प्लांट व नगरनार बस्ती धुएं के गुबार और दुर्गंध से प्लांट में कार्यरत सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरनार गांव के लोग दहशत में रहे। इसमें कोई जनहानि तो नहीं हुई अलबत्ता प्रोडक्शन बंद होने और आगजनी से लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वास्तविक चीजें प्लांट से बाहर नहीं आ सका। हालांकि एकाएक प्लांट से उठे धुआं का गुबार इतना भयंकर था कि इसकी लपटे पड़ोसी प्रांत ओडिशा के कोटपाड़ के लोगों तक को इसकी जानकारी मिल गई। इधर संभाग मुख्यालय से सटे मारकेल, आमागुड़ा, सेमरा तक धुआं देखा गया। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे मुख्य बिजली लाइन 132 केवी से शार्ट डाउन होने से कोक ओवन पाइप लाइन से गैस लीकेज होने से आगजनी की घटना हुई। समय रहते फायर ब्रिगेड के दल के अथक प्रयास से आग को बुझाया गया, तब जाकर प्रबंधन को बड़ी राहत मिली।



## दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान मकतूम आज से भारत दौरे पर

# पीएम मोदी करेंगे स्वागत, दोनों देशों के बीच और गहरी होगी दोस्ती व्यापारिक, सांस्कृतिक और आपसी संबंधों को लेकर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से दो दिन के भारत दौरे पर आ रहे हैं। भारत में यह उनका पहला आधिकारिक दौरा होगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को दी। प्रिंस हमदान न सिर्फ दुबई के युवराज हैं, बल्कि वे यूएई के उप पीएम और रक्षा मंत्री भी हैं। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को शेख हमदान के सम्मान में एक विशेष लंच आयोजित करेंगे। इसके अलावा, क्राउन प्रिंस की विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात होगी। प्रिंस दिल्ली के बाद मुंबई भी जाएंगे, जहां वे भारत और यूएई के प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ एक व्यापारिक बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य भारत और दुबई के बीच व्यापारिक रिश्तों खासकर पारंपरिक और भविष्य की तकनीकों से जुड़े क्षेत्रों को और मजबूत करना है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी करेंगे मुलाकात

कई मंत्री वरिष्ठ अधिकारी और बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी साथ रहेगा





### विदेश मंत्री ने दिया था न्योता

वहीं विदेश मंत्रालय ने कहा कि दुबई का भारत के साथ व्यापार, संस्कृति और लोगों के आपसी संबंधों में अहम योगदान रहा है। यूएई में रहने वाले करीब 43 लाख भारतीयों में से बड़ी संख्या दुबई में रहती है और काम करती है। गौरतलब है कि विदेश मंत्री जयशंकर ने इस साल 27-29 जनवरी को यूएई दौरे के दौरान क्राउन प्रिंस को भारत आने का न्योता दिया था। उस मुलाकात को भी दोनों देशों के बीच दोस्ती को और मजबूत करने वाला बताया गया था।

## केंद्रीय वित्त मंत्री आज से यूके और ऑस्ट्रिया दौरे पर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 8 से 13 अप्रैल तक यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी, जहां वह मंत्री-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगी। वे यूके-ऑस्ट्रिया में थिंक टैंक, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स के साथ बातचीत करेंगी।



वित्त मंत्रालय के बयान के अनुसार, वित्त मंत्री भारत-यूके आर्थिक और वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में भाग लेंगी जो 9 अप्रैल को लंदन में आयोजित होने वाला है। इसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और यूके के चांसलर ऑफ द एक्सचेकर करेंगे।

### भारत में निवेश के लिए कराएंगी अवगत

ऑस्ट्रियाई चरण के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण, वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर और चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर सहित ऑस्ट्रियाई सरकार के वरिष्ठ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वित्त मंत्री सीतारमण और ऑस्ट्रिया के अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और पर्यटन मंत्री वोल्फगैंग हैटमैन्सडॉर्फर प्रमुख ऑस्ट्रियाई सीईओ के साथ एक सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे, जिसमें उन्हें दोनों देशों के बीच गहन निवेश सहयोग के लिए भारत में मौजूदा और आगामी अवसरों से अवगत कराया जाएगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल पहुंची, समकक्ष से की वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाकिया की अपनी राजकीय यात्रा के पहले चरण में सोमवार सुबह लिस्बन पहुंचीं। इस दौरान उनका स्वागत पुर्तगाली समकक्ष मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने किया। उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने पुर्तगाली समकक्ष के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसके अलावा वह पीएम लुइस मोंटेनेग्रो और संसद के अध्यक्ष जोस पेड्रो एगुइर बैंको से भी मिलीं।



### 9 से 10 अप्रैल तक स्लोवाकिया रहेंगी

9 से 10 अप्रैल तक राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी के निमंत्रण पर स्लोवाकिया का दौरा करेंगी। यह 29 वर्षों में भारत के राष्ट्रपति की पहली स्लोवाकिया यात्रा होगी। स्लोवाकिया में वे राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और पीएम रॉबर्ट फिको के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। राष्ट्रपति की यह राजकीय यात्रा भारत, पुर्तगाल और स्लोवाकिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत और व्यापक बनाने का अवसर प्रदान करेगी और भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों को भी मजबूत करेगी।

## खबर संक्षेप

### पाक में सड़क दुर्घटना में 11 यात्रियों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में महिला और बच्चों समेत कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई।



आपातकालीन बचाव सेवा 1122 के प्रवक्ता के अनुसार, एक यात्री बस और एक तीन पहिया वाहन के बीच यह दुर्घटना रविवार रात जरानवाला में हुई। बस जरानवाला से लाहौर जा रही थी तभी उसकी टक्कर तीन पहिया वाहन से हो गई और बस सड़क से नीचे उतर गई। 8 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां तीन लोगों ने दम तोड़ दिया।

### तहव्वुर राणा को झटका खारिज हुई याचिका

**न्यूयॉर्क।** तहव्वुर राणा ने 27 फरवरी को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट की सर्किट जस्टिस एलेना कागन के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे पर रोक लगाने के लिए आपातकालीन आवेदन दिया था।



पिछले महीने में जस्टिस कागन ने राणा के आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद उसने स्थगन के लिए एक नया आवेदन चीफ जस्टिस रॉबर्ट्स के पास भेजा। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक नोटिस के जरिये बताया गया कि अदालत ने उसके आवेदन को अस्वीकार कर दिया है।

### जॉर्जिया में कार हादसे में 4 बच्चों सहित 5 की मौत

**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया के तटीय इलाके में रविवार सुबह एक कार हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई।



हादसा आई-95 पर मैकिनटोश काउंटी में सुबह करीब छह बजे हुआ, जब एक वाहन दूसरे वाहन से टकरा गया और फिर वह जलने लगा। राज्य की पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान रेगन डूगन (27 वर्षीय) और उनके चार बच्चों के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 9, 4, 2 और 3 महीने थी। डूगन एक किराए की कार से नॉर्थ कैरोलिना के रैले से फ्लोरिडा अपने पति से मिलने जा रही थीं।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कठुआ में बीएसएफ चौकी का किया दौरा, कहा

# सीमा सुरक्षा को और अधिक बेहतर बनाने के लिए तकनीकी उपायों का करेंगे उपयोग

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर केंद्रशासित प्रदेश आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक चौकी का सोमवार को दौरा किया। कठुआ में बीते 15 दिनों से आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का व्यापक अभियान जारी है। इस दौरान, उन्होंने कहा कि सरकार सीमा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करेगी। उनका कहना था कि विशेष रूप से भूमिगत सीमा पार सुरंगों को खोजने के लिए तकनीकी उपायों को लागू करना चाहिए। मंत्री शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा बलों को इन नई तकनीकों से अधिक कुशलता से काम करने का मौका मिलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि अमित शाह दोपहर में जम्मू से कठुआ के हीरानगर सेक्टर के लिए वायु सेना के हेलिकॉप्टर से रवाना हुए और सीमा स्थित विनय पोस्ट से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पीछे बनाए गए हेलीपैड पर उतरे। यहां से उन्हें बीएसएफ की चौकी 'विनय' ले जाया गया ताकि जहां उन्होंने जमीनी हालात का जायजा लिया। इस दौरान, बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, बीएसएफ में जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक शशांक आनंद और जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी समेत कई सीनियर अधिकारियों ने गृहमंत्री की अगवानी की।

जवानों के साहस और समर्पण की प्रशंसा की

भूमिगत सुरंगों को खोजने में नई तकनीक उपयोगी

### सीमाओं की रक्षा में जवानों का योगदान अहम




गृह मंत्री शाह ने बीएसएफ के जवानों की सराहना की और उनके कठिन हालात में देश की सीमाओं को बचाने के उनके प्रयासों को सराहा। गृहमंत्री ने कहा कि बीएसएफ के जवानों द्वारा सीमाओं की रक्षा में संघर्ष की कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने जवानों की साहस और समर्पण की प्रशंसा की और उनके योगदान का उच्चतम सम्मान दिया।

### बीएसएफ का योगदान सेना के ही समान



अमित शाह ने कहा कि असली चुनौती तभी समझ में आती है जब कोई उस स्थान का दौरा करता है। ठंड, बारिश या भीषण गर्मी में जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है, तो आप दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हुए अग्रिम चौकियों पर 365 दिन और 24 घंटे तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ का इतिहास उज्ज्वल है और पूरा देश राष्ट्र की रक्षा में उनकी भूमिका जानता है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान के साथ पिछले युद्धों में बीएसएफ का योगदान सेना के समान ही था।

### शहीदों के परिवारों को हर संभव मदद देने का वादा किया



राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन ग्यारह शहीदों के परिवारों से मुलाकात की, जो आतंकवादी हमलों में मारे गए थे। गृहमंत्री और उपराज्यपाल ने शहीदों के परिवारों से संवेदना व्यक्त की और सरकार की ओर से पूरी तरह से मदद करने का वादा किया। शहीदों के परिवारों ने इस दौरान अपनी मुश्किलों और संघर्षों को साझा किया, जो वे शहीदों की मौत के बाद झेल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि देश कभी नहीं भूल सकता कि शहीदों का बलिदान हुआ है और उनके परिवारों को हर संभव सहायता दी जाएगी।

## उमराह और हज में खलल से बचने

# सऊदी अरब ने भारत समेत 14 देशों पर लगाया वीजा बैन



एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत 14 देशों के नागरिकों को वीजा जारी करने पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। इससे उमराह, व्यापार और पारिवारिक यात्रा वीजा की मंजूरी प्रभावित होगी, जो जून के मध्य तक जारी रहेगा। सऊदी अरब सरकार ने हज तीर्थयात्रा के कारण भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के मकसद से यह प्रतिबंध लगाया है क्योंकि इसका समय उससे मेल खाती है। यह प्रतिबंध जून के मध्य तक लगाया गया है। यानी जब हज तीर्थयात्रा समाप्त हो जाए, तब तक यह प्रतिबंध प्रभावी रहेगा। यह प्रतिबंध भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, इराक, नाइजीरिया, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया, यमन और मोरक्को सहित 14 देशों पर लगाया गया है।

### यह निर्णय भीड़ को रोकने के लिए

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने इस साल अधिकारियों को वीजा नियम कड़े करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद ये बैन लगाया गया है। हालांकि, उमराह वीजा रखने वाले लोग अभी भी 13 अप्रैल तक सऊदी अरब में प्रवेश कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंध की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि कई विदेशी नागरिक उमराह या यात्रा वीजा पर सऊदी अरब आते हैं और लंबे समय तक देश में रुक जाते हैं। फिर यही लोग अवैध रूप से मक्का में हज में शामिल होते हैं, जहां भीड़ बढ़ जाती है और अव्यवस्था पैदा हो जाती है।

### उमराह वीजा के लिए 13 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे

ताजा नियमों के मुताबिक, इस साल उमराह वीजा के लिए 13 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसके बाद हज यात्रा समाप्त होने तक यानी मध्य जून तक कोई वीजा जारी नहीं किया जाएगा। सऊदी अरब के उमराह मंत्रालय ने कहा है कि यह कदम विशुद्ध रूप से सुचारी और सुरक्षित तीर्थयात्रा के मकसद से एक तार्किक कदम के तौर पर उठाया गया है और इसका किसी भी तरह से कोई राजनयिक संबंध नहीं है।

दल में तीनों सेनाओं की 12 महिलाएं शामिल

# त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' अपनी 55 दिवसीय यात्रा पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के 12 सदस्यीय महिला चालक दल के साथ यह अभियान आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर मुंबई-सेशेल्स-मुंबई की 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण 55-दिवसीय यात्रा पर निकला। भारतीय नौसेना जलयात्रा प्रशिक्षण केंद्र, कोलाबा, मुंबई से कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश द्वारा मुंबई-सेशेल्स-मुंबई त्रिशक्ति नारी नाविक अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' 7 अप्रैल, 2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर रमेश ने कहा कि यह अग्रणी पहल नारी शक्ति की अदम्य भावना को दर्शाती है।

### 41 में से चुनी गईं 12 अधिकारी



अभियान के लिए कुल 41 में से चुनी गई 12 महिला अधिकारियों को दो साल तक समुद्री नौकायन का कठोर प्रशिक्षण दिया गया है। वे समुद्र में जोखिमपूर्ण नौकायन करने के लिए तैयार हैं, जहां वे अपनी साहस और दृढ़ संकल्पता का प्रदर्शन करेंगी। चालक दल ने कई प्रशिक्षण अभियान शुरू किए हैं जिनमें वे मौसम की चुनौतियों, नौका की यांत्रिक समस्याओं और शारीरिक थकावट के बावजूद सफल हुए हैं।

### ऐतिहासिक यात्रा का समापन 30 मई को होगा

रमेश ने कहा कि मुंबई-सिशेल्स-मुंबई अभियान न केवल सशस्त्र बलों में महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि रानी वेलु नचियार, रानी दुर्गावती और रानी लक्ष्मी बाई जैसी भारत की महान योद्धा रानियों को भी श्रद्धांजलि देता है, जिनके कार्य पीढ़ियों को प्रेरित करते रहे हैं। इस ऐतिहासिक यात्रा का सफल समापन 30 मई 2025 को ध्वजारोहण समारोह के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान समुद्री प्रयासों में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह अभियान साबित करता है कि नारी शक्ति एक अजेय शक्ति है जो किसी भी चुनौती पर विजय प्राप्त करने में सक्षम है।

### अदालत ने अवामी लीग समर्थक 70 वकीलों को भेजा जेल

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने अवामी लीग समर्थक 70 वकीलों को जेल भेज दिया है। उनके खिलाफ पिछले साल हुए हिंसक छात्र आंदोलन के दौरान मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले दर्ज थे। कोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि ढाका मेट्रोपोलिटन सेशन जज मोहम्मद जाकिर हुसैन ने जमानत देने से इंकार करते हुए वकीलों को जेल भेजने का आदेश दिया। अदालत ने 9 महिला वकीलों व ढाका बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अबू सैयद सागर को जमानत दे दी। इससे पहले वकीलों को हाईकोर्ट ने आठ हफ्ते की अग्रिम जमानत देते हुए स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण का आदेश दिया था। मामले में कुल 144 वकील नामजद हैं। इस आंदोलन के कारण पीएम शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा।

आईसीसी के गिरफ्तारी वारंट से डरे नेतन्याहू

# 400 किमी ज्यादा घूमकर ट्रंप से टैरिफ पर बात करने पहुंचे इजराइल के पीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और गाजा के बीच युद्ध संघर्ष विराम महज एक मजाक बनकर रह गया है। दोनों गुटों, यानी हमास और इजराइली सेना की ओर से बमबारी जारी है। इसी बीच इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे। हालांकि, ट्रंप से मिलने के लिए इजराइली पीएम को 400 किलोमीटर का एक्स्ट्रा हवाई यात्रा करना पड़ी है। दरअसल, नेतन्याहू के विमान ने हंगरी से अमेरिका की उड़ान के दौरान सामान्य मार्ग से करीब 400 किलोमीटर लंबा रास्ता तय किया ताकि वो उन देशों के हवाई क्षेत्र में दाखिल न हों जो आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के गिरफ्तारी वारंट को लागू कर सकते थे।

### इजराइल का गाजा के 50 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा



**तेल अवीव।** हमास के खिलाफ पिछले महीने युद्ध फिर से शुरू करने के बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है और अब वहां 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उसके नियंत्रण में है। इजराइली सैनिकों और अधिकार समूहों ने बताया कि सेना द्वारा नियंत्रित सबसे बड़ा निकटवर्ती क्षेत्र गाजा सीमा के आसपास है, जहां सेना ने फिलिस्तीनी मकानों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे को इस हद तक तबाह कर दिया है कि अब वहां रहना असंभव है। हाल के सप्ताह में इस सैन्य 'बफर जोन' का आकार दोगुना हो गया है।

### गाजा हमले में 57 लोगों की मौत

गाजा में इजराइल के हमले के बाद स्थानीय अस्पताल में पिछले 24 घंटे में करीब 57 शव लाए गए हैं, जबकि 137 घायलों का उपचार किया जा रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि इजराइल और हमास के बीच लड़ाई में पिछले 18 महीने में अब तक कुल 50,752 फिलिस्तीनी मारे गए हैं जबकि 115,475 घायल हुए हैं। मंत्रालय ने दावा किया है कि मारे गए लोगों में से आधे से अधिक महिलायें एवं बच्चे हैं। इजराइल का कहना है कि उसने लगभग 20,000 आतंकवादियों को मार गिराया है, हालांकि इसका कोई साक्ष्य नहीं दिया।

## एयरक्राफ्ट मॉडिफिकेशन किट की होगी खरीद

# रक्षा मंत्रालय, बीईएल के बीच 2385 करोड़ रुपए का करार



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनौतीपूर्ण बने हुए क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के बीच सोमवार को कुल करीब 2 हजार 385.36 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिससे भारतीय वायुसेना की प्रतिकूल वातावरण में रणनीतिक परिचालन क्षमता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। समझौते के तहत बीईएल से वायुसेना के मी-17वी5 हेलिकॉप्टरों पर लगाने के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट (ईडब्ल्यू) और एयरक्राफ्ट मॉडिफिकेशन किट की खरीद जाएगी।

## एक कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में बोले सीडीएस जनरल अनिल चौहान

# अंतरिक्ष के एक नए युद्धक्षेत्र के रूप में उभरने से भारत को 'अंतरिक्ष संस्कृति' की दरकार

### सैन्य स्कूलों में अंतरिक्ष कानून जैसे विषय के साथ अंतरिक्ष कूटनीति पर एक फ्रेमवर्क भी हो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को अंतरिक्ष को एक नया और उभरता हुआ युद्धक्षेत्र बताते हुए देश में अंतरिक्ष संस्कृति विकसित किए जाने पर बल दिया। वह राजधानी में आयोजित 'इंडियन डेफ स्पेस सिम्पोजियम' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान में मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है, जहां अंतरिक्ष एक नया युद्धक्षेत्र बनकर उभर रहा है। इसी के मद्देनजर अंतरिक्ष सिद्धांत, शोध और समर्पित युद्ध कौशल से जुड़े सैन्य स्कूलों के साथ अंतरिक्ष संस्कृति का विकास होना चाहिए। इन स्कूलों में अंतरिक्ष कानून जैसा विषय होना चाहिए और अंतरिक्ष कूटनीति पर एक फ्रेमवर्क की भी आवश्यकता पड़ेगी।

### भारतीयों में अंतरिक्ष को ज्ञान और शोध के जरिए सम्मान देने की संस्कृति

जनरल चौहान के मुताबिक, अंतरिक्ष संस्कृति के विकास का दायरा काफी व्यापक है। जिसे लेकर आज के दौर में बेहद कम साहित्य मौजूद है। यह केवल एक नए स्टार्टअप को बनाने जैसा नहीं है। बल्कि इसका संबंध स्पेस जर्नल, आर्टिकल, स्पेस वारफेयर इंस्टीट्यूट और सोसाइटी से जुड़ा हुआ है। यह इसके विचार पक्ष से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों में अंतरिक्ष को ज्ञान, शोध के जरिए सम्मान देने की संस्कृति है। लेकिन यहां ये महत्वपूर्ण है कि हम अपने आप को पुनर्स्थापित करें। अपने संबोधन में उन्होंने अंतरिक्ष से जुड़ी फिल्मों जैसे इंटरस्टेलर और स्टार ट्रैक का उल्लेख किया और कहा कि हममें से बहुत सारे लोग अंतरिक्ष और उसकी यात्रा से जुड़ी हुई फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं।



### अंतरिक्ष पर बाकी युद्धक्षेत्रों की निर्भरता

उन्होंने कहा कि युद्ध से जुड़े तीन प्राथमिक क्षेत्रों जैसे जमीनी, समुद्री और हवाई की निर्भरता अंतरिक्ष पर है। उदाहरण के लिए जब समुद्री क्षेत्र में व्यापक युद्ध के समय पर लड़ाई का परिणाम या तो समुद्री क्षेत्र में तय होगा या फिर उसका जमीनी लड़ाई पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा। इसी तर्ज पर जब हवाई क्षेत्र युद्ध का एक बड़ा कारक होगा। तब आप एयर स्पेस में लड़ाई तय करेंगे या उसके जमीनी और समुद्री क्षेत्र में बड़े प्रभाव होंगे। इसलिए जब हम ये कहते हैं कि जंग के उक्त तीनों परंपरागत तरीकों पर अंतरिक्ष का सर्वाधिक प्रभाव होगा।

### अमेरिका, यूरोपीय देश आगे

सीडीएस ने कहा, सैन्य सिद्धांत शताब्दियों से विकसित होते-होते समुद्री और एयरोस्पेस संस्कृति तक पहुंचे हैं। जिसमें आज युद्ध में एयरोस्पेस संस्कृति एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। जबकि पूर्व में दुनिया में समुद्री संस्कृति प्रचलन में थी। जिस पर पुर्तगालियों, स्पेनी, ब्रिटिश और डचों का दबदबा था। ठीक उसी तरह से एयरोस्पेस संस्कृति है और उसमें एयर स्पेस क्षेत्र में अमेरिका और यूरोपीय देशों का प्रभुत्व है। हालांकि युद्ध से जुड़े दोनों उक्त क्षेत्रों का युद्ध पर दीर्घकालिक आधार पर प्रभाव पड़ता है। फिलहाल सैन्य शक्ति अंतरिक्ष और उससे जुड़ी संस्कृति और क्षमता विकास पर केंद्रित हो गई है।




## 'तन्वी द ग्रेट' का फर्स्ट लुक जारी नहीं दिखा एक्ट्रेस का चेहरा...

**मुंबई।** 7 अप्रैल को अनुपम खेर ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का पहला लुक जारी कर दिया है, लेकिन अफसोस की इसके पहले लुक में अभिनेत्री का चेहरी नहीं दिखाया गया है। लेकिन, क्या आपको पता है कि इस फिल्म को बनाने का फैसला अनुपम ने चार पहले ही ले लिया था। अनुपम खेन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का पहला लुक जारी किया और लिखा, 'मैंने तन्वी द ग्रेट फिल्म बनाने का फैसला आज से लगभग चार साल पहले लिया था और फिर चार साल लगे इसे लिखकर बनाने में। अब मेरे इस 'दिल के टुकड़े'को आप सबके साथ शेयर करने का वक्त आ गया है। पर धीरे धीरे।

लाइफ Style

# अनुष्का

## कोरियन डांसर के साथ किया एनर्जेटिक डांस

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर अपना बेहतरीन डांस वीडियो शेयर किया है। यूजर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने छोटी उम्र में ही काफी नाम कमाया है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह यहां अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनुष्का की फोटोज और वीडियो का उनके फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही में अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर अपना बेहतरीन डांस वीडियो शेयर किया है। यूजर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अनुष्का सेन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वह वन पीस में एनर्जेटिक डांस कर रही हैं। डांस करते हुए अनुष्का काफी खुश हैं। वह चेहरे से बेहतरीन एक्सप्रेशन दे रही हैं। अनुष्का सेन साउथ कोरियन डांसर लीआ किम के साथ डांस कर रही हैं। अनुष्का ने उनका शुक्रिया अदा किया है। अनुष्का सेन के नए डांस वीडियो को उनके फैंस लाइक कर रहे हैं और इस पर बेहतरीन कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है अनुष्का में बहुत ऊर्जा है। एक और यूजर ने लिखा है 'आपके मूव्स अच्छे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आपके बाल काफी अच्छे लग रहे हैं।' वीडियो पर एक घंटे में एक मिलियन व्यूज आ चुके हैं। आपको बता दें कि अनुष्का सेन 22 साल की एक्ट्रेस हैं। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की। सबसे पहले अनुष्का सेन साल 2009 में 'यहां मैं घर घर खेली' सीरियल में नजर आई थीं। साल 2012 में वह 'बालवीर' सीरियल से मशहूर हो गईं।



## हॉलीवुड मसाला



## एक्शन फिल्मों से मचाया धमाल

**लॉस एंजिल्स।** जैकी चैन सिनेमा जगत का एक ऐसा नाम है, जो किसी पहचान का मोहताज नहीं है। हॉन्ग कॉन्ग के प्रसिद्ध अभिनेता जैकी चैन अपने एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। आज अभिनेता अपना 71वां जन्मदिन मना रहे हैं। चैन के जन्मदिन पर जानेंगे उनके बॉलीवुड कनेक्शन के बारे में। इन भारतीय अभिनेत्रियों के साथ जमाई जोड़ी। हॉन्ग कॉन्ग में जन्में इस शख्स ने अभिनय की दुनिया में अपना जादू बिखरने का काम किया। फिल्मों में सिर्फ एक्शन ही नहीं, बल्कि शानदार कॉमेडी से जैकी चैन ने लोगों में दिलों में शानदार जगह बनाई।



## ट्रेंड कर रहा है ट्रॉन : एरेस का ट्रेलर...

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस हॉलीवुड फिल्म का दर्शकों को लंबे वक्त से इंतजार रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में इतना उत्साह है कि इसके ट्रेलर पर दो दिन में ही लाखों में व्यूज आ चुके हैं। यह फिल्म 10 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। डिज्नी की फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर सोशल मीडिया खासकर यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। इस फिल्म को दो दिन में लगभग आठ लाख व्यूज मिले हैं। 17 हजार कमेंट्स भी आए हैं। दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में फिल्म को लेकर काफी उत्साह दिखाया है। फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर देखकर, इसके वीएफएक्स को देखकर दर्शक काफी प्रभावित नजर आए।



## मैं मतलब के लिए दोस्त नहीं बनाती

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों एक नई फ्रेंडशिप के काफी चर्चे हो रहे हैं। हालांकि, कई लोगों को ये दोस्ती थोड़ी अजीब भी लग रही है। ये नई जोड़ी है अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की। इन दोनों ही एक्ट्रेस की दोस्ती पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बनी हुई है। तमन्ना ने राशा के साथ अपनी दोस्ती की शुरुआत कहां से हुई और कब दोनों पहली बार मिले, इसको लेकर बात की। तमन्ना ने कहा, 'मैं और राशा एक पार्टी में पहली बार मिले। इसके बाद हम दोनों साथ में डांस करने लगे। उसके बाद हम एक-दूसरे के संपर्क में आ गए। हम दोनों के बीच उम्र का पर्याप्त फासला है, लेकिन ये मायने नहीं रखता। मैं किसी भी तरह के लाभ या मतलब के लिए किसी से दोस्ती नहीं करती हूं। यही होना भी चाहिए।'




## शाहरुख की 'किंग' में हुई दीपिका की एंट्री

**मुंबई।** 'किंग' शाहरुख और दीपिका की छठी फिल्म होगी। 'पठान' व 'जवान' के बाद यह लगातार तीसरी फिल्म होगी जिसमें दोनों सितारे साथ नजर आएंगे। हर फिल्म में फैंस को उनकी केमिस्ट्री काफी पसंद आती है। 'किंग' में यह जोड़ी एक बार फिर से लोगों पर अपना जादू चलाने की पूरी कोशिश करेगी। खबरें हैं कि अगले साल ये दोनों 'पठान 2' में भी साथ आएंगे। फिल्म 'किंग' की पूरी कहानी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन यह एक बदले की भावना से भरी एक्शन थ्रिलर हो सकती है। यह 2000 की फिल्म 'बिच्छू' और फ्रेंच फिल्म 'लियोनः द प्रोफेशनल' से प्रेरित हो सकती है। इसमें शाहरुख एक खतरनाक हत्यारे की भूमिका में नजर आ सकते हैं। सुहाना की यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले वह 'द आर्चीज' में नजर आ चुकी हैं।

## टीवी मसाला




## मानसी घोष ने इंडियन आइडल 15 का खिताब किया अपने नाम

**नई दिल्ली।** सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराकर कोलकाता की 24 साल की मानसी घोष ने रविवार को इंडियन आइडल 15 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने इंडियन आइडल 15 की ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपए जीते। इसके साथ ही उन्हें एक लग्जरी कार भी मिली। सोनी टीवी ने एक्स पर मानसी की तस्वीर डाली और लिखा, 'कई हफ्तों के संगीत और जादू के बाद, मानसी ने न सिर्फ खिताब जीता, बल्कि लाखों दिल भी जीत लिए।' मानसी ने अपनी मां को अपनी संगीत का श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि फिनाले में उनका परिवार रो रहा था और खुशी मना रहा था। मानसी ने कहा, 'मेरा परिवार यहां था। वे रो रहे थे और चीयर कर रहे थे। पहले तो मुझे समझ नहीं आया कि क्या करूं, लेकिन अब हम सब बहुत खुश हैं। यह एक बड़ा मंच है, इसलिए मुझे हर जगह से प्यार और आशीर्वाद मिला। उन्होंने बताया कि वह जीती हुई राशि का इस्तेमाल अपने म्यूजिक और कार के लिए करना चाहती हैं।

## 30 साल बाद दूरदर्शन के शो 'स्वाभिमान' का आएगा सीक्वल

**नई दिल्ली।** 30 वर्ष पहले दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले शो 'स्वाभिमान' का सीक्वल आने वाला है। इसकी घोषणा शो के अभिनेता रोहित रॉय ने की। रोहित रॉय ने इस शो से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। रोहित ने



लिखा, 30 साल पहले, 6 अप्रैल 1995 को दूरदर्शन पर 'स्वाभिमान' रिलीज हुआ और पूरे देश में तहलका मचा दिया। साथ ही ऋषभ मल्होत्रा (उनके किरदार) का जन्म हुआ!' प्रशंसकों से मिले प्यार के लिए धन्यवाद देते हुए रोहित ने लिखा, 'तीन दशक बाद भी प्यार बरसता रहा है। मैं अपने प्रशंसकों को उनके लगातार प्यार और स्नेह के लिए जितना भी धन्यवाद दूं, कम है। किसी से प्यार करने के लिए 30 साल बहुत लंबा समय होता है। इसके लिए मैं हमेशा उनका आभारी रहूंगा। मैं इस जीवन में कभी भी आपका ऋण नहीं चुका पाऊंगा। मैं आज जो कुछ भी हूं, वह आपकी वजह से और आपके प्यार की वजह से हूं। आपका सच्चा, ऋषभ मल्होत्रा।'

## *केवल दर्शक होता है सिनेमा का असली जज : आनंद पंडित*



*मुंबई। दिग्गज निर्माता का मानना है कि रेटिंग्स और रिव्यूज की अहमियत एक हद तक होती है, लेकिन असली फ़ैसला सिर्फ़ दर्शक ही देते हैं। प्रसिद्ध निर्माता आनंद पंडित को 70 के दशक में सिनेमा हॉल में ब्लॉकबस्टर फ़िल्में देखना और दर्शकों द्वारा अपने पसंदीदा सितारों का उत्साहपूर्वक स्वागत करना आज भी याद है। वे कहते हैं, 'दर्शक सीट से सीटी मारते थे, तालियां बजाते थे, नाचते थे, यहां तक कि स्क्रीन पर सिक्के भी फेंकते थे।' वे याद करते हैं, 'मैंने ऐसी भी फ़िल्में देखी हैं, जहां लोग गलत समय पर हंस पड़ते थे और तभी समझ आ जाता था कि कहानी काम नहीं कर रही है। मैंने बहुत जल्दी समझ लिया था कि एक फ़िल्म को हिट या फ्लॉप बनाने वाला सिर्फ़ दर्शक होता है। आजकल भले ही रेटिंग्स और समीक्षाओं पर ज़्यादा ध्यान दिया जाता हो, लेकिन आख़िरकार फ़िल्म की सफलता या असफलता का निर्णय दर्शक ही करते हैं।' वे आगे कहते हैं कि भले ही वे समीक्षकों की राय का सम्मान करते हैं, लेकिन दर्शकों से मिलने वाला फीडबैक उनके लिए उतना ही महत्वपूर्ण होता है। वे समझाते हैं, 'इंडस्ट्री के कुछ सबसे सफल निर्माता अपनी फ़िल्में दर्शकों के साथ बैठकर देखते हैं और ऐसे अनुभव पाते हैं जो किसी समीक्षक की समीक्षा से नहीं मिल सकते। जब आप एक क्रिएटिव इंडस्ट्री में होते हैं तो हर राय मायने रखती है, क्योंकि आप एक खाली कमरे में फ़िल्म नहीं बना रहे। आप दर्शकों की सोच को प्रभावित नहीं कर सकते, बल्कि वही आपकी फ़िल्म के बॉक्स ऑफिस परिणामों को प्रभावित करते हैं। '12वीं फेल' जैसी एक छोटे बजट की फ़िल्म का अच्छा व्यवसाय करना सिर्फ़ वर्ड ऑफ माउथ की वजह से ही संभव हुआ।' आज के सिनेमा की बात करते हुए वे कहते हैं, 'मुझे लगता है कि आज हम दर्शकों से उस भावनात्मक जुड़ाव को खो रहे हैं।*

## इस स्टार के जूतों की वजह से हिट होती थी फिल्में!

### क्या था जूतों के रंग और बॉक्स ऑफिस कमाई का ये कनेक्शन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अलग-अलग सुपरस्टार्स अपने तरह-तरह के स्टाइल्स के लिए फेमस रहे हैं। हिन्दी सिनेमा के इतिहास में इन स्टाइल्स के साथ सुपरस्टार्स सिनेमाघरों में तहलका मचाने में कामयाब रहे हैं। किसी एक्ट्रेस का हेयरस्टाइल उनके नाम से मशहूर रहा, कोई हीरो मफलर तो कोई किसी खास कलर के कपड़ों की वजह से चर्चा में रहा और आज तक याद किया जाता है। बहुत से सुपरस्टार्स ऐसे भी हैं जो यह मानते हैं की इन स्टाइल्स को अपनाने के बाद उनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शनस ने आसमान छुआ और उन्होंने अपने कारियर में लंबी छलांग मारी। आइए जानते हैं ऐसे ही एक सुपरस्टार के इस स्टाइल के बारे में जो इत्तिफाक से उनका लकी चार्म बन गया।



### फ्लॉप हो रही थीं फिल्में

कहा जाता है कि इससे पहले जितेंद्र को काम के मामले में काफी संघर्ष करना पड़ रहा था और अगर काम मिल भी रहा था उनकी फिल्में फ्लॉप हो रही थीं। फिल्म फर्ज के बाद जितेंद्र ने इस चीज को नोटिस किया कि सफेद रंग उनके लिए लकी साबित हुआ। इसके बाद वो अपनी अमूमन सभी फिल्मों में सफेद शर्ट, ट्राउजर और सफेद जूते पहने नजर आने लगे। यह एक इत्तेफाक उनके लिए ना केवल भाग्यशाली रहा, बल्कि उनकी यूएसपी बन गया। जितेंद्र का सफेद के साथ एक ऐसा कनेक्शन बैठा कि कुछ प्रोड्यूसर्स को यह अंधविश्वास लगने लगा कि अगर जीतेंद्र सफेद जूते पहनेंगे, तो फिल्म हिट होगी।

### फर्ज में पहली बार पहने थे सफेद जूते

भारत में फिल्में अपने 'लार्जर देन लाइफ' होने के लिए जानी जातीं हैं। इसका फायदा हिंदी और साउथ दोनों जगह के सुपरस्टार्स बखूबी उठाते हैं। हिन्दी फिल्मों के लार्जर देन लाइफ होने की वजह से तमाम सुपरस्टार्स ने अपने-अपने स्टाइल्स से शोहरत कमाई है। 70 और 80 के दशक के बॉलीवुड और साउथ दोनों के सुपरस्टार रहे जितेंद्र की कहानी भी कुछ ऐसा ही बयान करती है। 1967 की फिल्म फर्ज में जितेंद्र ने पहली बार सफेद जूते पहने थे।

### 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज, जोर-शोर से कर रहे प्रमोशन

# जाट बने सनी देओल की सफलता के पीछे इस शख्स का है हाथ

*मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सनी देओल बहुत जल्द एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट'में नजर आएंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब फिल्म को आने में 2 दिन रह गए हैं और मेकर्स भी फिल्म का हाइप दोगुना करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सनी पाजी भी फिल्म का प्रमोशन जोर-शोर से कर रहे हैं। रामनवमी के मौके पर फिल्म का दूसरा गाना रिलीज हुआ। इस बीच सनी देओल ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपनी सफलता का श्रेय एक शख्स को दिया है। इसी के साथ उन्होंने अपनी आगामी फिल्मों लाहौर 1947-बॉर्डर 2 पर भी अपडेट साझा की है।*




### सनी को फिल्म की कहानी कैसी लगी?

सनी देओल ने फिल्म के बारे में कहा, 'मैत्री मूवी मेकर्स वाले ये फिल्म बना रहे हैं। फिल्म के निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी मेरे पास पहले जो कहानी लेकर आए थे, वह मुझे पसंद नहीं आई, लेकिन जब ये 'जाट'का विषय लेकर वह मेरे पास आए तो मुझे ये बहुत ही प्यारा लगा। और जैसा प्यार फिल्म के ट्रेलर को मिल रहा है, उससे भी लगता है कि मेरा चुनाव सही रहा।

### किस शख्स को दिया सफलता का श्रेय?

सनी देओल ने लंबे वक्त बाद गदर 2 जैसी हिट फिल्म दी थी। इसके बाद उन्होंने लगातार फिल्में साइन की। एक्टर ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी बड़ी बहू त्रिशा को देते हुए कहा, जब से हमारे घर एक और बेटी (करण की पत्नी दृशा) आई है, ऐसे लगता है कि हमारे घर लक्ष्मी आ गई हैं।

### 'लाहौर 1947' और 'बॉर्डर 2' पर दिया अपडेट

'लाहौर 1947' हम लोग बहुत दिनों से बनाने की सोच रहे थे। राज (राजकुमार संतोषी) को तब फिल्म के लिए निर्माता नहीं मिल रहा था। 'गदर 2' के बाद चीजें बदलीं। आमिर को भी ऐसी ही फिल्म बनानी थी तो सब मिल गए और काम शुरू हो गया। 'बॉर्डर 2' पर इसके बाद काम पूरा करना है मुझे, वह भी मेरी जिम्मेदारी ही है। और इसके बाद मैं 'रामायण'में हनुमान के अपने किरदार पर काम शुरू करूंगा। बॉर्डर 2 एक वॉर फिल्म होगी, जिसका निर्देशन अनुराग सिन्हा करेंगे और इसका निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगे। यह 1997 की हिट बॉर्डर का सीक्वल है। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी भी महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे।



### एक दिलचस्प जरिया है ओटीटी

सनी ने यह भी बताया कि ओटीटी अभिनेताओं और निर्देशकों के लिए एक दिलचस्प जरिया है, क्योंकि इससे डाइवर्सिटी मिलती है। सनी ने कहा कि उनकी फिल्में ओटीटी पर आने से आज की जनरेशन के लिए भी रिलेवेंसी बढ़ गई हैं। 'जाट' के बारे में बात करते हुए, सनी ने कहा कि गोपीचंद मालिनेनी के साथ काम करना एक बेहतरीन अनुभव रहा है। उन्होंने कहा, 'यह मेरी पहली फिल्म है, जो साउथ के डायरेक्टर के साथ है और यह बहुत अच्छा रहा है।'




# सिराज का छलका दर्द, कहा- भारतीय टीम से ड्रॉप होने के बाद आईपीएल की कर रहा था तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज एक अलग ही लय में नज़र आ रहे हैं। दो लगातार मुक़ाबलों में प्लेयर ऑफ़ द मैच चुने जाने से उनकी बेहतरीन लय और आत्मविश्वास साफ़ झलकता है। लेकिन इस सफलता के पीछे एक कठिन दौर की कहानी छिपी है, जिसे सिराज ने सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मुक़ाबले के बाद साझा किया। पिछले कुछ महीनों में सिराज भारत के लिए सीमित ओवरों के दोनों फ़ॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें चैंपियंस ट्रॉफ़ी की टीम में जगह नहीं मिली।

### चयनकर्ताओं ने किया नज़रअंदाज

जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में भी चयनकर्ताओं ने उन्हें नज़रअंदाज किया। टीम को एक बाएं हाथ का तेज़ गेंदबाज़ चाहिए था, जो लंबा हो, पिच से उछाल निकाल सके और मददगार परिस्थितियों में असरदार हो। इसके अलावा, अतिरिक्त स्पिनर की अहमियत को देखते हुए सिराज को टीम से बाहर रखा गया। आईपीएल 2025 की नीलामी में भी सिराज को बड़ा झटका लगा था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें रिटेन नहीं किया।

दो लगातार मुक़ाबलों में बने प्लेयर ऑफ़ द मैच



### ड्रॉप होना स्वीकार नहीं हो रहा था

लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ़ द मैच बनने के बाद सिराज का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने कहा, सच कहूं तो शुरुआत में मैं इस तथ्य (चैंपियंस ट्रॉफ़ी से ड्रॉप होना) को स्वीकार नहीं कर पा रहा था। एक समय ऐसा आया जब मुझे ख़ुद से कहना पड़ा कि अभी मुझमें काफ़ी क्रिकेट बाक़ी है। बहुत से बड़े सपने हैं जो मैंने देखे हैं और उन्हें पूरा करना है। चैंपियंस ट्रॉफ़ी मेरे नसीब में नहीं थी, लेकिन उसके बारे में सोच कर मैं क्या कर सकता हूं। मैंने फ़िटनेस पर काम किया। लगातार खेलते हुए यह समझ नहीं आ रहा था कि कहां ग़लती कर रहा हूं। ब्रेक मिला तो उस पर काम किया और अब मैं अपनी गेंदबाजी का भरपूर आनंद ले रहा हूं। शारीरिक रूप से भी तरोताज़ा हूं और ज़्यादा सोच-विचार नहीं कर रहा, बस वर्तमान में जीने की कोशिश कर रहा हूं।

### आईपीएल का किया इंतज़ार

भारतीय टीम से बाहर होने के बाद का दौर उनके लिए आसान नहीं था। सिराज ने बताया, भारतीय टीम के लिए लगातार खेलते हुए जब मैं ड्रॉप हुआ, तो बहुत सी बातें दिमाग़ में चल रही थीं। लेकिन मैंने ख़ुद को संभाला और आईपीएल का इंतज़ार करता रहा। आईपीएल 2025 में सिराज अब तक चार पारियों में 13.77 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं और वह संयुक्त रूप से टूर्नामेंट के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज़ हैं।

### मिला मेहनत का फल

सिराज इस बात से भी काफ़ी संतुष्ट दिखे कि वह अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने कहा, अपने घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा ख़ास होता है। आज मेरा परिवार भी मैच देखने आया था, जिससे आत्मविश्वास और बढ़ गया। जब आप मेहनत करते हैं और उसका फल मिलता है, तो उससे बड़ी ख़ुशी कोई और नहीं हो सकती।

अलग खबर

## इशांत पर 25 प्रतिशत जुर्माना



**हैदराबाद।** गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने एक बयान में कहा, 'इशांत शर्मा ने नियम 2.2 के तहत लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया।' आईपीएल की आचार संहिता का नियम 2.2 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदान उपकरण या साजो-सामान के दुरुपयोग' से संबंधित है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 5 | 2 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### कलिंगा सुपर कप 2025 का कार्यक्रम घोषित



**नई दिल्ली।** कलिंगा सुपर कप 2025 का आगाज 20 अप्रैल को डबल हेडर से होगा, जिसमें शुरुआती दिन केरला ब्लास्टर्स एफसी का मुकाबला ईस्ट बंगाल एफसी, जबकि मोहन बागान एसजी का मुकाबला आई-लीग क्लब से होगा। टूर्नामेंट का कार्यक्रम सोमवार को घोषित किया गया। 20 अप्रैल से तीन मई तक भुवनेश्वर में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 16 क्लब भाग लेंगे। सभी मैच नॉकआउट प्रारूप में कलिंगा स्टेडियम में होंगे। आईएसएल टीमों को 2024-25 सत्र में उनकी अंतिम लीग स्थिति के अनुसार राउंड ऑफ 16 के लिए वरीयता दी गई थी।

### अपना पद नहीं छोड़ेंगे पीसीबी प्रमुख नकवी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद पीसीबी में अपनी भूमिका से हट रहे हैं।



पीसीबी ने इन रिपोर्टों को निराधार बताया।पाकिस्तान क्रिकेट हलकों में पिछले हफ्ते से अटकलें लगाई जा रही हैं कि नकवी ने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को भेज दिया है, जो बोर्ड के संरक्षक भी हैं। रिपोर्टों में कहा गया है कि नकवी ने न्यूजीलैंड में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पद छोड़ने का फैसला किया।

### कप्तान से बड़ी पारी की उम्मीद : शाहबाज

**कोलकाता।** ऋषभ पंत भले ही आईपीएल 2025 में बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन न कर पाए हों, लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को भरोसा है कि कप्तान अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चार पारियों में शून्य, 15, दो, दो रन ही बनाए हैं। पंत की लय को टीम ज्यादा चिंतित नहीं है। शाहबाज ने कहा, ''उनकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। हमेशा की तरह, वे शांत और संयमित हैं। वे अपनी बल्लेबाजी पर बहुत मेहनत कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि जब मुश्किल समय आएगा, तो ऋषभ पंत रन बनाएंगे और हमारे लिए मैच जीतेंगे।'

आईपीएल : मुंबई का 6 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान थमा

# वानखेड़े में 10 साल बाद जीता बेंगलुरु कोहली के 13 हजार रन पूरे, हारी मुंबई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में 12 रन से जीत दर्ज करते हुए वानखेड़े स्टेडियम में छह मैचों से चले आ रहे अपने हार के सिलसिले को खत्म किया।

आरसीबी ने विराट कोहली (67) और कप्तान रजत पाटीदार (64) के तूफानी अर्धशतकों की बदौलत पांच विकेट पर 221 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को नौ विकेट पर 209 रन पर रोककर इस टीम के खिलाफ 2015 के बाद पहली बार जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव (28) के आउट होने के बाद 116 रन पर चार विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के साथ आरसीबी के गेंदबाजों को परेशान किया। हार्दिक ने 15 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 56 रन बनाए। आरसीबी के लिए क्रुणाल पंड्या ने चार जबकि यश दयाल, जोश हेजलवुड ने दो-दो विकेट लिए।




## विराट ने रचा इतिहास

*विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली ने इस आईपीएल सत्र में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा और इस तरह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 13,000 रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बन गए। दाएं हाथ के इस महान बल्लेबाज ने अपने करियर में 400 से अधिक मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। क्रिस गेल 463 मैचों में 14,562 रनों के साथ टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे हैं।*

### कोलकाता-लखनऊ होंगे आमने-सामने

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के दोपहर के मैच में मंगलवार को जब यहां आमने-आमने होंगे तो यह सुनील नारायण और उनकी तरह गेंदबाजी करने वाले तथा उनके सबसे बड़े प्रशंसक में से एक दिग्वेश राठी के बीच का मुकाबला भी होगा।

### चेन्नई को मिलेगी पंजाब से चुनौती

मुल्लांपुर। चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व जिस सबसे बड़ी समस्या का हल खोजना होगा वह महेंद्र सिंह धोनी की डेथ ओवरों में बड़े शॉट खेलने में नाकामी है।

## स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो बोल्ट | 04 | 02 | 1 | 0 |
| कोहली का नमन बो हार्दिक | 67 | 42 | 8 | 2 |
| पडिक्कल का जैक्स बो पुथुर | 32 | 22 | 2 | 3 |
| पाटीदार का रिकेलटन बो बोल्ट | 64 | 32 | 5 | 4 |
| लियाम का बुमराह बो हार्दिक | 00 | 02 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 40 | 19 | 2 | 4 |
| टिम डेविड नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 221/5
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-57-2, चाहर 2-0-29-0, बुमराह 4-0-29-0, जैक्स 1-0-10-0, सेंटनर 4-0-40-0, हार्दिक 4-0-45-2, पुथुर 1-0-10-1.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो दयाल | 17 | 09 | 2 | 1 |
| रिकलटन पगबाधा हेजलवुड | 17 | 10 | 4 | 0 |
| जैक्स का कोहली बो क्रुणाल | 22 | 18 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार का लियाम बो दयाल | 28 | 26 | 5 | 0 |
| तिलक का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 56 | 29 | 4 | 4 |
| पंड्या का लियाम बो हेजलवुड | 42 | 15 | 3 | 4 |
| नमन धीर का दयाल बो क्रुणाल | 11 | 06 | 1 | 1 |
| सेंटनर का डेविड बो क्रुणाल | 08 | 04 | 0 | 1 |
| दीपक का डेविड बो क्रुणाल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 209/9
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-48-1, यश दयाल 4-0-46-2, हेजलवुड 4-0-37-2, सुयश 4-0-33-0, क्रुणाल 4-0-45-4.

## कार दुर्घटना से उबरने में नेहरा ने की काफी मदद

**कोलकाता।** आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भयावह कार दुर्घटना से बचने के बाद आशीष नेहरा के मार्गदर्शन और प्रभाव को स्वीकार करते हुए सोमवार को कहा कि पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज की 'खुश रहने' की सलाह ने मुश्किल दौर में उनकी काफी मदद की। पंत 30 दिसंबर, 2022 की रात को दिल्ली-देहरादून मार्ग पर दुर्घटना का शिकार हुए थे। उनकी कार में आग लग गई थी। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे।



इससे उबरने के लिए उन्हें कई सर्जरी की जरूरत पड़ी थी। पंत ने यहां सीआईआई पूर्वी क्षेत्र के 'इंटरैक्टिव सत्र' - 'इंडिया@100: लीडरशिप इनसाइट फ्रॉम द स्पोर्ट्स इकोनॉमी' के दौरान कहा, 'मुझे आशीष नेहरा की एक सलाह से काफी फायदा हुआ था। वह मेरे क्लब के सीनियर भी हैं। वह मेरे पास आये, मुझे देखा और उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे बहुत चोटें लगी हैं। मैं बस एक चीज कर सकता हूं और वह है खुद को खुश रखना।

### ब्रूक इंग्लैंड वनडे और टी20 टीम के कप्तान



**लंदन।** जोस बटलर के पिछले महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन को देखते हुए कप्तानी छोड़ने के बाद हैरी ब्रूक को सोमवार को देश की सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। ब्रूक को पिछले साल की आईपीएल नीलामी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स ने अनुबंधित किया था लेकिन इंग्लैंड के अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वह आईपीएल 2025 से हट गए थे और बाद में उन पर लीग में खेलने से दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। 26 वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण के बाद से इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं।

फुटबॉल

## मेसी के गोल से इंटर मियामी ने टोरंटो को बराबरी पर रोका



एजेंसी ▶▶ फोर्ट लॉडरडेल

स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर के चार मैच में तीसरी बार गोल किया जिससे इंटर मियामी ने रविवार को यहां टोरंटो एफसी को 1-1 से ड्रॉ पर रोका।

इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेसी का यह सभी प्रतियोगिताओं में 40वां गोल है जो फ्रेंचाइजी की ओर से रिकॉर्ड है। मेसी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा। मेसी के गोल से तीन मिनट पहले फेडेरिको बर्नारडेची ने टोरंटो की टीम को बढ़त दिलाई थी।

इंटर मियामी की टीम छह मैच में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि कोलंबस की टीम ने 15 अंक के साथ शीर्ष पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। कोलंबस ने हालांकि इंटर मियामी से एक मैच अधिक खेला है।

## लिवरपूल हारा, साउथम्पटन का निचली लीग में खिसकना तय

**मैनचेस्टर।** खिताब की दौड़ में सबसे आगे चल रहे लिवरपूल को रविवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में फुलहम के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ साउथम्पटन की टीम टोटेनहैमन के खिलाफ



1-3 की हार के साथ इंग्लैंड की शीर्ष लीग से रेलीगेट होने वाली पहली टीम बनी। अन्य मुकाबलों में मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी का मैच ओल्ड ट्रैफर्ड में गोल रहित ड्रॉ रहा जबकि चेल्सी और ब्रेंटफोर्ड ने भी गोल रहित ड्रॉ खेला। लिवरपूल की हार का मतलब है कि टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल पर 14 अंक की बढ़त बनाने और रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले 20वें ईपीएल खिताब के करीब पहुंचने का मौका गंवा दिया। लिवरपूल की टीम 31 मैच में 73 अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल के इतने ही मैच में 62 अंक हैं। साउथम्पटन की टीम 31 मैच में सिर्फ 10 अंक के साथ 20 टीम की तालिका में अंतिम स्थान पर है।

### खेल के तीनों विभागों में बड़े सुधार की जरूरत

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि आईपीएल में उनकी लगातार चौथी हार खेल के तीनों विभागों में खराब प्रदर्शन के कारण हुई और अगर



उन्हें हार से उबरना है तो इसमें सुधार करना होगा। पिछले साल बेहद आक्रामक खेल दिखाकर फाइनल में जगह बनाने वाली सनराइजर्स की टीम मौजूदा सत्र में आक्रामक फॉर्म बरकरार नहीं रख पाई है। टीम के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है।

## लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में मुख्य आकर्षण होंगे जोकोविच

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

। महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे।



चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, 'लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है।' महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलावा महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

### अयूब और फखर जमां वापसी के लिए तैयार

**कराची।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज सईम अयूब और फखर जमां चोटों से उबरने के बाद पाकिस्तान सुपर लीग में वापसी करने के लिए तैयार हैं।



चोटिल होने के कारण ये दोनों खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने पुष्टि की कि इन दोनों बल्लेबाजों को बोर्ड के मेडिकल पैनल ने 11 अप्रैल से शुरू होने वाले पीएसएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटने के लिए मंजूरी दे दी है। सईम ने जनवरी की शुरुआत से ही कोई मैच नहीं खेला है।

फ्रांसिसको और अलेजांद्रो को 6-3, 7-5 से हराया

# बोपन्ना की बड़ी उपलब्धि, 45 की उम्र में जीता एटीपी मास्टर्स मैच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।

45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया। बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6-3, 6-2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।



### खराब फॉर्म में गुजर रहे हैं बोपन्ना

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्ग्स के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।

**देशभर में आज से लागू हो जाएंगे बढ़े हुए दाम**

# गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से लगा महंगाई में तड़का, गृहणियां नाराज

## घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़ने के बाद राजधानी में मिलेगा 858 रुपए में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार ने घरेलू सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़ा दी है। नए रेट 8 अप्रैल से लागू होंगे। इससे प्रदेश में भी घरेलू गैस महंगी हो जाएगी। जिससे भोपाल में 858 रुपए, इंदौर में 881 रुपए, ग्वालियर में 936 रुपए, जबलपुर में 859 रुपए और उज्जैन में 912 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी को लेकर हरिभूमि ने आम महिलाओं से सिलेंडर के बढ़े हुए दामों पर चर्चा की, जिसे महिलाओं ने महंगाई को बढ़ावा देना बताया। दरअसल, सोमवार 7 अप्रैल को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गैस सिलेंडर के रेट बढ़ने संबंधित जानकारी दी।

*हरिभूमि ने राजधानी की महिलाओं से की चर्चा*



### अब गैस के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ेगा

रसोई गैस की कीमत बढ़ाए जाने की जानकारी सोशल मीडिया पर देखने को मिली। इससे घर का बजट गड़बड़ा जाएगा। अभी करीब 810 का सिलेंडर आता था। 50 रुपए बढ़ाए जाने से अब 860 का मिलेगा। एलपीजी गैस के दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ जाएगा। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे थे। सरकार को गैस के सिलेंडर के दाम कम करने चाहिए। पहले ही सब्जी खाद्य तेल व अन्य सामनों के बढ़ते दामों व महंगाई ने कमर तोड़कर रखी है। सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

अनिता खरे, गृहणी

### किचन का बजट तो बिगड़ेगा ही, खपत तो कम होगी नहीं..

घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़े हैं। यह ठीक नहीं है। इससे पहले भी सरकार ने कीमतें बढ़ाई थीं, लेकिन थोड़े पैसे कम कर दिए थे। अब फिर से 50 रुपए एक साथ बढ़ा दिए हैं, तो किचन का बजट तो बिगड़ेगा ही। रही बात खपत की तो खपत में कमी नहीं होने वाली। हमारे यहां हर महीने कम से कम एक सिलेंडर खर्च होता है, तो वह तो होना ही है। 50 रुपए एक साथ नहीं बढ़ाने चाहिए थे।

रेखा विश्वकर्मा, अयोध्यानगर, भोपाल

### महंगाई पर अंकुश लगे

सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम एक बार फिर 50 रुपये बढ़ा दिए हैं। इससे महिलाओं में काफी गुस्सा है। रसोई गैस के दाम बढ़ने से रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ जाएगा। राशन व तेल के जहां पहले ही दाम आसमान छू रहे हैं, अब रसोई गैस के दाम बढ़ने से और मुश्किल हो गई है।

अनीता, गृहणी

### बिगड़ा रसोई का बजट

सिलेंडर पर सब्सिडी तो पहले ही खत्म कर दी थी। अब रसोई गैस के दाम पर एकदम पचास रुपए बढ़ाए गए हैं। महंगाई पर अंकुश लगना चाहिए। इससे रसोई का बजट बिगड़ गया है।

नेहा , गृहणी

### जनता को राहत दी जाए

लगातार महंगाई बढ़ रही है। पहले से ही गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे थे। अब फिर सिलेंडर के दामों में 50 रुपये की बढोत्तरी कर दी गई है। इससे आम आदमी की जेब पर भार बढ़ेगा। सरकार को चाहिए कि इस पर विचार किया जाए और जनता को राहत दी जाए।

अमिता कौरव, गृहणी

---

### अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण पर बोले राज्यपाल

# 100 आरोपी छूट जाएं, लेकिन एक निर्दोष को सजा न हो के सिद्धांत पर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभियोजन अधिकारियों को 100 आरोपी छूट जाय लेकिन एक को सजा न हो इस सिद्धांत पर कार्य करना चाहिए। वहीं निष्ठा और धैर्य के साथ न्यायसंगत दलील देना लोक अभियोजक का दायित्व है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी (सीएपीटी) भोपाल में आयोजित सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों के प्रशिक्षण के समापन समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि तथ्य ही सत्य है। तथ्यों पर आधारित दलील का कानून स्वाभाविक रूप से साथ देता है। उन्होंने कहा कि क्षमताओं को विकसित कर विभाग को और अधिक ऊँचाइयों पर पहुंचाने की चुनौती में प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान तथा अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन सहयोगी होगा।

**केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में पहुंचे राज्यपाल**



### इन्होंने भी किया संबोधित

लोकायुक्त न्यायमूर्ति सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि लोक शांति राज्य का दायित्व है। लोक शांति के लिए अपराधिक न्याय प्रणाली का मजबूत होना आभारभूत आवश्यकता है। इस कार्य में लोक अभियोजकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे न्याय को सुनिश्चित करने के लिए अभियोजन अधिकारी के विहित दायित्वों का निर्वहन जितनी कुशलता और निष्ठा से करेंगे, परिणाम उतने ही अच्छे मिलेंगे। अपर मुख्य सचिव गृह जे. एन. कंसोटिया ने कहा कि नए विचारों और ऊर्जा के साथ सहायक लोक अभियोजक कार्य को नौकरी की तरह नहीं, सेवा के रुप में करें। उन्होंने न्याय व्यवस्था में लोक अभियोजकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला और शुभकामनाएं दी। केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी निदेशक अनिल किशोर यादव ने अकादमी की स्थापना, प्रशिक्षण व्यवस्था और कार्यक्रमों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि नवीन कानूनों को लागू होने के 40 घंटों में ही अकादमी में प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया था। नए कानून में लोक अभियोजकों की भूमिका काफी मजबूत हो गई है।

राज्यपाल ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का वो स्तम्भ है, जिस पर नागरिकों की गहरी आस्था है। वह उसे सबसे अधिक आदर भाव से देखते हैं। न्याय व्यवस्था में अभियोजन अधिकारियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, बहुआयामी है। उनकी जिम्मेदारी पीड़ितों के लिए मुकदमा चलाने तक सीमित नहीं है। कोर्ट के समक्ष सबूत पेश कर दोषी को सजा और पीड़ित को न्याय दिलाना है। अभियोजन अधिकारी के रूप में अपराध नियंत्रण में पुलिस की जांच में गुणवत्ता लाने, शासकीय विभागों को कानूनी सलाह देने, प्रकरणों में अपील करवाने और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि अभियोजन अधिकारी के रूप में उनके पास वंचित, गरीब और पीड़ित व्यक्ति अत्याचार, अनाचार के खिलाफ न्याय के उसके संघर्ष का रक्षक मानकर आएगा।

# 7 दिवसीय राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के तत्वावधान में राजधानी के अरेरा कॉलोनी स्थित बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में सोमवार को मां भगवती की आराधना एवं गणेश वंदना के साथ 7 दिवसीय राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव मेले का शुभारंभ हुआ। मेले में अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पोरवाल ने कहा कि सरकार की वोकल फ़ॉर लोकल की अवधारणा पर किए जा रहे विभिन्न कार्यों के आधार पर इस मेले का शुभारंभ किया गया है। मेले में गृह, लघु, स्टार्टअप, एमएसएमई, हस्तशिल्प, हथकरघा, गृहसज्जा, ए.आई. टेक्नॉलॉजी, साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, कम्यूनिकेशन, मशीनरी, कटलरी, क्राकरी, ब्यूटी पार्लर, ज्वेलरी, किराना एवं जनरल सामग्री, जैविक या प्राकृतिक उत्पाद, कपड़े, रेडिमेट गारमेंट्स, होजयरी, बुटीक, जूते-चप्पल, ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, साहित्य, साड़ी, सौंदर्य प्रसाधन, जनरल स्टोर्स, खिलौने, शैक्षणिक, बैकरी मेकिंग, फर्नीचर, ऑटोमोबाईल, स्पोर्टस, शेयर ब्रोकर, बीमा, एग्रीकल्चर, रियल स्टेट, प्रापर्टी ब्रोकर एवं फूड जोन के स्टॉल लगाए जाएंगे।



### स्वदेशी जागरण मंच की आपत्ति के बीच अचानक सीएम का आना टला

इधर, स्वदेशी जागरण मंच ने इस मेले पर आपत्ति जताते हुए भाजपा के संगठन मंत्री हितानंद समेत अनेक नेताओं से मुलाकात कर इस आयोजन को स्वदेशी के नाम का अनुचित इस्तेमाल बताया। इसी बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यहां आना निरस्त हो गया। हालांकि आयोजनकर्ताओं की ओर से मुख्यमंत्री के न पहुंचने पर कहा गया कि मेला सात दिन तक चलेगा, इसलिए वे आगामी दो से तीन दिन में यहां पहुंचेंगे और मेले का अवलोकन करेंगे।

**वास्तविक आय और व्यय को छिपाकर रिटर्न फाइल करने वाले होंगे**

# टैक्स चोरी रोकने अब आईटी की सोशल मीडिया पर कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईटी डिपार्टमेंट ने अब टैक्स चोरी करने वालों की धरपकड़ के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। इसके लिए सोशल मीडिया में सक्रिय लोगों के एकाउंट की निगरानी शुरू कर दी गई है।
कई बार लोग अपने एकाउंट पर लग्जरी लाइफ से जुड़े फोटो शेयर करते है ऐसे लोग आईटी के राडार पर आ सकते हैं। यह इसलिए क्योंकि टैक्स चोरी पकड़ने अब आयकर विभाग इनकम टैक्स रिटर्न के साथ ही टैक्स पेयर्स के सोशल मीडिया अकाउंटस की भी निगरानी कर रहा है। आयकर विभाग ने नए वित्त वर्ष में करदाताओं के खातों के साथ ही सोशल मीडिया अकाउंट और ईमेल की जांच इस लिए भी कर सकती है क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए नए आयकर अधिनियम में विभाग को ऑनलाइन एक्सेस करने की अनुमति मिल गई है। ऐसे में आय और खर्च में अंतर मिलने पर संबंधित टैक्स पेयर को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा सकती ह। आयकर विभाग की जानकारी में यह भी आया है कि कई लोग विदेशों में घूमने सहित लग्जरी उपकरणों की फोटो सोशल मीडिया पर डाल रहे है लेकिन उनके आयकर रिटर्न भरने का ग्राफ काफी कम है। अब आयकर विभाग टैक्स पेयर्स से इनकी लग्जरी लाइफ का सोर्स पूछ सकता है।

### 14 नवंबर से शुरू होगा चार दिनी आलमी तब्लीगी इज्तिमा

**भोपाल।** इस बार होने वाले आलमी तब्लीगी को लेकर तारीख का ऐलान कर दिया गया है। जिसके तहत 14 नवंबर से इज्तिमा का आगाज होगा। जबकि 17 नवंबर को इज्तिमाई दुआ के साथ इज्तिमा का समापन किया जाएगा। इज्तिमा कमेटी के मीडिया कॉरडिनेटर उमर हफीज ने बताया कि तारीख का ऐलान कर दिया गया है। जिसके तहत प्लॉन बनाकर काम किया जाएगा।

# टमाटर से भरा ट्रक पेड़ से टकराया, पुलिस ने बॉडी काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला

## करोंद सब्जी मंडी जाते वक्त रापड़िया के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के टमाटर से भरा एक आयशर ट्रक पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक ड्रायवर ट्रक में फंस गया था, जिस पुलिस ने बॉडी काटकर बाहर निकलवाया। हालांकि ड्राइवर पूरी तरह से सुरक्षित बच गया, जबकि ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। इटारसी स्थित न्यास कालोनी, गौशाला के पास रहने वाला भूपेंद्र मालवीय रविवार देर रात वह होशंगाबाद से आयशर में टमाटर भरकर करोंद सब्जी मंडी के लिए रवाना हुआ था। तड़के करीब तीन बजे वह सब्जी मंडी जा रहा था। कटारा हिल्स स्थित रापडिय़ा मेन रोड पर उसका ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जाकर टकरा गया।



### पुलिस ने बचाई ड्रायवर की जान

मार्ग से निकल रहे राहगीरों ने एक्सीडेंट की जानकारी पुलिस को दी। संभागीय गश्त कर रहे मिसरोद एएसआई सुभाष त्यागी, बागसेवनिया थाने की एफआरवी पर तैनात एएसआई कमलेश और कटारा हिल्स थाने की एफआरवी पर तैनात आरक्षक अभिषेक परिहार मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मचारियों ने ट्रक ड्रायवर को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। उसके बाद पुलिस ने एफआरवी पर मौजूद औजारों की मदद से ट्रक की बॉडी को काटा और दूसरे ट्रक ड्राइवरों की मदद से चालक को बाहर निकाला। ट्रक चालक भूपेंद्र को गंभीर चोट नहीं आई थी, लेकिन काफी देर तक अंदर फंसे होने के कारण वह बुरी तरह से घबरा गया था। -

**दो दिवसीय कार्यशाला का प्रमुख सचिव ने किया शुभारंभ**

# अधिकारियों को अपने अधिकारों की जानकारियां होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रमुख सचिव जनजाति गुलशन बामरा ने कहा कि अधिकारियों को अपने अधिकारों के साथ अपने से वरिष्ठ अधिकारी के अधिकारों की भी जानकारियां होना चाहिए। हमें अपने दृष्टिकोण को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय विभाग अन्य विभाग की तुलना में बड़ा विभाग होने के साथ शिकायतों की संख्या भी ज्यादा होती है। आपको इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

प्रमुख सचिव बामरा सोमवार को प्रशासन अकादमी में जिला स्तरीय अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ पर कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के 22 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 16 प्रतिशत लोग निवास करते हैं। हमारी जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, जब प्रदेश की कुल जनसंख्या के एक तिहाई से अधिक लोगों के विकास और उन्नति का दायित्व हमें सौंपा गया हो। इस अवसर पर आयुक्त श्रीमन शुक्ल एवं आयुक्त वंदना वैद्य भी उपस्थित थीं।

### गोपनीय चरित्रावली पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं के निराकरण

संभागीय आयुक्त, सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य एवं अधिसूचना जाति कल्याण विभाग की दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला में विभागीय प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिन प्रमुख सचिव बामरा ने अधिकारियों से उनके स्थापना संबंधी दैनंदिनी कार्य, जिसमें शासकीय सेवा में अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशासन संबंधी कार्य जिसमें नियुक्ति, पदस्थापना, अनुकंपा नियुक्ति, गोपनीय चरित्रावली पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं के निराकरण पर अधिकारियों से सवाल जबाव भी किए। उन्होंने कहा कि हमें अपने दृष्टिकोण को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए। जनजातीय विभाग अन्य विभाग की तुलना में बड़ा विभाग होने के साथ शिकायतों की संख्या भी ज्यादा होती है।

## स्थानीय खेल समाचार

**मप्र हॉकी अकादमी ग्वालियर टीम को मिला 3 लाख का इनाम**

# तीसरी अस्मिता हॉकी महिला सब-जूनियर लीग में महिला हॉकी टीम बनी उप विजेता

## दिल्ली में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीसरी अस्मिता हॉकी महिला सब-जूनियर लीग 2025 का आयोजन दिल्ली में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक किया गया। इस फाइनल लीग में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी, ग्वालियर की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।
इस फाइनल फेस में म.प्र राज्य महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर की टीम को तीन लाख रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर भारतीय खेल प्राधिकरण शक्ति की टीम रही। जिससे खिलाड़ियों में उत्साह रहा।




### प्रदेश के खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

तीसरी अस्मिता हॉकी महिला सब-जूनियर लीग 2025 के फाइनल फेस में उपविजेता रही म.प्र.खेल महिला हॉकी अकादमी, ग्वालियर की टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी है।

### मप्र की टीम का फाइनल तक का ऐसा रहा सफर

म.प्र राज्य महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर की टीम ने 30 मार्च को पहले मुकाबले में प्रितम स्विच ने म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर को स्कोर 4-0 से परास्त किया। वहीं 31 मार्च को द्वितीय मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण ने म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर को स्कोर 3-1 से किया परास्त। इसके साथ ही 2 अप्रैल को तीसरे मुकाबले में नवल टाटा ओडीसा ने मप्र हॉकी अकादमी, ग्वालियर को स्कोर 2-1 से परास्त कर दिया। इसके बाद 3 अप्रैल को चौथे मुकाबले में अनंतपुर ने म.प्र. हॉकी अकादमी ग्वालियर को स्कोर 10-1 से परास्त किया। फिर 5 अप्रैल को पांचवें मुकाबले में म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर ने भारतीय खेल प्राधिकरण शक्ति को स्कोर 2-1 से परास्त किया। अंतत. 6 अप्रैल को छठवें मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण शक्ति ने म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर को स्कोर 2-1 से परास्त कर दिया।

**एलएनसीटी विश्वविद्यालय मे ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल का भव्य शुभारंभ**

# जेजेटीयू, एलएनसीटी, श्रीधर यूनिवर्सिटी की जीत से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान मे एलएनसीटी एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल में एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में खेली जा रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 का भव्य शुभारंभ डॉ. अनुपम चौकसे अध्यक्ष ड्रॉप रोबॉल संघ मप्र के द्वारा ईश्वर सिंह आर्य संस्थापक ड्रॉप रोबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, पंकज जैन सचिव ड्रॉप रोबॉल संघ मध्य प्रदेश, मृत्युंजय शर्मा टेक्निकल डायरेक्टर, ईश्वर सिंह पंघाल टेक्निकल डायरेक्टर, डॉ नागेंद्र शर्मा, लक्ष्मण राठौर की उपस्थिति में किया गया। 6 से 9 अप्रैल तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 36 विश्वविद्यालयो के 400 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें आरजीपीवी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, कलिंगा यूनिवर्सिटी, संदीप यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ़ कोटा, यूनिवर्सिटी ऑफ़ कालीकट, सनराइज यूनिवर्सिटी, जेजेटीयू, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, संगम यूनिवर्सिटी, कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल इत्यादि यूनिवर्सिटी सम्मिलित हैं।



**ओल्ड कैंपियन ग्राउंउ पर चल रहा केमिस्ट**

# लाइफ सेवर 11 ने जीता पहला मैच, धीरज की हैट्रिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में चार दिनी केमिस्ट प्रीमियर लीग क्रिकेट (सीपीएल) चल रहा है। टूर्नामेंट के तीसरे दिन सोमवार को शहर और आसपास के जिलों के केमिस्ट चौके-छक्के लगाते नजर आए। शाम 6 बजे से पहला मैच लाइव सेवर 11 और क्रिकेट सुपरस्टार के बीच खेला गया, जिसमें लाइफ सेवर 11 ने टॉस जीतकर बेटिंग लेने का फैसला किया। लाइफ सेवर 11 ने क्रिकेट सुपर स्टार को 107 रन का लक्ष्य दिया। इस मैच में लाइफ सेवर 11 ने 30 रन से जीत अर्जित की। वहीं मैन ऑफ द मैच धीरज यादव को दिया गया जिन्होंने 7 रन देकर 4 विकेट झटके। इसके साथ ही धीरज ने अपनी पहली हैट्रिक भी जमाई, जिसके लिए धीरज को भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन ने बधाई दी। वहीं दूसरा मैच फार्मा हाउस केमिस्ट सुपर किंग और केमिस्ट सुपर किंग के बीच खेला गया, जिसमें फार्मा हाउस केमिस्ट सुपर किंग ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया। केमिस्ट सुपर किंग ने 84 रन का टारगेट दिया। इस मैच में फार्मा हाउस केमिस्ट सुपर किंग ने जीत अर्जित की। मैन ऑफ द मैच पंकज जैन रहे। इसके साथ ही तीसरा मैच जेनेरिक सुपर किंग और क्रिकेट सुपरस्टार टॉस के बीच खेला गया, जिसमें जेनेरिक सुपर किंग ने टॉस जीतकर फील्डिंग का फैसला लिया। क्रिकेट सुपरस्टार ने 81 रन का लक्ष्य दिया, जिसे जेनेरिक सुपर किंग ने 7 ओवर में हासिल कर लिया और इस मैच में जेनेरिक सुपर किंग ने जीत अर्जित करने के साथ ही सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। मैन ऑफ द मैच मोहन सक्सेना रहे। उन्होंने 19 बाल में 56 रन बनाए।



### रग्बी में देवास को दो, रायसेन नर्मदापुरम को एक-एक खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में दूधिया रोशनी में आयोजित 6वी जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय रग्बी 7एस (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हो गया। तीन दिवसीय इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 15 जिलों के 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें सीनियर पुरुष वर्ग मे देवास प्रथम, भोपाल द्वितीय एवं रायसेन तृतीय स्थान पर रही। वहीं सीनियर महिला वर्ग मे नर्मदापुरम प्रथम, इंदौर द्वितीय एंव बैतूल तीसरे स्थान पर रही। इसके साथ ही जूनियर बालक वर्ग में देवास कॉरपोरेशन प्रथम, देवास जिला द्वितीय एंव इंदौर तृतीय स्थान पर रही। जूनियर बालिका वर्ग मे रायसेन प्रथम, शाजापुर द्वितीय, एंव सीहोर तृतीय स्थान पर रही।

**23 अप्रैल से गुवाहाटी में हिस्सा लेंगे चयनित खिलाड़ी:** प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, अबरार अहमद शेख महासचिव रग्बी फुटबाल एसोसिएशन मध्य प्रदेश, पंकज जैन कोषाध्यक्ष रग्बी फुटबाल एसोसिएशन मप्र, संदीप जाधव टेक्निकल डायरेक्टर द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम के खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के रैफरियों, फिजियो एवं सभी जिलों से आए पदाधिकारियो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी प्री नेशनल कैम्प में अपने खेल को निखारेंगे एवं 23 अप्रैल से गुवाहाटी (असम) में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930